✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 220 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 6 जनवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com


दुमका के बाबा बासुकीनाथ मंदिर में सपरिवार पूजा करते मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार




# बिहार के विकास में सुशील मोदी का महत्वपूर्ण योगदान : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री पद्मभूषण सुशील कुमार मोदी की जयंती पर सोमवार को श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में सुशील कुमार मोदी स्मृति शोध संस्थान द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार के विकास में सुशील मोदी का महत्वपूर्ण योगदान है। एक सहयोगी के रूप में उन्होंने बेहतर भूमिका निभायी। इस दौरान बीजेपी नेताओं ने कहा कि 'जंगलराज' के दौर में सुशील मोदी ने बिहार में 'चौकीदार' की भूमिका निभाई और राज्य की राजनीति को नई दिशा



प्रदान की। पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव ने सुशील मोदी के साथ अपने पुराने रिश्ते को याद करते हुए उन्हें एक जुझारू नेता बताया। उन्होंने कहा कि बीजेपी को 'सर्व समाज की पार्टी' बनाने में सुशील मोदी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कभी अपने विचारों से समझौता नहीं किया। जयंती समारोह में सुशील मोदी की पत्नी जेसी मोदी भावुक हो गईं। उन्होंने सुशील मोदी की यादों और उनके कार्यकाल को साझा करते हुए बताया कि वे समय के बेहद पाबंद थे और बीजेपी कार्यकर्ताओं का हमेशा सम्मान करते थे। पार्टी को मजबूत करना उनका प्रमुख उद्देश्य था। जेसी मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार का 'मिशन' और सुशील मोदी के 'विचार' बिहार के विकास की नींव बने। सुशील मोदी की प्राथमिकता में हमेशा बिहार रहा, जहां उन्होंने शिक्षा, सड़क, विकास और युवाओं के भविष्य के लिए जुझारू तरीके से काम किया। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सुशील मोदी को एक निर्भीक व्यक्तित्व बताया। उन्होंने कहा कि सुशील मोदी ने स्कूटर से चलकर विधायक तक का सफर तय किया। गिरिराज सिंह के अनुसार कर्पूरी ठाकुर के बाद बिहार की राजनीति में यदि किसी नेता का नाम लिया जाएगा तो वह सुशील मोदी हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि उन्होंने पहली बार आंदोलन के समय सुशील मोदी के साथ विधानसभा के पास लाठी खाई थी। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद को उनके घोटाले की सजा दिलाने में सुशील मोदी की अहम भूमिका रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बिहार की सामाजिक समरसता पर विचार-विमर्श सुशील मोदी से (शेष पृष्ठ 11 पर)



# पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व. सुशील कुमार मोदी की प्रतिमा का अनावरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज राजेन्द्र नगर स्थित सुशील मोदी स्मृति पार्क में पूर्व उप मुख्यमंत्री पद्मभूषण स्व. सुशील कुमार मोदी की जयंती समारोह में शामिल हुये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्व. सुशील कुमार मोदी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया और पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डे, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय कुमार सिंह, सहकारिता मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार, सांसद रविशंकर प्रसाद, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, विधायक प्रमोद कुमार, विधायक संजीव चौरसिया, विधायक संजय गुप्ता, विधायक रत्नेश कुशवाहा, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, स्व. सुशील कुमार मोदी की धर्मपत्नी जेसी जॉर्ज, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, पूर्व विधायक अरूण कुमार सिन्हा, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा, अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्ति तथा राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार डीपीएड के लिए नामांकन शुरू

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने डिप्लोमा इन फिजिकल एजुकेशन 2025-27 प्रशिक्षण सत्र के लिए ऑनलाइन नामांकन और शुल्क जमा करने का कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह प्रक्रिया समिति द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरी तरह ऑनलाइन मोड में की जाएगी। जारी सूचना के अनुसार यह व्यवस्था केवल उन छात्रों पर लागू होगी, जो बिहार बोर्ड से संबद्ध और मान्यता प्राप्त संस्थानों में वैध रूप से नामांकित हैं।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 24 को समस्तीपुर आएंगे

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती के अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 24 जनवरी को समस्तीपुर पहुंचेंगे। वे जननायक कर्पूरी ठाकुर के पैतृक गांव कर्पूरीग्राम आने वाले हैं। इसे लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिलाधिकारी के नेतृत्व में समाहरणालय में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने तैयारियों की समीक्षा की।

### बागमती एक्सप्रेस में फर्जी टीटीई गिरफ्तार

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** समस्तीपुर-बरौनी रेल खंड में बागमती एक्सप्रेस में टिकट जांच के नाम पर यात्रियों से अवैध वसूली करने वाले एक फर्जी टीटीई को यात्रियों की मदद से पकड़ लिया गया। यह घटना ट्रेन में यात्रा कर रहे लोगों के लिए एक चेतावनी के रूप में सामने आई है। पकड़े गए फर्जी टीटीई की पहचान बेगूसराय जिले के तेघड़ा थाना क्षेत्र निवासी हर्षवर्धन भारद्वाज उर्फ चुलबुल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार आरोपी बागमती एक्सप्रेस में यात्रा कर रहा था और इसी दौरान उसने 8 से 10 यात्रियों से टिकट जांच के बहाने रुपये वसूल लिए।

# बिहार में छह लाख 58 हजार करोड़ की परियोजनाओं पर चल रहा काम : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विकसित बिहार के लिए राज्य में अभी छह लाख 58 हजार करोड़ की 170 राष्ट्रीय परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इनमें से एक लाख 28 हजार करोड़ की 60 परियोजनाएं पूरी कर जनता को समर्पित की जा चुकी हैं, जबकि 5.30 लाख करोड़ की लागत से 110 परियोजनाएं विभिन्न चरणों में निर्माणाधीन हैं। इनमें सड़क एवं राजमार्ग क्षेत्र की सबसे अधिक परियोजनाएं हैं। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को पांच देशरत्न मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। श्री चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने हाल ही में देशभर के मुख्य सचिवों के साथ प्रगति के माध्यम से बैठक कर 85 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की समीक्षा की। बिहार की 41 प्रमुख परियोजनाएं भी प्रधानमंत्री की प्रगति प्रणाली के अंतर्गत समीक्षा में हैं। इन परियोजनाओं में कुल 2.13 लाख करोड़ रुपये का



निवेश शामिल है। इनमें से 12 परियोजनाएं, जिनकी लागत 51,833 करोड़ रुपये है, पूरी हो चुकी हैं, जबकि शेष 29 परियोजनाएं 1.62 लाख करोड़ रुपये की लागत से तेज़ी से प्रगति पर हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार जैसे गरीब राज्य को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र से लगातार मदद मिल रही है, इसके लिए हमसब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आभारी हैं। केंद्र सरकार की योजनाएं केवल कागजों तक सीमित नहीं हैं बल्कि धरातल पर उतरकर तेजी से परिणाम दे रही हैं। परियोजनाओं की संख्या के लिहाज से सड़क एवं राजमार्ग क्षेत्र सबसे बड़ा है, जिसमें कुल 72 परियोजनाएं शामिल हैं। वहीं रेलवे क्षेत्र में 38 परियोजनाएं चल रही हैं, जो बिहार को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से और अधिक मजबूती से जोड़ रही हैं। इसके अलावा बिजली, तेल एवं गैस, दूरसंचार, शहरी अवसंरचना और जलमार्ग क्षेत्रों में भी बड़े पैमाने पर निवेश किया जा रहा है। सम्राट चौधरी ने बताया कि प्रगति प्रणाली के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हुआ है। परियोजनाओं से जुड़े कुल 266 मुद्दों की पहचान की गई थी, जिनमें से 255 का समाधान कर लिया गया है। इससे बिहार को लगभग 96 प्रतिशत (शेष पृष्ठ 11 पर)

# बिहार में 30 हजार शिक्षकों की नियुक्ति का रास्ता साफ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** चौथे चरण की शिक्षकों की नियुक्तियों को लेकर रोस्टर क्लियरेंस का कार्य पूरा हो चुका है। सभी 38 जिलों से प्राप्त रिक्तियों को लेकर एक प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। करीब 30 हजार पदों पर नियुक्ति संबंधी अधियाचना बिहार लोक सेवा आयोग को 14 जनवरी के बाद भेजी जाएगी। इसे लेकर सोमवार को शिक्षा विभाग के मदन मोहन झा सभागार में सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें रिक्तियों को अंतिम रूप देने का निर्णय लिया गया। बैठक में शामिल माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के एक अधिकारी ने बताया कि सभी जिलों से शिक्षकों के खाली पदों की रिक्तियां आ गई हैं। अभी जिलेवार रिक्तियों का आकलन किया जा रहा है। कई जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी और स्थापना



के जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों ने रोस्टर क्लियरेंस की जानकारी शेयर की है। नियुक्ति के लिए सभी जिलों से आए रोस्टर क्लियरेंस रिपोर्ट को सामान्य प्रशासन विभाग को भेजा गया था। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसकी समीक्षा की तो उसमें विसंगतियां मिलीं। उन्हीं विसंगतियों को बैठक में पदाधिकारियों के समक्ष समक्ष रखा गया। कई जिलों के रोस्टर क्लियरेंस सही कराए। कई जिलों को सुधारने का समय भी दिया गया।

# एसटेट में 2.56 लाख अभ्यर्थी पास

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने सोमवार को राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा 2025 का रिजल्ट जारी कर दिया है। पेपर-1 और पेपर-2 मिलाकर कुल 4.42 लाख अभ्यर्थियों ने एग्जाम दिए थे, जिसमें 2.56 लाख अभ्यर्थी पास हुए हैं। एसटेट 2025 की परीक्षा पेपर-1 और पेपर-2 मिलाकर दो चरणों में हुई थी। पेपर 1 में क्लास 9 से 10 के लिए 2.46 लाख कैंडिडेट परीक्षा में शामिल हुए जिसमें से 1.54 लाख अभ्यर्थी पास हुए हैं। पेपर-1 का रिजल्ट 62 प्रतिशत है। वहीं पेपर 2 में क्लास 11 और 12 के लिए 1.95 लाख (शेष पृष्ठ 11 पर)

# एनएचएआई के तत्कालीन डीजीएम की संपत्ति जब्त

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में एक भ्रष्ट अफसर के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी पटना जोनल कार्यालय ने एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) बिहार के तत्कालीन उप महाप्रबंधक (डीजीएम) प्रभांशु शेखर की भ्रष्टाचार से अर्जित लगभग 2.85 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। यह संपत्तियां डीजीएम ने अपने और अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर अर्जित की थी। इनमें बिहार और दिल्ली में फ्लैट व जमीन से लेकर चल संपत्तियां बैंक बैलेंस, सोने और चांदी के आभूषण और बीमा पॉलिसियों में निवेश आदि शामिल है। ईडी की आगे की कार्रवाई जारी है।

# लटकाओ-भटकाओ वाला रवैया अब नहीं चलेगा : विजय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने सोमवार को भागलपुर में जनता दरबार लगाकर जमीन से जुड़े मामलों की सुनवाई की। इस दौरान एक शिकायत पर वे काफी नाराज दिखे और संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अब लटकाने-भटकाने का रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस बीच होमगार्ड के चयनित जवानों ने भी नियुक्ति की मांग को लेकर डिप्टी सीएम के सामने हंगामा किया। जनता दरबार में खरीक उस्मानपुर वार्ड नंबर-1 से पहुंचे एक्स आर्मी मैन बिंदेश्वरी मंडल ने अपनी पीड़ा बताई। उन्होंने कहा कि वर्ष 2008 में उनके नाना का निधन हो गया था। इसके बाद नाना के भाई के बेटे अशोक मंडल, बौकू मंडल, शत्रुघ्न मंडल और मोहन मंडल उनकी साढ़े तीन डिसमिल आवासीय जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। आरोप है कि जब भी वे म्यूटेशन कराने की कोशिश करते हैं तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी जाती है। बिंदेश्वरी मंडल ने बताया कि वे पिछले 25 साल से न्याय के लिए दौड़ रहे हैं। नवगछिया के सीओ प्रवीण कुमार वत्स के पास तीन बार आवेदन लेकर गए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एक बार सीओ के सामने ही आरोपियों ने उन्हें थप्पड़ मार दिया, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस शिकायत पर डिप्टी सीएम विजय सिन्हा भड़क गए। उन्होंने सीओ को 15 दिनों के अंदर मामले का समाधान करने का निर्देश दिया। साथ ही सख्त लहजे में पूछा कि नौकरी में कितने दिन बचे हैं और क्या उन्हें वीआरएस चाहिए। डिप्टी सीएम ने कहा कि सही लोगों की मदद में लापरवाही की गई तो यह बिल्कुल ठीक नहीं होगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि लटकाओ-भटकाओ वाला रवैया अब नहीं चलेगा। कुछ दिन पहले सहरसा में भी भूमि सुधार जन संवाद कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अंचल अधिकारियों और सीओ को सख्त निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा था कि धोखाधड़ी और 420 के मामलों में तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए और हर अंचल से जनवरी में कम से कम दो मामलों में कार्रवाई शुरू की जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 14 तारीख से पहले कार्रवाई जरूरी है ताकि गलत काम करने वालों में डर पैदा हो और आम लोगों को न्याय मिल सके। डिप्टी सीएम ने कहा कि नई सरकार के साथ नई कार्यप्रणाली लागू हो रही है और सभी अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करना होगा। अगर निर्देशों का पालन नहीं हुआ तो कड़ी कार्रवाई तय है।



# उद्यानिकी की ताकत से बढ़ेगी किसानों की कमाई

## टमाटर, मिर्च, लहसुन की कलस्टर खेती से बिहार बनेगा कैश क्रॉप हब : राम कृपाल यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय को तेजी से और स्थायी रूप से बढ़ाने के उद्देश्य से उद्यानिकी आधारित नगदी फसलों (कैश क्रॉप्स) को कृषि विकास की धुरी बना रही है। इसी क्रम में टमाटर, मिर्च एवं लहसुन जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों की क्लस्टर आधारित खेती को प्राथमिकता के साथ बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक पंचायत में 15 एकड़ क्षेत्रफल का एक सुव्यवस्थित क्लस्टर विकसित किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि ये फसलें केवल उत्पादन नहीं, बल्कि नकद आय देने वाली फसलें हैं जिनसे कम समय में अधिक लाभ संभव है। परंपरागत खेती की तुलना में उद्यानिकी फसलों से किसानों को कई गुना अधिक शुद्ध आमदनी प्राप्त होती है। इसी कारण राज्य सरकार कैश क्रॉप्स आधारित कृषि मॉडल को विशेष प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने बताया कि यह योजना प्रधानमंत्री-राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में लागू की गई है तथा यह रैयत एवं गैर-रैयत, दोनों प्रकार के किसानों के लिए समान रूप से उपलब्ध है। बिहार की अनुकूल जलवायु, उपजाऊ भूमि और परिश्रमी किसान इस योजना की सफलता का मजबूत आधार हैं। मंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में बिहार सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि किसान केवल उत्पादक न रहें, बल्कि लाभकारी कृषि के भागीदार बनें। उद्यानिकी एवं कैश क्रॉप्स इसी दिशा में सबसे प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को उन्नत, उच्च उत्पादक एवं जलवायु-अनुकूल बीज, वैज्ञानिक तकनीकी मार्गदर्शन, प्रसंस्करण, भंडारण एवं मार्केटिंग से सीधा जुड़ाव, तथा एफपीओएस के माध्यम से संगठित बाजार पहुंच उपलब्ध कराई जा रही है जिससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर और स्थिर मूल्य मिल सके। मंत्री ने कहा कि पारदर्शी डीबीटी प्रणाली, जियो-टैगिंग एवं नियमित भौतिक सत्यापन के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि योजना का लाभ वास्तविक किसानों तक समय पर पहुंचे। अंत में उन्होंने कहा कि टमाटर, मिर्च एवं लहसुन की क्लस्टर आधारित खेती न केवल लघु एवं सीमांत किसानों की आय बढ़ाएगी, बल्कि बिहार को उद्यानिकी आधारित कैश क्रॉप उत्पादन, अंतर्राज्यीय व्यापार और निर्यात के एक सशक्त केंद्र के रूप में स्थापित करेगी। यह पहल बिहार की खेती को आय, आत्मनिर्भरता और आधुनिकता की नई ऊंचाई पर ले जाने वाली सिद्ध होगी।

# सुशील कुमार मोदी की जयंती पर किसान मोर्चा कार्यालय में श्रद्धांजलि

## सिद्धांत, संघर्ष और संगठन से भाजपा को मजबूती देने वाला नेतृत्व बताया गया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार भाजपा के संगठनात्मक कद के महान नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय सुशील कुमार मोदी की जयंती के अवसर पर किसान मोर्चा कार्यालय, नूतन नगर में उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके राजनीतिक संघर्ष, संगठनात्मक क्षमता और जनहित के प्रति समर्पण को स्मरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान मोर्चा के नेता डॉ. मनीष पंडित मिश्रा ने कहा कि सुशील कुमार मोदी बिहार की राजनीति के ऐसे स्तंभ थे, जिन्होंने सिद्धांत, संघर्ष और संगठन के बल पर भारतीय जनता पार्टी को मजबूती प्रदान की। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव के लगभग पंद्रह वर्षों के शासनकाल में बिहार अराजकता, भ्रष्टाचार और अपराध के दौर से गुजरा, जिसे आम जनता ने जंगल राज के रूप में अनुभव किया। ऐसे कठिन समय में सुशील कुमार मोदी ने निडर होकर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष किया और सड़क से सदन तक जनहित की आवाज बुलंद की। विपक्ष में रहते हुए भी उन्होंने सरकार की नीतियों का तार्किक विरोध किया और जनता को सच से अवगत कराया। डॉ. मिश्रा ने आगे कहा कि सुशील कुमार मोदी ने भारतीय जनता पार्टी को केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि जनआंदोलन के रूप में स्थापित किया। उनके अथक प्रयासों और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण ही बिहार में भारतीय जनता पार्टी गठबंधन की सरकार बनाने में सफल हुई। उपमुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में सुशासन, पारदर्शिता और विकास को नई दिशा मिली। वित्तीय अनुशासन, सामाजिक न्याय और विकास के मुद्दों पर उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि सुशील कुमार मोदी का जीवन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है और उनकी विचारधारा आधारित संघर्षशील राजनीति सदैव मार्गदर्शक बनी रहेगी। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व बिहार की राजनीति में अमिट छाप छोड़ गया है, जिसे आने वाली पीढ़ियां हमेशा याद रखेंगी। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर, राणा रणजीत सिंह, दीपक पांडेय, गोपाल प्रसाद यादव, राजू मिश्रा, धर्मेंद्र प्रसाद, सुनील मिश्रा, महेश यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय पक्षी दिवस पर दीघा घाट पर बर्ड वॉक का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हमारी गौरैया और एनवायरमेंट वॉरियर्स के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय पक्षी दिवस के अवसर पर पटना के दीघा घाट पर बर्ड वॉक का आयोजन किया गया। मौके पर लोगों को पक्षियों के संरक्षण से अवगत कराया गया। इस वॉक का मुख्य उद्देश्य हमारे आसपास पाए जाने वाले पक्षियों तथा शरद ऋतु में आने वाली प्रवासी पक्षियों का अवलोकन कर उनके विषय में जनजागरूकता फैलाना था। वॉक के दौरान चीतकबरा मैना, सिट्रीन वैगटेल, वाइट वैगटेल, टिटहरी, ओपनबिल स्ट्रोक, छोटा बगुला, गया बगुला, फतकी, गौरैया, सैंड मार्टिन, नीलकंठ, किंगफिशर जैसे 50 से अधिक प्रजाति के पक्षी देखे गए। इस वॉक में निशांत रंजन, शानू कुमार राज, भूमिका भारद्वाज, रजनीश कुमार, निश्चल कुमार, स्वरूप सरकार आदि ने भाग लिया।

# पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने सुशील मोदी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व. सुशील कुमार मोदी के जन्मदिवस पर उन्हें नमन किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सुशील कुमार मोदी बिहार में सुशासन के मजबूत स्तंभ थे। उन्होंने ईमानदारी की राह पर चलते हुए अपने राजनीतिक जीवन में हमेशा शुचिता और पारदर्शिता बनाये रखी। वित्त मंत्री के रूप में उन्होंने बिहार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने और विकास योजनाओं को गति देने में अहम भूमिका निभायी। बिहार के नवनिर्माण में सुशील कुमार मोदी की भूमिका अविस्मरणीय है।

# होटल एसोसिएशन ने किया विधानसभा अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार का अभिनन्दन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** गया शहर स्थित होटल आजाद शत्रु में मंगलवार को गयाजी होटल एसोसिएशन की ओर से बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गया के होटल व्यवसाय से जुड़े लोगों के सम्मान के साथ उनसे संवाद स्थापित करना था। अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष निशांत कुमार गुप्ता ने की। इस अवसर पर उपस्थित होटल व्यवसायियों ने विधानसभा अध्यक्ष का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गया एक अंतरराष्ट्रीय पर्यटन एवं धार्मिक नगरी है जहां देश-विदेश से लाखों पर्यटक और तीर्थयात्री आते हैं। ऐसे में होटल एवं पर्यटन से जुड़े व्यवसायियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बेहतर आवास, स्वच्छता, सुरक्षा और सेवा व्यवस्था से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलता है, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार पर्यटन एवं होटल उद्योग को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और आगे भी हरसंभव सहयोग किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि होटल व्यवसायी गया की पहचान और प्रतिष्ठा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और सभी को मिलकर इस ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी के समग्र विकास में सहभागी बनना चाहिए। कार्यक्रम में होटल एसोसिएशन के सचिव अजय कुमार, कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार गुप्ता सहित एसोसिएशन के सदस्य एवं विभिन्न होटलों के मालिक उपस्थित रहे। इसके अलावा रमाशंकर सिंह, अमित कुमार, जीवन कुमार, गौरव कुमार, विकास कुमार, अभिषेक दुबे, वार्ड पार्षद उपेन्द्र कुमार, राहुल कुमार, पूर्व पार्षद लालजी बाबू, धर्मेन्द्र कुमार, विक्की शर्मा, अधिवक्ता मुकेश शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

# पावरग्रिड पटना में वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1 द्वारा विक्रेता में जागरूकता एवं उनकी शिकायतों के निवारण हेतु क्षेत्रीय मुख्यालय पटना में वेंडर डेवेलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नितिन कुमार श्रीवास्तव मंचासीन मुख्य महाप्रबंधक (प्रभारी), पूर्वी क्षेत्र -1 ने सभी को संबोधित किया एवं एमएसएमइ विक्रेता को अधिक से अधिक संख्या में पावरग्रिड निविदा में भाग लेने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में जीइएम पोर्टल, एनएसआइसी एससी-एसटी हब एवं एमएसइ कार्यालय द्वारा व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम में सभी विक्रेताओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

# बिहार की बहन बेटियों की कीमत लगाना बंद करे भाजपा : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार की बहन बेटियों के अपमान पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मौन क्यों हैं? बिहार की बच्चियों की कीमत लगाने वाले उत्तराखंड भाजपा सरकार के मंत्री के पति और भाजपा नेता गिरधारी लाल साहू पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने तल्ख टिप्पणी की है और उन्हें लफंगा बताया। बिहार कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि संघी मानसिकता से ग्रस्त ऐसे राजनीतिक लफंगे लगातार बिहार की बहन बेटियों के अस्मिता से खिलवाड़ करने का काम करते हैं। यह भाजपा की संस्कृति है कि जो जितना भड़काऊ और महिलाओं को अपमानित करेगा उसे उतनी बड़ी जिम्मेदारी दी जाती है। हम उनके बयान की खिलाफत करते हैं और आने वाले समय में सड़क से सदन तक इस बात का विरोध करेंगे कि आखिर भाजपा नेताओं को हमारी बिहार की बहन बेटियों के अपमान का लाइसेंस किसने दे दिया है। साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने मांग की है कि यदि वास्तव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहन बेटियों के अस्मिता के रक्षा के लिए जिम्मेदार हैं तो अविलंब मंत्री की मंत्रिमंडल से बर्खास्तगी और उनके पति की भाजपा से निष्कासन करना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने पूर्व की घटनाओं का जिक्र करते हुए बृज भूषण शरण सिंह, कुलदीप सिंह सेंगर और अन्य भाजपा नेताओं के महिलाओं के प्रति किए गए कुकृत्य के बावजूद भाजपा द्वारा उन्हें दंडित किए जाने के बजाय अपने दल में बनाए रखने को भाजपा का असली चेहरा और चरित्र बताया।

# पटना साहिब कला सम्मान-2026 से सम्मानित हुए गोपाल कुशवाहा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नई दिशा परिवार के 30वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित पटना साहिब कला महोत्सव-2026 में समाजसेवी एवं ओल्ड चम्पारण मीट हाउस के निदेशक गोपाल कुशवाहा को पटना साहिब कला सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम कदमकुआं स्थित बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन परिसर में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष नंद किशोर यादव, विशिष्ट अतिथि विधायक श्याम रजक, पटना की महापौर सीता साहू, उप महापौर रेशमी चंद्रवंशी, पूर्व कुलपति के. सी. सिन्हा, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. अनिल सुलभ, चिकित्सक दिवाकर तेजस्वी एवं समाजसेवी राजेश बल्लभ ने संयुक्त रूप से गोपाल कुशवाहा को यह सम्मान प्रदान किया।

# रेलवन एप से अनारक्षित टिकट पर तीन प्रतिशत छूट

## 14 जनवरी से 14 जुलाई 2026 तक डिजिटल भुगतान पर विशेष सुविधा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा और डिजिटल टिकटिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेलवन मोबाइल एप के माध्यम से अनारक्षित टिकटों की बुकिंग पर तीन प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया है। यह विशेष सुविधा 14 जनवरी 2026 से 14 जुलाई 2026 तक लागू रहेगी। रेल प्रशासन के अनुसार आर-वॉलेट को छोड़कर रेलवन एप पर उपलब्ध सभी डिजिटल भुगतान माध्यमों जैसे यूपीआई, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और नेट बैंकिंग के जरिए अनारक्षित टिकट बुक करने पर यात्रियों को तीन प्रतिशत की सीधी छूट मिलेगी। वहीं रेलवन एप के आर-वॉलेट से अनारक्षित टिकट बुक करने पर पहले से ही तीन प्रतिशत कैशबैक बोनस की सुविधा उपलब्ध है। इस प्रकार किसी भी डिजिटल माध्यम से अनारक्षित टिकट बुक करने पर यात्रियों को तीन प्रतिशत का लाभ सुनिश्चित होगा। रेल प्रशासन का कहना है कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को डिजिटल माध्यम से टिकट खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना तथा नकद लेन-देन को कम करना है। इस योजना के लागू होने से डिजिटल टिकटिंग को व्यापक बढ़ावा मिलेगा और यात्रियों को अधिक सुविधा प्राप्त होगी। रेलवन एप एक ही मंच पर आरक्षित टिकट, अनारक्षित टिकट एवं प्लेटफॉर्म टिकट की बुकिंग के साथ-साथ ट्रेन की लाइव स्थिति, पीएनआर स्थिति, कोच की स्थिति, भोजन बुकिंग, शिकायत एवं सुझाव, पार्सल ट्रैकिंग जैसी कई सुविधाएं प्रदान करता है। रेलकनेक्ट और यूटीएस एप के पुराने लॉगिन से भी रेलवन एप का उपयोग किया जा सकता है। रेल प्रशासन ने बताया कि भविष्य में अनारक्षित टिकट बुकिंग की डिजिटल सुविधा के निरंतर उपयोग के लिए पुराने यूटीएस एप के स्थान पर बहु-सुविधायुक्त रेलवन एप का उपयोग अधिक लाभकारी है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि वे रेलवन एप का अधिकाधिक उपयोग करें और डिजिटल यात्रा का लाभ उठाएं।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की महिला शाखा की जिला इकाई की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** स्थानीय बिसार तालाब स्थित आईएमए हॉल में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की महिला शाखा राष्ट्रीय महिला परिषद, ओजस्विनी की जिला इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. शिव बचन सिंह ने की। बैठक में राष्ट्रीय महिला परिषद एवं ओजस्विनी की जिला इकाई का पुनर्गठन किया गया। यह पुनर्गठन अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के सह संगठन मंत्री दक्षिण बिहार सुरेंद्र सिंह राजपूत के दिशा-निर्देशानुसार किया गया। पुनर्गठन के तहत राष्ट्रीय महिला परिषद के जिला अध्यक्ष पद पर मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग की वरीय सहायक आचार्य डॉ. ममता मेहरा को सर्वसम्मति से चुना गया। प्रतिज्ञा कुमारी को जिला उपाध्यक्ष, डॉ. ऋचा कुमारी को गया महानगर अध्यक्ष, अन्नू गुप्ता को महानगर उपाध्यक्ष, अर्पणा मिश्रा को महानगर सह मंत्री, ममता गिरी को जिला महामंत्री, वीणा गिरी को जिला मंत्री, श्वेता कुमारी को सह मंत्री तथा रजनी त्यागी को संरक्षक बनाया गया।

# प्रो पंजा लीग सीजन 3 में पहली बार बिहार की टीम होगी शामिल

## बिहार को देश के प्रोफेशनल स्पोर्ट्स मैप पर मजबूती से स्थापित करेगी 'बिहार योद्धाज'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत की प्रतिष्ठित आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता प्रो पंजा लीग-सीजन 3 में पहली बार बिहार की टीम हिस्सा लेगी जहां बिहार के खिलाड़ी अपनी ताकत, तकनीक और आत्मविश्वास से पूरे देश के सामने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। बिहार की टीम का नाम बिहार योद्धाज रखा गया है। उक्त बात की जानकारी फ्रेजर रोड स्थित कासा पिकोला रेस्टुरेंट में आयोजित प्रेस वार्ता में बिहार योद्धाज का लोगो अनावरण करते हुए बिहार योद्धाज के फ्रेंचाइज ओनर उमेश चौधरी ने दी। उन्होंने कहा कि यह केवल एक फ्रेंचाइजी खरीदने की घोषणा नहीं है, बल्कि बिहार के खेल इतिहास में एक बहुत बड़ी उपलब्धि और नए युग की शुरुआत है। अब तक बिहार की प्रतिभा, शक्ति और जज्बे को राष्ट्रीय मंच पर वह पहचान नहीं मिल पाई थी जिसके वे हकदार थे, लेकिन आज से वह स्थिति बदल रही है। वहीं अपने संबोधन में बिहार योद्धाज के सह फ्रेंचाइज ओनर रवि कुमार ने कहा कि हमें गर्व के साथ यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि टीम का नाम 'बिहार योद्धाज' रखा गया है। यह नाम बिहार की पहचान को दर्शाता है जिसमें साहस, संघर्ष और योद्धा भावना शामिल है। बिहार योद्धाज केवल एक टीम नहीं, बल्कि बिहार के करोड़ों युवाओं की उम्मीद, मेहनत और आत्मसम्मान का प्रतीक होगी। टीम में बिहार सहित देश के अन्य हिस्सों के प्रतिभाशाली पंजा खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा जो अपनी ताकत, तकनीक और जुझारूपन से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेंगे। बिहार योद्धाज के मार्केटिंग हेड अभिषेक कुमार ने कहा कि आज बिहार राज्य के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण है। पहली बार प्रो पंजा लीग - सीजन 3 में बिहार राज्य की फ्रेंचाइजी खरीदी गई है और यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उमेश चौधरी और रवि कुमार ने निभाई है। टीम मैनेजमेंट हेड विशाल कुमार ने कहा कि हम विश्वास दिलाते हैं कि बिहार योद्धाज टीम पूरी ताकत, सम्मान और गर्व के साथ मैदान में उतरेगी जबकि टीम मैनेजर शोभित शुक्ला ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य है बिहार में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना, स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करना, युवाओं को पेशेवर खेलों के लिए प्रेरित करना तथा बिहार को देश के प्रोफेशनल स्पोर्ट्स मैप पर मजबूती से स्थापित करना। टीम कोऑर्डिनेटर अनिकेत कुमार ने कहा कि यह पल हमेशा याद रखा जाएगा जब बिहार ने आगे बढ़कर राष्ट्रीय मंच पर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है।

# बिहारी कलाकारों ने पंजाब में बिखेरा जलवा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रेम यूथ फाउंडेशन के तीन दर्जन शांतिदूत पंजाब के भ्रमण पर हैं। राष्ट्रीय युवा योजना की ओर से 29 से 4 जनवरी 2026 तक आनंद साहिब में राष्ट्रीय युवा एकता सद्भावना शिविर का आयोजन किया गया है। बिहारी कलाकारों ने बिहार के लोक महापर्व छठ पूजा की झांकी प्रस्तुत किया है साथ ही जट जट्टीन, कजरी पर खूब तालियां बटोरी। शिविर में पूरे देश से लगभग पांच सौ से अधिक शांति दूत भारत के सोलह राज्यों से भाग लिया। श्रम संस्कार, सर्वधर्म प्रार्थना, भाषा ज्ञान, वौद्धिक सत्र का संचालन किया गया। बिहार के टीम लीडर अंजू कुमारी ने बताया कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता को अक्षुण्य बनाये रखने के लिए यह शिविर काफी उपयोगी है यहां आकर एक साथ मिनी भारत का दर्शन हुआ है। बिहार से आये स्वयंसेवक चंडीगढ़ के रॉक गार्डन, रोज गार्डन, सुगना झील, हिमाचल के सुप्रसिद्ध नैना मंदिर, अमृतसर के स्वर्ण मंदिर, जालियांबाला बाग, बाघा वॉर्डर, वाल्मीकि आश्रम का भृमण किया।

# पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने किया पटना-आरा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा पटना-आरा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान महाप्रबंधक ने इस रेलखंड के रेलवे ट्रैक, रेल पुलों आदि का मुआयना किया। महाप्रबंधक ने रेल ट्रैक के बेहतर रख-रखाव पर संतोष व्यक्त करते हुए संरक्षित रेल परिचालन के लिए हर संभव कदम उठाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के प्रारंभ में महाप्रबंधक द्वारा दानापुर के प्लेटफार्म सं.01 पर सोलर सिस्टम से चलाए जाने के लिए तैयार किए गए कैंपेन कोच का निरीक्षण किया गया। कैंपेन कोच के उपर रूफ टॉप फ्लेक्सिबल सोलर प्लेट लगाया गया है जिससे प्रतिदिन लगभग 40 से 45 यूनिट बिजली मिल सकेगी। इससे कैंपेन कोच के उपकरणों को चलाने हेतु अब बाहर से बिजली सप्लाई की जरूरत नहीं पड़ेगी और कैंपेन कोच में बिजली की सुरक्षित सप्लाई सुनिश्चित की जा सकेगी। कैंपेन कोच में सोलर सिस्टम लगाए जाने से सलाना लगभग डेढ़ लाख रूपये की बिजली की बचत होगी। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक द्वारा आरा जंक्शन पर चल रहे स्टेशन पुनर्विकास से संबंधित कार्यों की अधिकारियों के साथ समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# विद्यालय संस्थापक गोपाल सिंह का दशम स्मृति समारोह आयोजित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** कोंच स्थित प्लस टू प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय के संस्थापक एवं पूर्व प्राचार्य स्वर्गीय गोपाल सिंह की दसवीं स्मृति समारोह श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं उपस्थित अतिथियों ने स्व. गोपाल सिंह के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने काव्य पाठ एवं संगीत प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। स्व. गोपाल सिंह के पुत्र एवं कार्यक्रम के मुख्य आयोजक प्रमोद कुमार ने अतिथियों का स्वागत पुष्पमाला एवं अंगवस्त्र देकर किया। उद्घाटनकर्ता सह मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक अजय कुमार दांगी ने देश की शिक्षा व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकारी कर्मियों से अपने पद के अनुरूप दायित्व निर्वहन करने की अपील की।

# नयी दिशा परिवार का 30वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जन चेतना एवं जन शिक्षा पर केन्द्रित स्वयंसेवी संस्था 'नयी दिशा परिवार' का 30 वां स्थापना दिवस समारोह सह पटना साहिब कला महोत्सव 2026 आज सोमवार को बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन, कदमकुंआ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने किया। मुख्य अतिथि के तौर पर बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष नंद किशोर यादव, विशिष्ट अतिथि विधायक श्याम रजक, पटना की महापौर सीता साहू, उप महापौर रेशमी चंद्रवंशी, पूर्व कुलपति के.सी.सिन्हा, चिकित्सक दिवाकर तेजस्वी, समाजसेवी राजेश बल्लभ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. अनिल सुलभ ने की। सभी आगंतुक अतिथियों को संस्था के सचिव राजेश राज ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कहा कि समाज और राष्ट्र के नवनिर्माण में सामाजिक सांस्कृतिक- संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने कहा कि सम्मान मिलने पर अच्छा काम करने की प्रेरणा और उर्जा मिलती है। श्याम रजक ने कहा कि किसी भी संस्था का 30 वर्षों तक लगातार सक्रिय रहकर कार्यरत रहना महत्वपूर्ण होता है।

### डीएम की अध्यक्षता में मद्य निषेध से संबंधित समीक्षात्मक बैठक

# सघन छापेमारी कर अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्रवाई करें : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में मद्य निषेध से संबंधित समीक्षात्मक बैठक सोमवार को समाहरणालय परिसर में स्थित डीआरडीए सभागार में की गयी। पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा माह दिसम्बर 2025 में 223 शराब में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी। पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा माह दिसम्बर 2025 में 17116.100 लीटर शराब जब्त की गयी। पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा माह दिसम्बर 2025 तक जप्त 252 वाहनों का जिलाधिकारी द्वारा तीनों अनुमण्डल के पुलिस पदाधिकारियों को निदेश दिया गया है कि प्रत्येक सप्ताह में अपने-अपने अनुमण्डल अंतर्गत थाना से संबंधित लंबित अधिहरण



प्रस्ताव की समीक्षा कर अविलम्ब वाहन अधिहरण प्रस्ताव जिला विधि को भेजने का निर्देश दिया गया। पुलिस एवं मद्य निषेध विभाग को निदेशित किया गया कि सोनटीला एवं तटीय क्षेत्रों में सशस्त्र बल के साथ सघन छापामारी कार्य करते हुए अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाय। पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा जब्त शराब का विनष्टीकरण प्रस्ताव 15 दिनों के अन्दर भेजने का निर्देश दिया गया है। सभी न्यायालयों से लंबित वाहनों का अधिहरण प्रस्ताव अविलम्ब निष्पादन कराने का निर्देश दिया गया है। सभी पुलिस थानाध्यक्षों एवं उत्पाद थाना को निदेशित किया गया कि अपने-अपने थानान्तर्गत जप्त शराब का विनष्टीकरण प्रस्ताव एवं वाहन अधिहरण प्रस्ताव एक सप्ताह के अन्दर समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

## डीएम ने किया दस आम नागरिकों से दैनिक साक्षात्कार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलधिकारी द्वारा सोमवार को दैनिक साक्षात्कार किया गया जिसमें कुल 10 आम नागरिक उपस्थित रहे। उक्त साक्षात्कार के क्रम में आवेदक लाल मुहम्मद अंसारी, पिता - रफीक अंसारी, ग्राम - करिगांवा रोड बंजारी, थाना-रोहतास के द्वारा भूमि पर दखल कब्जा दिलाने हेतु आवेदन दिया गया जिसे निष्पादन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डिहरी को अग्रसारित किया गया। ओवदक / आवेदिका - देवेन्द्र प्रसाद, दिलीप कुमार एवं चंदा देवी के द्वारा शिक्षा विभाग में अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के संबंध में आवेदन दिया गया जिसे निष्पादन हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी, रोहतास को निदेशित किया गया।

# शाहाबाद प्रक्षेत्र के पुलिस अंचलों का होगा पुनर्गठन, लंबित मामलों के निष्पादन में आएगी तेजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शाहबाद पुलिस प्रक्षेत्र के चारों जिलों रोहतास, भोजपुर, बक्सर व कैमूर में पुलिस अंचलों के पुनर्गठन की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। हाल के वर्षों में बड़ी संख्या में पुलिस आउटपोस्ट को पूर्ण थाना का दर्जा दिए जाने व कई नए थानों के शुरू होने के बाद इसकी संख्या में वृद्धि हुई है। थानों की संख्या में वृद्धि होने के कारण एक-एक पुलिस अंचल निरीक्षक के अधीन कार्यभार असंतुलित हो गया है। इसका सीधा असर लंबित मामलों के निष्पादन और विवेचना की गुणवत्ता पर पड़ रहा है। मुख्यालय के आदेशानुसार प्रक्षेत्र के चारों जिलों के एसपी से पुलिस अंचलों के पुनर्गठन से



संबंधित विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है।

**थानों की संख्या, नक्शा, सड़क मार्ग की सूचना मांगी**

शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के चारों जिलों के एसपी से थानों की संख्या, प्रमुख स्थान, सड़क मार्ग, भौगोलिक स्थिति और कार्यभार से जुड़ी विस्तृत जानकारी मांगी गई है। निर्देश दिया गया है कि एसपी निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट भेजें। ताकि राज्य स्तरीय मूल्यांकन के साथ अंचलों की नई रूपरेखा तैयार की जा सके। शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के डीआईजी डा.सत्यप्रकाश के अनुसार चारों जिलों के एसपी को निर्देशित किया गया है कि अंचल पुनर्गठन से संबंधित रिपोर्ट अंचल पुलिस निरीक्षक के माध्यम से समर्पित की जाए। साथ ही प्रत्येक अंचल का विस्तृत मानचित्र भी उपलब्ध कराने को कहा गया है जिसमें थाना क्षेत्र, प्रमुख स्थान और सड़क मार्ग स्पष्ट रूप से अंकित हो। उन्होंने बताया कि थानों की संख्या बढ़ने के साथ लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए अंचलों की संख्या बढ़ाने का प्रारूप तैयार हो रहा है। मुख्यालय से मांगी रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी।

# सरकार की योजनाएं तभी सार्थक होगी जब उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक समय से पहुंचे : सोनू सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में सोमवार को बिपीडीपी के तहत पंचायत समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत समिति, प्रखंड प्रमुख संतोष कुमार पासवान ने की। बैठक में क्षेत्रीय विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान प्रखंड में संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं की क्रमवार समीक्षा की गई और कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया।




बैठक में ग्रामीण विकास, मनरेगा, आवास योजना, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, कृषि, आपूर्ति एवं समाज कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक ने कहा कि सरकार की योजनाएं तभी सार्थक होंगी जब उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुंचे। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। बैठक के दौरान पंचायत समिति सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। कई सदस्यों ने आवास योजना में देरी, मनरेगा कार्यों में भुगतान की समस्या, नल-जल योजना की खराब स्थिति, जर्जर सड़कों की मरम्मत तथा स्वास्थ्य उपकेंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की कमी की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। इस पर विधायक ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए और लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रमुख ने कहा कि पंचायत समिति बैठक का उद्देश्य विकास योजनाओं की समीक्षा कर उन्हें धरातल पर प्रभावी रूप से लागू कराना है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने की अपील की। साथ ही कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों के सुझावों को गंभीरता से लिया जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अगली समीक्षा बैठक में सभी विभाग अपने-अपने कार्यों की प्रगति रिपोर्ट के साथ उपस्थित होंगे जिन योजनाओं में अनावश्यक देरी हो रही है, उसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी रविरंजन, अंचलाधिकारी, निधि ज्योत्सना, शिक्षा पदाधिकारी प्रणव कुमार के साथ सभी विभाग के पदाधिकारी, पंचायत समिति सदस्य एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अंत में विधायक ने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सर्वोपरि है और जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में उपप्रमुख पुरुषोत्तम सिंह उर्फ पप्पू सिंह, मुखिया वीरेन्द्र तिवारी उर्फ बब्लू तिवारी, धर्मेन्द्र चौधरी, रामप्रवेश सिंह, पुष्पा देवी, अंजलि कुमारी, सुनीता देवी, रमेश सिंह, हरेराम पासी सहित कई जनप्रतिनिधि व सभी विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# रबी फसलों के लिए पर्याप्त पानी की आपूर्ति



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** इंद्रपुरी बराज से किसानों की मांग के अनुसार रबी फसलों के लिए पानी की आपूर्ति की जा रही है। पूर्वी संयोजक नहर में भी सोमवार से पानी की आपूर्ति प्रारंभ की गई है। उत्तर प्रदेश के रिंहद जलाशय से पांच हजार क्यूसेक पानी की मांग की गई है। इंद्रपुरी बराज पर किसानों की जरूरत के अनुसार पानी उपलब्ध है। बराज पर ऊपरी जल ग्रहण क्षेत्र से लगभग नौ हजार क्यूसेक पानी पहुंच रहा है जिसमें से पश्चिमी संयोजक नहर में 3006 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। उच्चस्तरीय नहर में 815, गारा चौबे नहर में 503, आरा मुख्य नहर में 826, बक्सर मुख्य नहर में 1566, बक्सर शाखा नहर में 323 व करगहर नहर में 138 क्यूसेक पानी दिया जा रहा है। बराज से पूरी संयोजक नहर में आज से 1018 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इससे औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद व पटना जिले में पानी की आपूर्ति होता है। किसानों की मांग पर विभागीय अधिकारी पानी की मांग भेजते हैं। उत्तर प्रदेश के रिहंद जलाशय से आज पांच हजार क्यूसेक की मांग की गई है। वहां से पानी बराज पर 24 घंटे में पहुंच जाएगा। जल संसाधन विभाग के मॉनिटरिंग के कार्यपालक अभियंता भारती रानी के अनुसार अभी मांग के अनुसार बराज पर पानी उपलब्ध है। रबी फसलों के लिए पानी की मांग बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश के रिंहद जलाशय से आज पांच हजार क्यूसेक पानी की मांग की गई है।

# तिलौथू में सुशील कुमार मोदी की जयंती पर सेवा व संस्कार का अनुपम उदाहरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)।** बिहार के पुनर्निर्माण के महान शिल्पकार, सादगी, ईमानदारी और कर्मठता के प्रतीक सुशील कुमार मोदी की जयंती (5 जनवरी) के पावन अवसर पर उन्हें कोटि-कोटि नमन अर्पित किया गया। आयोजक सत्यानंद कुमार ने बताया कि यह दिन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत बना जब उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाजसेवा का भाव साकार रूप में दिखाई दिया। इस अवसर पर निःशुल्क पाठशाला स्वर्णकार द्वारा तिलौथू में संचालित पांच शिक्षण केंद्रों के लगभग 150 जरूरतमंद बच्चों के बीच सेवा एवं संस्कार के भाव से आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सुशील मोदी के विचारों–'सेवा ही सच्ची राजनीति है' को धरातल पर उतारना



रहा। कार्यक्रम के दौरान सत्येंद्र राम, हरिकृष्ण, संतोष कुमार, रूबी कुमारी सहित आई आई टी कंप्यूटर्स के सुरभि यादव, हिमेश, खुशी, सूरज अवंतिका ने बच्चों को मफलर, मौजा, कॉपी, कलम, पेंसिल, चूड़ा, तिलकुट, बिस्किट एवं प्रसाद प्रदान किए गए। सामग्री पाकर बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान ने पूरे वातावरण को भावुक और प्रेरणादायी बना दिया। बच्चों की यह खुशी ही सुशील कुमार मोदी को दी गई सच्ची और जीवंत श्रद्धांजलि थी। सुशील कुमार मोदी का संपूर्ण जीवन ईमानदारी, पारदर्शिता और जनसेवा का अनुपम उदाहरण रहा। उन्होंने सदैव समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य किया। उन्हीं के दिखाए मार्ग पर चलते हुए शिक्षा, सेवा और सम्मान को जन-जन तक पहुंचाना ही उनका स्मरण और सच्ची श्रद्धांजलि है। सुनील कुमार गुप्ता, राजीव गुप्ता ने बताया कि सुशील कुमार मोदी अमर रहें। उनके विचार, आदर्श और सेवा भाव हमें सदैव समाजहित में कार्य करने की प्रेरणा देते रहें।

# गायत्री महायज्ञ के दौरान गायत्री महामंत्र की विशेषताओं पर प्रवचन, अमृतवाणी से वातावरण हुआ भक्तिमय

## गायत्री महामंत्र सबसे श्रेष्ठ मंत्र : आनंद सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आरएसके पब्लिक स्कूल, बस्तीपुर के प्रांगण में आयोजित गायत्री महायज्ञ के पावन अवसर पर गायत्री महामंत्र की विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान श्रद्धेय लाल बिहारी जी बापू की अमृतवाणी सुनाई गई जिसमें उन्होंने गायत्री मंत्र को मानव जीवन का सर्वश्रेष्ठ महामंत्र बताते हुए इसके आध्यात्मिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास में योगदान को रेखांकित किया। प्रवचनों में वक्ताओं ने बताया कि गायत्री महामंत्र के नियमित जप एवं साधना से व्यक्ति के विचार, संस्कार और चरित्र का निर्माण होता है जिससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। महायज्ञ स्थल पर मंत्रोच्चार एवं अमृतवाणी के प्रभाव से संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिकता और भक्ति से ओत-प्रोत हो गया। आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर के



निदेशक आनंद सिंह ने कहा कि गायत्री महामंत्र सबसे श्रेष्ठ मंत्र है। इस आयोजन में नंदकिशोर सिंह (अध्यक्ष), कृष्ण सिंह (उपाध्यक्ष), पंकज, उमेश कुमार सिंह, स्कूल के निदेशक आनंद सिंह सहित बस्तीपुर के समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी श्रद्धालुओं ने यज्ञ में सहभागिता कर गायत्री महामंत्र के महत्व को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जन-जन तक गायत्री मंत्र की महिमा पहुंचाना तथा नैतिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक उत्थान के प्रति जागरूकता फैलाना रहा जिसे ग्रामीणों ने सराहना के साथ स्वीकार किया।

# नहर चाट में गिरने से युवक की डूबकर मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीखिंडा नहर चार्ट के पास सोमवार को एक युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान श्रीखिंडा गांव निवासी जितेंद्र ठाकुर के 33 वर्षीय पुत्र कमलेश कुमार के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मृतक के गांव में मातम का माहौल कायम हो गया। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि कमलेश कुमार सोमवार की सुबह अपने घर से निकला था। सोमवार दोपहर लगभग 12 बजे स्थानीय लोगों ने श्री खिंडा नहर चार्ट में एक शव को पानी में तैरते हुए देखा। इसके बाद इसकी सूचना तत्काल नोखा थाना एवं 112 नंबर की पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही 112 नंबर की पुलिस टीम तथा नोखा थाना के दारोगा देव मुनि कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया। इसके बाद मौके पर पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# समाजसेवी व सच्चे व्यक्ति थे जागरूप सिंह : गुड्डू चन्द्रवंशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर परिषद क्षेत्र के शिवगंज मोहल्ला के पूर्व वार्ड पार्षद, राजद के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी जागरूप सिंह समाज सेवी व सच्चे व्यक्ति थे। उक्त बातें राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव सह मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू चन्द्रवंशी ने पूर्व पार्षद के निधन के उपरांत श्रद्धांजलि सभा में उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा



सुमन अर्पित करने के उपरांत कहा। उन्होंने कहा कि गरीबों के न्याय की लड़ाई लड़ते थे। वहीं पार्षद आनंद चौधरी उर्फ पेड़ा ने कहा कि वह लगातार 15 वर्ष तक पार्षद रहे। उनके पुत्र दिनेश सिंह, गणेश सिंह, रमेश सिंह, नाती विशाल यादव, बिट्टू सिंह सहित श्रद्धांजलि सभा में पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, भाजपा नेता कुंवर सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रोहन लाल मेहता, कालेन्द्र प्रताप वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि संतोष चौधरी, मास्टर इंद्रदेव चौधरी, डॉ अरुण जायसवाल, वरिष्ठ पत्रकार मदन कुमार, वीआईपी के राजू चौधरी, दीपक दास सहित काफी संख्या में विभिन्न दलों के लोग तथा समाजसेवी ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# अभिनव कला संगम की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जिले की अग्रणी सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था अभिनव कला संगम ने बीती संध्या मनीष कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के सभागार में समीक्षा बैठक आहूत की गई। संस्था के सचिव नंदन कुमार ने बताया कि 25 दिसंबर से 30 दिसंबर तक 34वें अखिल भारतीय लघु नाटक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से कई नाट्य दलों के लगभग 600 कलाकारों ने हिस्सा लिया जिसमें कार्यक्रम के दौरान कलाकारों को बेहतर सुविधा मुहैया कराया गया जिसमें चाय, नाश्ता, खाना, रात्रि भोजन सहित कलाकारों का चिकित्सा व्यवस्था अतिथि सत्कार सलीखे सात दिनों तक रात्रि शयन व्यवस्था समस्त व्यापक इंतजाम कैनाल रोड स्थित इंजीनियर ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब में व्यवस्थित थी और यही व्यवस्था देश के




कोने-कोने से आए कला संगठनों के सदस्यों के द्वारा देशभर में अभिनव कला संगम परिवार के कार्य योजनाओं को अनुसरण करने की मुहर लगा रहे हैं। कार्यक्रम की अपार सफलता में संस्था के सदस्यों के साथ-साथ जिले के प्रतिष्ठित चिकित्सा शिक्षण संस्थान, शिक्षण संस्थान डिहरी अनुमंडल अस्पताल, पीएचसी डिहरी, अन्य संगठनों के प्रतिनिधि, अनुमंडल प्रशासन, रेल प्रशासन और डिहरी की सम्मानित जनता का सहयोग के साथ जिले के समस्त प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का काफी महत्वपूर्ण भूमिका रहा जो हर कार्यक्रम को अपने अनुभव से प्रेषित किया। इतने बड़े आयोजन का सफलतापूर्वक संपन्न होना गौरव की बात है। संस्था की ओर से सभी को धन्यवाद दिया। संस्था अपने सामाजिक जीवन को निरंतर जीने के लिए दृढ़ संकल्पित है आप सभी से सहयोग की अपेक्षा है। समीक्षा बैठक में और बेहतर कार्य योजनाओं पर मुहर लगी बैठक के दौरान संरक्षक और सलाहकार समिति से प्रमोद कुमार सिंह, संजय सिंह, कीर्तन श्रीवास्तव, मनोज अज्ञानी, विनोद गुप्ता, दिनेश प्रसाद सिंह, आनंद कुमार सिंह, प्रशांत कुमार उर्फ सिंटू सिंह सहित संस्था के पदाधिकारियों में निर्देशक संजय सिंह वाला, अध्यक्ष संतोष सिंह, महासचिव रवि तिवारी, सचिव नंदन कुमार, कोषाध्यक्ष मुकेश राज, कलाम हाशमी, अरुण शर्मा, विजय चौरसिया, मनोज पांडे, शुभम सिंह, विकास वर्मा, आकाश कुमार, राहुल सिंह गहलोत, आलोक कुमार सिंह, जीतू कुमार, सुनील कुमार उर्फ पिंटू, सिंटू कुमार, विजय कुमार बंसी, पंकज कुमार उर्फ टिंकू, उमेश प्रसाद सिंह, संजय गुप्ता, भोला कुमार, राहुल कुमार, शंभू, राजू कुमार उर्फ सरफराज आलम, मनीष कुमार सिंह, राजेश कुमार चंद्रवंशी, पंकज कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, सादिक राइन सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।


**बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड**

**BIHAR STATE EDUCATIONAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**

( A Govt. of Bihar Undertaking )

ISO 9001:14001;OHSAS 1800169-

Shiksha Bhawan, Bihar Rashtrabhasa, Parishad Campus, Acharya Shivpujan Sahay Path, Saidpur, Patna-04

Tel. No : 0612 - 2660850 *Fax No : 0612 - 2660256

E-mail: bseidc@gmail.com * Website : http:/www.bseidc.in * CIN: U80301BR2010SGC015859

BSEIDC

बिहार सरकार

**अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 42 वर्ष 2025-26**

F2/SBD अधारित प्रतिशत दर निविदा

**(केवल ई–टेन्डरिंग पद्धति के अनुसार वेबसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर)**

बिहार राज्य अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में आधारभूत संरचना विकसित करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। कोई भी संवेदक जो केन्द्रीय/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्रों में समुचित श्रेणी में निबंधित हो, निविदा में भाग ले सकते हैं परन्तु इस निगम का रजिस्ट्रेशन कार्य के आवंटन के बाद एकरारनामा के पूर्व कराना अनिवार्य होगा।

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : मुख्य अभियंता, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचनाविकास निगम, पटना।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : **01-01-2026**
3. निविदा कागजात डाउनलोड करने एवं अपलोड करने की अवधि : दिनांक– **10-01-2026** से **17-01-2026, 15.00** बजे तक। (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
4. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय : दिनांक–**17-01-2026** के **15.00** बजे तक। (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
5. अग्रधन,सभी शपथ पत्र, मूल में जमा करने की अंतिम तिथि/समय स्थान : दिनांक–**18-01-2026** के **15.00** बजे तक। बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम, पटना।
6. प्री–बीड मीटिंग का समय एवं स्थान : मुख्य अभियंता, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम, पटना। दिनांक–**11-01-2026** के **11.00** बजे ।
7. तकनीकी बीड् खोलने की तिथि/समय अंतिम तिथि/समय : दिनांक–**19-01-2026** के **15.00** बजे । (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
8. वित्तीय बीड् खोलन की तिथि, समय एवं स्थान : तकनीकी बीड् के निष्पादन के उपरांत। (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
9. कार्य की विवरणीः– समग्र शिक्षा अंतर्गत वार्षिक कार्य योजना एवं बजट– 2025–26 के अंतर्गत बिहार शिक्षा परियोजना द्वारा प्राप्त जिलावार माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों में विभिन्न असैनिक कार्य कराने हेतु स्वीकृत योजनाओं की विवरणी :–

| Sr No | Group No. | Name of District | Type of School | Additional Class Room (Nos) |  | Boys Toilet (Nos) |  | Girls Toilet (Nos) |  | BOQ Amount (In Lakh) | EMD (In Lakh) | Tender Fee (In Rs.) | Time of Complition (Months) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
|  |  |  |  | No. of School | No. of ACR | No. of School | No. of Toilet | No. of School | No. of Toilet |  |  |  |  |
| 1 | BPS-03 | AURANGABAD | Higher Secondary | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 1 | 5.62 | 0.11 | 10000/- | 9 Months |
| 2 | BPS-10 | JEHANABAD | Higher Secondary | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 4 | 11.80 | 0.24 | 10000/- | 4 Months |

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No.020945 (B&C) 2025-26

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

मुख्य अभियंता

# 'समृद्ध उद्योग, सशक्त बिहार' अभियान के तहत उद्योग वार्ता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। सोमवार को एक होटल में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में राज्य सरकार की सात निश्चय–3 योजना के अंतर्गत "समृद्ध उद्योग, सशक्त बिहार" अभियान के तहत उद्योग वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।




कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवादा जिले में औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना, निवेश को बढ़ावा देना तथा उद्यमियों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना रहा। बैठक के दौरान उद्योगों की स्थापना, संचालन एवं विस्तार से संबंधित विभिन्न विषयों पर उद्यमियों के साथ गहन विचार-विमर्श किया गया। अपने संबोधन में जिला पदाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2015 में राज्य सरकार द्वारा सात निश्चय–01, वर्ष 2020 में सात निश्चय–02 तथा वर्ष 2025 में सात निश्चय–03 लागू किया गया है। सात निश्चय–03 के अंतर्गत एक प्रमुख निश्चय निश्चय संख्या–02 : "समृद्ध उद्योग, सशक्त बिहार" है। इस निश्चय के माध्यम से राज्य में उद्योगों के तीव्र विकास, बिहार को पूर्वी भारत के एक नए प्रौद्योगिकी केंद्र एवं विश्व स्तरीय कार्यक्षेत्र के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया गया है। इसके अंतर्गत प्रतिष्ठित उद्योगपतियों के साथ-साथ बिहार के युवाओं को भी राज्य में उद्योग स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि राज्य के सभी जिलों में औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना, नए बड़े उद्योगों के लिए निःशुल्क भूमि एवं आकर्षक अनुदान की व्यवस्था की जा रही है तथा राज्य में कम से कम 50 लाख करोड़ रुपये के निजी निवेश को सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही, उद्योग स्थापना की प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं पारदर्शी बनाया जा रहा है। छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु उद्योग विभाग के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग निदेशालय का गठन किया गया है। स्थानीय उत्पादों के निर्यात एवं बाजार विकास के उद्देश्य से बिहार विपणन प्रोत्साहन प्राधिकरण की स्थापना का भी निर्णय लिया गया है। इसके अतिरिक्त, पुरानी बंद चीनी मिलों को चरणबद्ध रूप से पुनः चालू करने तथा नई चीनी मिलों की स्थापना का भी संकल्प लिया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि नवादा जिला अंतर्गत रजौली प्रखंड के भड़रा क्षेत्र में एक औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की जा रही है, जिसका भूमि अधिग्रहण कार्य प्रगति पर है। भविष्य में यहां एक सुव्यवस्थित औद्योगिक जोन विकसित किया जाएगा। उद्योग वार्ता के क्रम में पुष्प अंजुरी प्राइवेट लिमिटेड के फाउंडर रजनीकांत पांडेय ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि बिहार सरकार द्वारा प्रदत्त सीड फंड (10 लाख) से उन्होंने अपना व्यवसाय प्रारंभ किया। इसके साथ ही उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्र, नवादा में विद्युत आपूर्ति एवं जल निकासी से संबंधित समस्याओं तथा कादिरगंज, नवादा अंतर्गत बुनकरों को आ रही विभिन्न व्यावहारिक कठिनाइयों की जानकारी जिला पदाधिकारी को दी। जिला पदाधिकारी ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला भूअर्जन पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, वरीय उपसमाहर्ता, कार्यपालक अभियंता (विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, नवादा एवं रजौली), श्रम अधीक्षक, जिला योजना पदाधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, नवादा के पदाधिकारी/कर्मी तथा जिले के विभिन्न उद्यमी एवं मीडिया कर्मी गण उपस्थित रहे।

## क्षेत्रवासियों की सेवा को जीवन समर्पित : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा विधानसभा क्षेत्र के मघड़ा गांव में नागरिक अभिनंदन समारोह सह जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के सदस्यता अभियान का भव्य आयोजन किया गया। इसी अवसर पर बिहारशरीफ नगर निगम के वार्ड संख्या–48, मघड़ा में 19 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक एवं बिहार सरकार के ग्रामीण विकास सह परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि क्षेत्रवासियों के स्नेह, आशीर्वाद और विश्वास के कारण ही उन्हें आठवीं बार विधायक बनने का अवसर मिला है। उन्होंने भावुक शब्दों में कहा कि शरीर में अंतिम सांस तक वे जनता की सेवा में समर्पित रहेंगे। यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि आम जनता की जीत है। सदस्यता अभियान के दौरान दर्जनों लोगों ने मंत्री के हाथों जदयू की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री ने कहा कि जदयू हमेशा अपने कार्यकर्ताओं को सम्मान




देकर संगठन और सरकार में उचित स्थान देने का कार्य करती रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि आज बिहार विकास, सम्मान और आत्मविश्वास का प्रतीक बन चुका है। वर्ष 2005 के बाद बिहार में हुए ऐतिहासिक बदलाव को जनता ने देखा और महसूस किया है। उन्होंने विपक्ष पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता ने सच्चाई के साथ खड़े होकर ऐसे प्रयासों को नकार दिया। कार्यक्रम में जदयू के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नालंदा को औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से अनुपयोगी एवं बंजर भूमि चिन्हित करें : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के सख्त निर्देश दिए। एग्री स्टैक परियोजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री कार्यों में तेजी लाने पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कृषि विभाग तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग आपसी समन्वय




से कैंप लगाकर जमाबंदी के बकेट क्लेम एवं सत्यापन कार्य मिशन मोड में पूरा करें। ग्राउंड लेवल पर ई-केवाईसी एवं फार्मर रजिस्ट्री कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिला जनता दरबार की समीक्षा में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को वर्ष 2026 में प्राप्त शत-प्रतिशत शिकायतों के त्वरित निष्पादन तथा निष्पादित मामलों को गूगल शीट पर अद्यतन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही दूरस्थ ग्रामीण एवं अनपढ़ आवेदकों की समस्याओं के सहज समाधान तथा कार्यालयों में बैठने, पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने नालंदा को औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से अनुपयोगी एवं बंजर भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए, ताकि औद्योगीकरण को बढ़ावा देकर रोजगार सृजन किया जा सके। नव नालंदा बिहार के समीप स्थित लेक में वॉटर स्पोर्ट्स सुविधा विकसित करने की भी घोषणा की गई। बैठक में सभी विभागों को अपने कार्यालयों में रिक्त पदों की सूचना शीघ्र भेजने, सिनेमा हॉल एवं पेट्रोल पंप से संबंधित एनओसी के लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन तथा भूमि विवाद से जुड़े मामलों को शीघ्र निपटाने का निर्देश दिया गया। लघु सिंचाई प्रमंडल को पईन-आहर को अतिक्रमण मुक्त कराने, शिक्षा विभाग को जर्जर विद्यालय भवनों एवं अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण की सूची प्रस्तुत करने, आपूर्ति विभाग को संदिग्ध राशन कार्ड मामलों में नोटिस जारी करने तथा ई-केवाईसी में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। कंस्ट्रक्शन विभागों को घटिया कार्य पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। जिला परिवहन पदाधिकारी को सड़क दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता सहित सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

## गर्भवती महिलाओं को दिया परामर्श

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ**। प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में प्रखण्ड सामुदायिक उत्प्रेरक मोनी कुमारी के अध्यक्षता में सभी आशा फैसलीटेटर के साथ प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान एवं अभियान में उच्च जोख़िम वाली चिन्हित गर्भवती माताओं को सघन फॉलोअप प्रकिया सुनिश्चित करने पर बैठक का आयोजन किया गया। आशा फैसलीटेटर से अनुरोध करते हुए बताया गया कि सभी अपने स्तर से सेक्टर बैठक के दौरान उच्च जोख़िम वाली गर्भवती महिलाओं की सूची आशा के साथ साझा करें।

## एलआइसी टीम 746 की बैठक, उत्कृष्ट अभिकर्ताओं को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की टीम 746 की एक महत्वपूर्ण बैठक बिहारशरीफ में आयोजित की गई, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अभिकर्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एमडीआरटी (मिलियन डॉलर राउंड टेबल) का गौरव हासिल करने वाले बिजेंद्र कुमार को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वहीं, 200 से अधिक बीमा पॉलिसी करने वाले अभिकर्ता अरुण कुमार को भी उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सम्मान प्रदान किया गया।

इस अवसर पर पटना एलआइसी डिविजन 1 के सीनियर डिवीजनल मैनेजर राजेश आनंद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एलआइसी केवल एक बीमा संस्था नहीं है, बल्कि यह देश के लाखों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का सशक्त माध्यम भी है।




उन्होंने अभिकर्ताओं से इमानदारी, पारदर्शिता और ग्राहक हित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने का आह्वान किया।

राजेश आनंद ने अपने संबोधन में एलआइसी की योजनाओं, भविष्य की रणनीतियों और बीमा क्षेत्र में बढ़ती संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि अभिकर्ताओं की मेहनत और समर्पण के कारण ही एलआइसी आज भी देश की सबसे विश्वसनीय बीमा संस्था बनी हुई है।

कार्यक्रम का संचालन टीम 746 के लीडर अरुण कुमार वर्मा ने किया। उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए टीम की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन का संकल्प दिलाया। बैठक के दौरान अभिकर्ताओं के बीच अनुभव साझा किए गए तथा बीमा व्यवसाय को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श हुआ।

समारोह के अंत में सम्मानित सभी अभिकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में एलआइसी अभिकर्ता उपस्थित रहे।

## सिविल सर्जन डॉ. जयप्रकाश सिंह ने संभाला कार्यभार

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो**। नवपदस्थापित सिविल सर्जन डॉ. जयप्रकाश सिंह ने सोमवार को सदर अस्पताल पहुंचकर औपचारिक रूप से अपना योगदान दिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि मरीजों की सेवा ही उनकी सबसे पहली और सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। जिले के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सही समय पर और सरल तरीके से बेहतर इलाज उपलब्ध कराना उनका मुख्य लक्ष्य है।



सदर अस्पताल समेत जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में मौजूद कमियों को चिन्हित कर उन्हें दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। इसके साथ ही डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ नियमित बैठक कर मरीजों के इलाज में आ रही परेशानियों की जानकारी ली जाएगी, ताकि व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रसव सेवाओं के दौरान आशा कर्मियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों पर अक्सर अवैध रूप से रुपये उगाही के आरोप लगते रहे हैं। ऐसे मामलों पर सख्त निगरानी रखने के लिए गुप्त रूप से एक विशेष टीम का गठन किया जाएगा। यह टीम पूरे जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी करेगी। यदि जांच के दौरान कोई स्वास्थ्य कर्मी दोषी पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एफआईआर तक दर्ज कराई जाएगी। स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी तरह की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और मरीजों को सम्मानजनक एवं पारदर्शी इलाज उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। मौके पर उपाधीक्षक डॉ राजीव रंजन, डीपीएम श्याम कुमार निर्मल,स्वास्थ्य प्रबंधक मोहम्मद इमरान, लेखपाल सुरजीत कुमार मौजूद थे।

## एक नजर

### पुलिस ने दो ट्रैक्टर किये जब्त

**नारदीगंज,नवादा**। थाना क्षेत्र के इचुआ गांव के समीप सोमवार को पुलिस ने दो ट्रैक्टर को जब्त किया। थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने कहा ट्रैक्टर चालक बालू लेकर आ रहा था। पुलिस आने की भनक लगते ही ट्रैक्टर पर से बालू गिराकर वह भाग गया। जिसे पुलिस पदाधिकारी पुलिस के सहयोग से जब्त किया। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। खनन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### पुलिस ने तीन आरोपित को किया गिरफ्तार

**नारदीगंज,नवादा**। थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रविवार की रात पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने तीन आरोपित को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने कहा डोहरा गांव के दहेज उत्पीड़न व मारपीट से सम्बंधित कांड संख्या 274/2025 के आरोपित सुजीत शर्मा उर्फ सुजीत कुमार और शुभम शर्मा उर्फ शुभम कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसके अलावा बरियो गांव के वारंटी गोलू कुमार उर्फ कबिन्द्र को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी आरोपित को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### क्रिकेट टूर्नामेंट का विधायक व जिला पार्षद ने किया उद्घाटन



**कौआकोल**। प्रखण्ड के सोखोदेवरा जेपी फील्ड में सोमवार को जेपी स्पोर्टिंग क्लब सह सूर्य मंदिर निर्माण समिति के बैनर तले क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन स्थानीय विधायक बिनीता मेहता एवं जिला पार्षद अजित यादव ने संयुक्त रूप से किया। उदघाटन मैच नवादा बनाम कोशी गांव के क्लब के बीच आयोजित हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि खेलकूद से मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है एवं आपसी भाईचारा बढ़ता है। मौके पर कमिटी के अध्यक्ष सूर्य नारायण यादव, नवीन यादव, अभिमन्यु महतो,सुमित पंडित, भाजपा पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

### सुशील कुमार मोदी की जयंती मनाई गई

**कौआकोल**। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री व दिवंगत भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी की जयंती सोमवार को मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। भाजपा नेताओं ने बिहार के समावेशी विकास को नई दिशा देने में उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया। भाजपा नेताओं ने कहा कि लोक-कल्याण, सुशासन एवं अंत्योदय के संकल्प को समर्पित करने में उनका संपूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। मौके पर पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष मुकुल सिंह, मनोज साहू, सुरेंद्र महतो, महेंद्र सिंह, राजेंद्र रावत, बबलू चौधरी, राहुल कुमार, उमाकांत प्रसाद, सुधीर कुमार आदि मौजूद थे।

### दुकान के शटर का ताला तोड़कर चोरी

**कौआकोल**। प्रखण्ड के दरावां गांव में रविवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने एक दुकान का शटर का ताला तोड़कर चोरी कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अज्ञात चोरों ने राधिका डेयरी नामक एक दुकान के लोहे का शटर का ताला तोड़कर चोरी कर लिया। घटना की सूचना के बाद कौआकोल पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण भी किया है। हालांकि इस सम्बंध में दुकानदार सुजीत कुमार द्वारा समाचार प्रेषण तक लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

### सैकड़ों लोगों के बीच कम्बल वितरित

**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। प्रखण्ड के फुलडीह गांव में सोमवार को समाजसेवी वीणा देवी एवं उनके पुत्रों के द्वारा सैकड़ों जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। कम्बल वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता नन्दलाल साव ने किया। समाजसेवी महिला वीणा देवी ने बताया कि उनके पति व प्रसिद्ध व्यवसायी स्व० राजकुमार प्रसाद एवं पिता डॉ० शिवनारायण प्रसाद की स्मृति में हर वर्ष इलाके के लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया जाता है। मौके पर उनके पारिवारिक सदस्य डॉ. अनिल कुमार, अरविंद कुमार उर्फ सुसुम साव, नवीन निश्चल आदि मौजूद रहे।

## नालंदा से गूंजा मातृभाषा का वैश्विक स्वर, "वैशाली अंतर्राष्ट्रीय विद्यापीठ" की ऐतिहासिक घोषणा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। ज्ञान, संस्कृति और सभ्यता की प्राचीन धरोहर नालंदा ने एक बार फिर विश्व पटल पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। 4–5 जनवरी को आयोजित चौथे अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा सम्मेलन में भारत के साथ नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका, थाईलैंड और मॉरीशस से आए पत्रकारों, लेखकों और संस्कृतिकर्मियों ने सक्रिय सहभागिता की। दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन सार्क जर्नलिस्ट फोरम इंडिया चैप्टर बिहार, नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी, आम्रपाली कला साहित्य सम्मेलन और मानवाधिकार टुडे के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। सम्मेलन की सबसे बड़ी उपलब्धि "वैशाली अंतर्राष्ट्रीय विद्यापीठ" की स्थापना की औपचारिक घोषणा रही। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों की सर्वसम्मति और हस्ताक्षरों के साथ जारी घोषणा-पत्र को मातृभाषाओं व लोक संस्कृतियों के संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक कदम माना गया। उद्घाटन सत्र में सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कहा कि नालंदा की भूमि पर आयोजित यह सम्मेलन ज्ञान की प्राचीन परंपरा को पुनर्जीवित कर रहा है। अध्यक्षता करते हुए बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. अनिल सुलभ ने मातृभाषा और राष्ट्रभाषा के सामाजिक, सांस्कृतिक व राष्ट्रीय महत्व पर प्रकाश डाला। मॉरीशस से आईं अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त लेखिका डॉ. सरिता बुद्ध ने बिहार को अपना दूसरा घर बताते हुए आयोजन की सराहना की। सम्मेलन में पद्मश्री डॉ. जे.के. सिंह, पद्मश्री बिमल जैन, थाईलैंड के डॉ. पी.सी. चंद्रा, नेपाल के राजू लामा, बांग्लादेश के मोहम्मद अब्दुल रहमान सहित कई विद्वान उपस्थित रहे। इस अवसर पर लाइफटाइम अवार्ड 2025, नालंदा इंटरनेशनल अचीवर्स अवार्ड 2025 और बिहार गौरव अवार्ड 2025 प्रदान किए गए। तीन सत्रों में पत्रकारिता व मानवाधिकार, नालंदा विश्वविद्यालय का वैश्विक शैक्षणिक महत्व और बिहार की संस्कृति व मातृभाषा पर मंथन हुआ। समापन पर लोक संस्कृति आधारित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सम्मेलन को यादगार बना दिया।

## सडक दुर्घटना में स्कूटी सवार की मौत, एक घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। चंडी थाना क्षेत्र में रविवार को तेज रफ्तार ने एक और जान ले ली। भेड़िया गांव के समीप न्यू बायपास पर कार और स्कूटी की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान मोहम्मद सोहेल के रूप में की गई है। दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी युवक को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहम्मद सोहेल स्कूटी से अपने एक दोस्त के साथ पटना से बिहारशरीफ की ओर आ रहा था। इसी दौरान भेड़िया गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही चंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मॉडल अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया है। दुर्घटना में शामिल कार को जब्त कर थाना लाया गया है। पुलिस के अनुसार, हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। इधर, अचानक हुए इस हादसे से मृतक के परिजनों में मातम पसरा हुआ है

## सड़क दुघर्टना में एक की मौत, चार घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)**। रजौली बाईपास स्थित एनएच-20 के सर्विस लेन में तरवन्ना मोड के समीप रविवार की देर शाम एक टोटो और बाइक में जबरदस्त टक्कर हो गई। इस सड़क दुर्घटना में बाइक पर सवार चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए।घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

**बाइक चालक समेत चार लोग घायल,एक की मौत**

अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. श्यामनंदन प्रसाद ने बताया कि घायल लोगों की पहचान घसियाडीह गांव निवासी अजय दास के पुत्र सुदामा कुमार, रजौली निवासी कुलेश्वर प्रसाद यादव के पुत्र सौरभ कुमार, जोगियामारन गांव निवासी बिनोद प्रसाद के पुत्र कृष्णा कुमार एवं मोहनरियातरी गांव निवासी चंदेश्वर यादव के पुत्र मन्नू कुमार के रूप में हुई है। चिकित्सक ने कहा कि घायल सुदामा के सिर में गम्भीर चोटें आई थी, जिसके कारण उसे प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु पावापुरी अस्पताल रेफर किया गया था,जहां इलाज के क्रम में मौत हो गई।

**दो की हालत चिंताजनक**

वहीं अन्य घायलों को रविवार की रात्रि प्राथमिक इलाज कर जरूरी सुई-दवाई दी गई थी।किंतु सोमवार की सुबह घायल मन्नू कुमार और कृष्णा कुमार की तबियत बिगड़ गई,जिसे डॉ. अभिप्राय चौधरी ने बेहतर इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल रेफर किया है।

**कैसे हुई दुर्घटना**

अस्पताल परिसर में मौजूद परिजनों ने बताया कि रविवार की रात्रि होंडा शाइन बाइक पर चारों युवक सवार होकर सर्विस लाइन में रजौली की ओर आ रहा था। इसी बीच सामने से रॉन्ग साइड से आ रही बिना लाइट की एक अनियंत्रित टोटो ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर की आवाज इतना तेज था,कि आसपास के लोग चौंक गए और घटनास्थल पर पहुंचे। इसी बीच टोटो चालक टोटो लेकर फरार हो गया। दुर्घटना के बाद बाइक क्षतिग्रस्त हो गया है।

**टोटो में लाइट नहीं रहना बेहद खतरनाक**

टोटो में लाइट नहीं रहने से बीते दो दिनों में हुई सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो चुकी है।बीते शनिवार की रात्रि छतनी गांव निवासी स्व. भुवनेश्वर प्रसाद के 72 वर्षीय पुत्र चंद्रदेव प्रसाद यादव की मौत टोटो द्वारा कुचलने के कारण हो गई। परिजनों द्वारा बताया गया था कि टोटो में लाइट नहीं था। वहीं बीते रविवार की रात्रि गलत दिशा में बिना लाइट वाले अनियंत्रित टोटो की टक्कर बाइक से हो गई।इस दुर्घटना में बाइक चालक घसियाडीह निवासी अजय दास के पुत्र सुदामा कुमार के रूप हुई है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिली है।डायल 112 की टीम एवं परिजनों के सहयोग से घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।इलाज के दौरान एक युवक की मौत की पुष्टि हुई है। मृतक के परिजनों द्वारा लिखित आवेदन मिलने के बाद अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## अवैध बालू खनन पर शिकंजा कसने की मांग, प्रशासन पर लापरवाही के आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिले में अवैध बालू खनन और बालू माफियाओं के बढ़ते आतंक को लेकर एक बार फिर प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं। इस संबंध में जिला खनन एवं भू-तत्व कार्यालय, नवादा में कार्यरत अधिकारियों और कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में कहा गया है कि अवैध बालू खनन को रोकने के बजाय कुछ अधिकारी और कर्मी माफियाओं को संरक्षण दे रहे हैं, जिससे सरकार को भारी राजस्व की क्षति हो रही है।

शिकायतकर्ता कुलदीप यादव के अनुसार, जिले के विभिन्न घाटों पर बिना वैध स्टॉक या अनुमति के लगातार बालू का उठाव किया जा रहा है। दिन-रात ट्रैक्टर, ट्रक और हाइवा के जरिए बालू की ढुलाई हो रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठा है। आरोप है कि जिन लोगों को बालू भंडारण (स्टॉक) का लाइसेंस दिया गया है, वे निर्धारित नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। न तो घाटों पर सही तरीके से माप की जा रही है और न ही पर्यावरणीय मानकों का पालन।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि कई बार स्थानीय लोगों द्वारा अवैध खनन की सूचना देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उलटे शिकायत करने वालों को ही परेशान किया जाता है। इससे बालू माफियाओं के हौसले बुलंद हैं और आम जनता में भय का माहौल बन गया है। शिकायतकर्ता ने राज्य स्तर पर जांच टीम गठित कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही अवैध खनन में संलिप्त अधिकारियों, कर्मचारियों और माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की अपील की गई है।

पत्र की प्रतिलिपि उपमुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, प्रधान सचिव (खान एवं भू-तत्व विभाग), आर्थिक अपराध इकाई, आयुक्त गया प्रमंडल और जिलाधिकारी नवादा को भी भेजी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने कड़ा कदम नहीं उठाया, तो जिले में अवैध बालू खनन पूरी तरह बेलगाम हो जाएगा। अब देखना यह है कि उच्च अधिकारी इस शिकायत को कितनी गंभीरता से लेते हैं और कब तक दोषियों पर कार्रवाई होती है। उच्च जोख़िम वाली गर्भवती महिलाओं के सघन रूप से फॉलोअप प्रकिया पर आशा फैसलीटेटर के साथ मासिक समीक्षा की गई।

## गाइड करिश्मा को इंटर विद्यालय ओखरिया प्रबंधन ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखण्ड के पीएम श्री इंटर विद्यालय ओखरिया में सम्मान समारोह का आयोजन कर लखनऊ में स्काउट एवं गाइड के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्रा करिश्मा कुमारी को विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अनंत कुमार की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन ने प्रशस्ति पत्र एवं फूल माला लेकर छात्रा को सम्मानित किया। बता दें कि राष्ट्रीय जंबूरी लखनऊ में आयोजित नवादा जिले के 28 स्काउट गाइड ने भाग लिया था। जिसमें इंटर विद्यालय ओखरिया के गाइड करिश्मा कुमारी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेकर बिहार दिवस के दिन धूम मचा दिया। इसके साथ ही करिश्मा ने अन्य विभिन्न कार्यक्रमों में भी भाग लेकर बिहार के साथ साथ नवादा जिले एवं विद्यालय का नाम रोशन करने का काम किया। विद्यालय वापसी आने पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्रा भव्य तरीके से स्वागत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक मनोज कुमार ने करिश्मा की इस उपलब्धि से पूरा विद्यालय परिवार गौरवान्वित है। मौके पर विद्यालय के अन्य शिक्षक व कर्मी मौजूद थे।

## फल एवं सब्जी विक्रेताओं की समस्याओं पर विधानसभ अध्यक्ष से संवाद

# केदारनाथ मार्केट के थोक विक्रेताओं को जल्द मिलेगा नया मार्केट कॉम्प्लेक्स

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** गया शहर के मानपुर स्थित होटल सुखदेव पैलेस में मंगलवार को फल एवं सब्जी विक्रेता संघ, केदारनाथ मार्केट, गया द्वारा बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार के अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने संघ के पदाधिकारियों तथा मेहनतकश फल, सब्जी एवं मछली विक्रेताओं से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना। कार्यक्रम के दौरान फल एवं सब्जी विक्रेता संघ, केदारनाथ मार्केट के पदाधिकारियों की ओर से विधानसभा अध्यक्ष को एक मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में बाजार में मूलभूत सुविधाओं की कमी, स्थायी व्यवस्था की आवश्यकता तथा यातायात से जुड़ी समस्याओं को प्रमुख रूप से उठाया गया। सभा को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान जब वे बिहार सरकार में कृषि मंत्री थे, तब गया के चंदौती स्थित बाजार समिति परिसर में एक भव्य एवं आधुनिक मार्केट कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए फंड उपलब्ध कराया गया था, ताकि फल एवं सब्जी उपभोक्ताओं तथा विक्रेताओं को एक ही स्थान पर सुव्यवस्थित और सुविधाजनक बाजार उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने बताया कि यह मार्केट कॉम्प्लेक्स अब बनकर तैयार हो चुका है और इसके हस्तांतरण की प्रक्रिया जारी है। बहुत जल्द केदारनाथ मार्केट के थोक फल एवं सब्जी विक्रेताओं की मांग के अनुरूप सभी विक्रेताओं को वहां स्थानांतरित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष के इस आश्वासन से फल एवं सब्जी थोक विक्रेताओं में खुशी की लहर देखी गई। उन्होंने राज्य की अर्थव्यवस्था में फल एवं सब्जी विक्रेताओं के योगदान की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग और समर्थन का भरोसा भी दिलाया। अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता फल एवं सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह ने की। इस अवसर पर भाजपा गया जिला के उपाध्यक्ष विकास कुमार ने अपने संबोधन में भाजपा गया जिला की ओर से सभी विक्रेता संघ के सदस्यों को चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत के लिए धन्यवाद दिया तथा गया शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए सरकार और प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, अधिवक्ता मुकेश कुमार, संजय रविदास, सुधीर कुमार सिन्हा, वार्ड पार्षद राहुल शर्मा, टिंकू गोस्वामी, फल एवं सब्जी विक्रेता संघ के सचिव पप्पू कुमार, कोषाध्यक्ष फिरोज साहब, दुर्गा पूजा समिति के सचिव दुर्गा, संघ सदस्य गौतम, महबूब आलम, नौशाद, नसरुद्दीन, छोटू, दुर्गा, नरेश, सत्य प्रकाश, दर्शन कुमार, कृष्ण प्रसाद सहित अन्य गणमान्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## डॉ. प्रेम कुमार ने शीत ऋतु से गौ माता के बचाव हेतु किए कंबल अर्पित

### गया गौशाला में गौ माता के संरक्षण को लेकर सराहनीय पहल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया शहर के मानपुर स्थित श्री गया गौशाला गौरक्षणी में गौ माता की सेवा एवं संरक्षण को लेकर सोमवार को एक सराहनीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गौशाला पहुंचकर शीत ऋतु से गौ माता के बचाव हेतु कंबल अर्पित किए। कार्यक्रम के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने गौशाला में संचालित विभिन्न सेवा गतिविधियों का अवलोकन किया तथा उपस्थित लोगों से गौ संरक्षण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है और गौ माता का संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे सेवा कार्य मानवीय संवेदना के साथ-साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करते हैं। इस अवसर पर जिला पशुपालन अधिकारी डॉ. सुनील राय, भारत सरकार पशु कल्याण बोर्ड के प्रतिनिधि, भाजपा गया जिला के उपाध्यक्ष विकास कुमार, भाजपा नेता अधिवक्ता मुकेश कुमार, भाजपा जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, संजय रविदास, देवानंद पासवान, सुधीर कुमार सिन्हा, जितेंद्र कुमार सहित अनेक गौसेवक एवं गणमान्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## मूलनिवासी संघ ने मनाई सावित्री बाई फुले की जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**वजीरगंज।** वजीरगंज प्रखंड के केनारचट्टी गांव में मंगलवार को मूलनिवासी संघ की ओर से भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। जयंती अवसर पर उपस्थित संघ सदस्यों ने सबसे पहले माता सावित्री बाई फुले एवं महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा उनके सामाजिक और शैक्षणिक योगदान पर चर्चा की। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए संगठन सचिव आदित्य प्रधान एवं समाजसेवी सुनिल कुमार गुरु ने कहा कि माता सावित्री बाई फुले ने देश में प्रथम बालिका विद्यालय की स्थापना कर महिला शिक्षा की नींव रखी। उन्होंने उस दौर में सामाजिक कुरीतियों, ऊंच-नीच के भेदभाव तथा महिलाओं को शिक्षा से वंचित रखने जैसी विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए शिक्षा का अलख जगाया। वक्ताओं ने कहा कि अपने समाजसेवी पति ज्योतिबा फुले के सहयोग से उन्होंने न केवल शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किया, बल्कि सामाजिक सुधार के लिए भी अनेक उल्लेखनीय कार्य किए। कार्यक्रम में मूलनिवासी संघ के जिलाध्यक्ष अवरेन्द्र कुमार यादव, चन्द्रभान पासवान, सुरेश पासवान, मनोज पासवान, उपेन्द्र कुशवाहा, एस के प्रधान सहित अन्य संघ सदस्य उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर युवा समाजसेवी दिलीप कुशवाहा ने वजीरगंज के माली गली स्थित अपने आवास पर माता सावित्री बाई फुले की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई। इस अवसर पर उन्होंने अपनी स्वरचित कविता के माध्यम से माता सावित्री बाई फुले के जीवन संघर्ष और योगदान का भावपूर्ण वर्णन किया। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## वजीरगंज ग्रिड से तीन घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** वजीरगंज विद्युत ग्रिड उपकेन्द्र में मेंटेनेंस कार्य के कारण मंगलवार को अलग-अलग उपकेन्द्रों से कुल तीन घंटे तक चरणबद्ध तरीके से बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक कार्यपालक अभियंता अरविन्द कुमार ने बताया कि 132/33 केवी ग्रिड उपकेन्द्र में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इस दौरान सुबह 11 बजे से 12 बजे तक वजीरगंज विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक मोहड़ा विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक मंझवे विद्युत शक्ति उपकेन्द्र की बिजली आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। विद्युत विभाग ने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे आवश्यक विद्युत संबंधी कार्य समय रहते निपटा लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।

## डिहरी से फुसरो जा रही चेतक बस में अज्ञात यात्री की मौत

### शेरघाटी अस्पताल में सुरक्षित रखा गया शव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** डिहरी से फुसरो जा रही चेतक बस में सफर के दौरान एक अज्ञात यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब उक्त व्यक्ति फुसरो जाने के लिए शेरघाटी से बस में सवार हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यात्रा के दौरान अचानक उसकी हालत बिगड़ने लगी और वह अचेत हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बस चालक और खलासी ने मानवीय पहल करते हुए बस को तुरंत शेरघाटी अनुमंडलीय अस्पताल की ओर मोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने तत्काल जांच की, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने यात्री को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही शेरघाटी थाना की पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की आवश्यक जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने शव का पंचनामा कर आगे की प्रक्रिया पूरी की। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। मृतक के पास से कोई ऐसा दस्तावेज या पहचान पत्र नहीं मिला जिससे उसकी पहचान सुनिश्चित हो सके। पुलिस के अनुसार पहचान होने तक शव को शेरघाटी अनुमंडलीय अस्पताल में सुरक्षित रखा गया है। इस संबंध में पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति अस्पताल में रखे गए शव की फोटो देखकर मृतक को पहचानता है या उससे संबंधित कोई जानकारी रखता है तो वह शेरघाटी थाना से संपर्क करे। पुलिस का कहना है कि पहचान की पुष्टि के बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। इस घटना के बाद बस में सवार यात्रियों में भी कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। हालांकि चालक और खलासी की तत्परता से स्थिति को संभाल लिया गया।

## सुशील कुमार मोदी की जयंती पर श्रद्धासुमन किया गया अर्पित

### सामाजिक न्याय और विकास के मुद्दों पर उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा : डा. मनीष पंकज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार भाजपा के संगठनात्मक कद के महान नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय सुशील कुमार मोदी की जयंती के अवसर पर किसान मोर्चा कार्यालय नूतन नगर में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सुशील कुमार मोदी बिहार की राजनीति के ऐसे स्तंभ थे जिन्होंने सिद्धांत, संघर्ष और संगठन के बल पर भारतीय जनता पार्टी को मजबूती प्रदान की। डॉ. मिश्रा ने कहा कि लालू प्रसाद यादव के लगभग 15 वर्षों के शासनकाल में बिहार जिस अराजकता, भ्रष्टाचार और अपराध के दौर से गुजरा, उसे आम जनता ने 'जंगल राज' के रूप में महसूस किया। उस कठिन समय में सुशील कुमार मोदी ने निडर होकर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष किया और सड़क से सदन तक जनहित की आवाज बुलंद की। उन्होंने विपक्ष में रहते हुए भी सरकार की नीतियों का तार्किक विरोध किया और जनता को सच से अवगत कराया। उन्होंने आगे कहा कि सुशील कुमार मोदी ने भाजपा को केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक जनआंदोलन के रूप में स्थापित किया। उनके अथक प्रयासों और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण ही बिहार में भारतीय जनता पार्टी गठबंधन की सरकार बनाने में सफल हुई। उपमुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में सुशासन, पारदर्शिता और विकास को नई दिशा मिली। वित्तीय अनुशासन, सामाजिक न्याय और विकास के मुद्दों पर उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि सुशील कुमार मोदी का जीवन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है और उनका विचारधारा-आधारित संघर्ष सदैव मार्गदर्शक बना रहेगा। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व बिहार की राजनीति में अमिट छाप छोड़ गया है जिसे आने वाली पीढ़ियां हमेशा याद रखेंगी। नमन करने वालों में संतोष ठाकुर, राणा रणजीत सिंह, दीपक पांडेय, गोपाल प्रसाद यादव, राजू मिश्रा, धर्मेंद्र प्रसाद, सुनील मिश्रा, महेश यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

## थोक खाद विक्रेताओं की मनमानी से खुदरा विक्रेता परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** प्रखण्ड खुदरा खाद विक्रेता संघ ने प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी प्रियंका कुमारी को आवेदन देकर थोक खाद विक्रेताओं की मनमानी पर लगाम लगाने का अनुरोध किया है। इस संबंध में प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी ने आवेदन प्राप्ति को स्वीकार करते हुए बताया कि इस तथ्य की सूचना जिला कृषि पदाधिकारी को दे दी गई है। गौरतलब है कि प्रखण्ड क्षेत्र में इन दिनों यूरिया खाद की कालाबाजारी चरम पर है। प्रति बोरी तीन सौ पचास रूपए से चार सौ रुपए तक बिक्री हो रही है जबकि बिक्री का सरकारी रेट दो सौ छियासठ रूपए है। इस संबंध में कई लाइसेंसी खुदरा व्यवसायियों ने बताया कि गया में हीं हमलोगों को थोक खाद विक्रेताओं द्वारा 330 रूपए प्रति बोरा यूरिया दिया जाता है। दस रूपए बोरा भाड़ा लगता है और फिर दुकान में दस रूपए पोलदारी लग जाता है। कुल मिलाकर 350 रूपए प्रति बोरा पूंजी लग रहा है। ऐसे में मुझे कैसे बेचना चाहिए। उपर से थोक विक्रेताओं द्वारा जबरदस्ती दवा दिया जाता है जिसे किसान लेने को तैयार नहीं होते। थोक विक्रेता हमारी समस्याओं को सुनते नहीं और सीधे बोलते हैं कि तब मेरे पास खाद नहीं है। दूसरी ओर सरकार दबाव डालती है कि सरकारी दर पर बेंचे नहीं तो लाइसेंस रद्द। हमलोग किसी ओर के भी नहीं रह गये हैं बल्कि किसानों से भी प्रतिदिन दाम को लेकर विवाद होते रहता है। सरकार एवं पदाधिकारियों द्वारा थोक खाद विक्रेताओं पर दबाव नहीं दिया जाता है। प्रखण्ड स्तरीय विक्रेताओं पर हीं इनका डंडा चलता है। यह हाल वर्षों से चला आ रहा है। यही रवैया रहा तो हम प्रखण्ड के सारे विक्रेता सामूहिक रूप से खाद का उठाव बंद कर देंगे। ज्ञात हो कि गुरारू प्रखण्ड में बारह पैक्स है और घटेरा, रौना, कोंची के पास हीं लाइसेंस है।

## इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य को मिला नालंदा इंटरनेशनल अचीवर अवार्ड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** गया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गया के प्राचार्य एवं प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. राजन सरकार को पूर्व राज्यपाल सिक्किम एवं मेघालय गंगा प्रसाद द्वारा शिक्षा एवं शैक्षणिक नेतृत्व एवं सामाजिक-बौद्धिक योगदान के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए नालंदा इंटरनेशनल अचीवर अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मान एसएएआरसी जर्नलिस्ट फोरम (इंटरनेशनल) द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी, पटना में किया गया जिसमें देश-विदेश के शिक्षाविद्, पत्रकार, साहित्यकार एवं सामाजिक विचारक उपस्थित रहे। सम्मान प्रदान करते हुए आयोजकों ने कहा कि डॉ. राजन सरकार ने तकनीकी शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण, समाजोपयोगी एवं मातृभाषा-आधारित दृष्टिकोण से सुदृढ़ करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनके कुशल नेतृत्व में गया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग ने शैक्षणिक अनुशासन, नवाचार एवं संस्थागत विकास के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। इस अवसर पर डॉ. राजन सरकार ने सम्मान के लिए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार उन्हें शिक्षा एवं समाज के लिए और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है।

## भीषण ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त

### अलाव व कंबल वितरण नहीं होने से बढ़ी परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार बढ़ रही ठंड से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। ठिठुरन और शीतलहर के कारण लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बावजूद इसके अब तक न तो सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की समुचित व्यवस्था हो सकी है और न ही गरीब, असहाय व बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण किया गया है। इससे लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले वर्ष चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई थी तथा गरीबों को कंबल भी बांटे गए थे, लेकिन इस वर्ष प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। राजद प्रखंड प्रभारी डॉ. रामाशीष कुमार ने कहा कि ठंड के प्रकोप से कई लोगों की जान चली जाती है, लेकिन सही आकलन नहीं हो पाता। इस संबंध में अंचलाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि अलाव जलाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है और शीघ्र ही अन्य स्थानों पर भी लकड़ी की व्यवस्था कर अलाव जलाया जाएगा।

## शेरघाटी में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा ने किया गरीबों के बीच कंबल वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** बढ़ती ठंड को देखते हुए हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के शेरघाटी प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार मांझी के नेतृत्व में गरीब, असहाय और मजदूर वर्ग के लोगों के बीच दर्जनों कंबलों का वितरण किया गया। इस सामाजिक कार्य का उद्देश्य ठंड के मौसम में जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाना था। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान धाप चिड़िया पंचायत के मुखिया सुधीर कुमार मांझी भी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और जरूरतमंद लोग शामिल हुए। कंबल पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी और संतोष देखने को मिला। इस अवसर पर बातचीत के दौरान प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार मांझी ने कहा कि ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है जिससे सबसे ज्यादा परेशानी गरीब और असहाय मजदूर वर्ग को होती है। उन्होंने बताया कि इसी को ध्यान में रखते हुए पार्टी की ओर से दर्जनों जरूरतमंद लोगों के बीच कंबलों का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों की मदद करना उनका नैतिक और सामाजिक दायित्व है। मांझी ने आगे कहा कि हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा हमेशा से गरीबों और जरूरतमंदों के हित में काम करती रही है और आगे भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम जारी रहेंगे। वहीं मुखिया सुधीर कुमार मांझी ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के सामाजिक कार्यों से जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिलती है और समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। कंबल वितरण के दौरान स्थानीय कार्यकर्ता भी मौजूद रहे और व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया।

## गैर जमानतीय वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना की पुलिस ने न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी गया अश्विनी कुमार राय की अदालत से निर्गत गैर जमानतीय वारंट के आधार पर एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटी बद्री पासवान पिता स्वर्गीय जगदेव पासवान उर्फ जागेश्वर पासवान, ग्राम राजा बीघा, थाना आंती, जिला गया का निवासी है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने सोमवार शाम करीब 4 बजे बताया कि मामला जीआर संख्या 1995/18 एवं आंती थाना कांड संख्या 23/18 से संबंधित है।

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.: एससीपीएच_आर_25–28, दिनांक 02.01.2026,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, काँचरापाड़ा, कैरिज कॉम्प्लेक्स, उत्तर 24 परगना, पीओः काँचरापाड़ा, पिन–743145 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना सं.: एससीपीएच_आर_ 25–28, कार्य का नाम एवं इसका स्थान :** कैरिज कॉम्प्लेक्स, काँचरापाड़ा में 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए पारंपरिक, एलएचबी, डीईएमयू/एमईएमयू/ईएमयू ट्रेलर और मोटर कोचों के 144000 स्प्रिंग (एक्सल गाइड एवं बोल्सटर) की सफाई, पेंटिंग और हैंडलिंग। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 56,81,376/– जीएसटी सहित। **निविदा कागजात का मूल्य (टीडीसी):** शून्य। **वेबसाइट जहाँ से निविदा कागजात उपलब्ध होगा :** निविदा कागजात का संपूर्ण सेट भारतीय रेल की ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 02.01.2026 से 24.01.2026 को 11.00 बजे तक उपलब्ध होगा। **बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी:** रु. 1,13,700/–, **कार्य की समापन अवधि:** 03 (तीन) वर्ष। **विज्ञापन अवधि:** दिनांक 02.01.2026 से 24.01.2026 को 11.00 बजे तक । **प्रस्ताव जमा देने की अवधि:** 15 (पंद्रह) दिन पूर्व से दिनांक 24.01.2026 को 11.00 बजे तक। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 24.01.2026 को 11.00 बजे तक। **निविदा की वैधता:** 66 (छियासठ) दिन। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** निविदा दिनांक 24.01.2026 को 12.00 बजे और उसके बाद खोली जाएगी।

MISC-348/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सं.: 246_2025–26, दिनांक: 02.01.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 **[वरिष्ठ डीईएन/सी/हावड़ा]** द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का विवरण :** (i) एईएन/नबद्वीपधाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 17/ए/1 के स्थान में नए सीमित ऊँचाई के सबवे का निर्माण। (ii) एईएन/नबद्वीपधाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 17/ए/टी के स्थान में नए सीमित ऊँचाई के सबवे का निर्माण। (iii) एईएन/नबद्वीपधाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 17/ए/6 के स्थान में नए सीमित ऊँचाई के सबवे का निर्माण। (iv) एईएन/नबद्वीपधाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 18 के स्थान में नए सीमित ऊँचाई के सबवे का निर्माण। (v) एईएन/नबद्वीपधाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 12ए/1 के स्थान में नए सीमित ऊँचाई के सबवे का निर्माण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 32,40,18,905.10, **बयाना राशि :** रु. 17,70,100/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 27.01.2026 को 14.00 बजे । निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-510/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## बांके बाजार में शराब बिक्री मामले का आरोपित गिरफ्तार

### मदनपुर पुलिस के सहयोग से श्याम सिंह पकड़ा गया, पूछताछ जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी(ग्रामीण)।** बांके बाजार थाना पुलिस ने शराबबंदी कानून के तहत दर्ज एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मदनपुर थाना पुलिस के सहयोग से की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान श्याम सिंह, पिता सूर्यदेव सिंह, निवासी डिहुली, थाना मदनपुर, जिला औरंगाबाद के रूप में हुई है।

मामला बांके बाजार थाना कांड संख्या 147/25, दिनांक 13/10/25 से जुड़ा है, जो बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधन अधिनियम 2022 की धारा 30(थ)/33 के तहत दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर उसे पकड़ा गया। बांके बाजार थाना अध्यक्ष मंटू कुमार ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तारी के बाद आरोपी को थाना लाया गया जहां उससे पूछताछ की जा रही है। सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं और उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की जा रही है। थाना अध्यक्ष ने यह भी कहा कि बिहार सरकार द्वारा लागू शराबबंदी कानून का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री में शामिल लोगों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। कानून का उल्लंघन करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि ऐसे अभियानों से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार पर अंकुश लगेगा। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## विधायक ने पूर्व प्रधानाध्यापक को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के कोंच प्लस टू प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय परिसर में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक एवं संस्थापक स्वर्गीय गोपाल सिंह की दसवीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर स्थानीय विधायक अजय दांगी ने स्वर्गीय गोपाल सिंह के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक दांगी ने अपने संबोधन में कहा कि गोपाल सिंह बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने वाले व्यक्ति थे। उन्होंने विद्यालय के लिए अपनी जमीन दान की और कन्या उच्च विद्यालय को अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। विधायक ने कहा कि ऐसे विचार वाले व्यक्ति अब बहुत कम मिलते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक तरुण कुमार ने की जबकि संचालन निलेश कुमार ने किया। इस दौरान प्रमोद कुमार शर्मा ने विधायक अजय दांगी को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में शिक्षक शत्रुघ्न शर्मा, विजय नारायण सिंह, कांग्रेस नेता सत्येंद्र नारायण सिंह, मुखिया शिवकुमार चौहान, दिलीप कुमार, राजद नेता सरफराज आलम, रजनीकांत कुमार और अजय कुमार सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

संपादकीय

# शक्ति, बुद्धि और नवाचार के संगम वाली महिलाएं बन रहीं रोल मॉडल

पुराणों और महाकाव्यों में चर्चा की गई है कि नारी में असीम साहस और बुद्धि का संगम होता है. बात चाहे द्रौपदी की हो या रानी लक्ष्मीबाई की, सावित्री की या अहिल्याबाई की- सभी ने अपने समय में साहस, बुद्धि और दृढ़ता से चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना किया. आज वही भावना आधुनिक भारतीय महिला के डिजिटल, आर्थिक और स्वास्थ्य-संबंधी नेतृत्व में परिलक्षित हो रही है. यह नया साल उसी भावना से पूर्ण प्रतीत होता है जहां भारतीय महिला के जीवन, डिजिटल मंच, आर्थिक निर्णय और स्वास्थ्य-संबंधी गतिविधियों में अद्भुत परिवर्तन आ चुका है.

महिलाएं अपने लिए अवसर गढ़ रही हैं, अपने लिए नई परिभाषाएं बना रही हैं और समाज की धारा को नई दिशा दे रही हैं- और इसमें डिजिटलाइजेशन महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है. डिजिटल दुनिया में भारतीय महिलाओं की उपस्थिति अब केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रही. सोशल मीडिया के माध्यम से वे मनोरंजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जिम्मेदारी के हर क्षेत्र में अपना प्रभाव स्थापित कर रही हैं. उनकी तकनीकी और कौशल क्षमताएं भी नई ऊंचाइयों पर हैं.

इंडिया स्किल्स रिपोर्ट के अनुसार, पहली बार महिलाओं की नौकरी योग्यता पुरुषों से आगे निकल गई है. स्मार्टफोन, डिजिटल प्लेटफॉर्म और माइक्रोफाइनेंस का लाभ उठाकर महिलाएं स्वरोजगार, निवेश और उद्यमिता में अपनी छाप छोड़ रही हैं. सर्वेक्षण बताते हैं कि लगभग 63% भारतीय महिलाएं स्वरोजगार और वित्तीय स्वतंत्रता की आकांक्षा रखती हैं, और यही आकांक्षाएं उन्हें आर्थिक निर्णयों और नेतृत्व भूमिकाओं में सक्रिय बना रही हैं.

भारतीय महिलाओं का आर्थिक आत्मनिर्भरता में योगदान भी अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गया है. प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत खोले गए खातों में से 55% खाताधारक महिलाएं हैं, और भारत में 30% से अधिक यूपीआई लेनदेन महिलाओं द्वारा किए जा रहे हैं.

इसी प्रकार स्वास्थ्य, फिटनेस और जीवनशैली के क्षेत्र में भी महिलाएं सशक्त और प्रेरक बन रही हैं. योग, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य और जीवन कौशल के डिजिटल समुदायों में भागीदारी के जरिए महिलाएं न केवल अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दे रही हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव की मिसाल भी कायम कर रही हैं.

आज भारत में लगभग 80 लाख महिला उद्यमी हैं, जो देश के कुल उद्यमियों का लगभग 14% हिस्सा बनाती हैं और 20% एमएसएमई में नेतृत्व कर रही हैं. पिछले पांच वर्षों में महिला नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स की संख्या 10% से बढ़कर 18% हो गई है, जिसमें लगभग 7,000 स्टार्टअप्स सक्रिय हैं और इन्हें लगभग 2 लाख करोड़ रुपए का फंड मिला है. वैश्विक शोध से यह भी पता चला है कि जब महिलाओं को वास्तविक, मानवीय और संघर्षशील रोल मॉडल दिखाई देते हैं तो उनका स्वयं का आत्मविश्वास और चयन क्षमता भी सकारात्मक रूप से प्रभावित होती है. महिलाएं अपने कैरियर के दौरान किसी न किसी अन्य महिला को अपना रोल मॉडल पाती हैं, जो उनके आत्मविश्वास और प्रेरणा का स्रोत बनती हैं.

यह बदलाव केवल सांस्कृतिक नहीं है, बल्कि आर्थिक और सामाजिक रूप से भी संरचित प्रतीत होता है. 2026 सिर्फ नया वर्ष नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण, नवाचार और नेतृत्व का प्रतीक वर्ष है.

# भारत में भगदड़ को समझना कितना मुश्किल

**भारत में भगदड़ की घटनाओं में बढ़ोतरी देखी जा रही है, जिससे बहुत ज़्यादा जान का नुकसान हो रहा है और इसके लिए तुरंत पॉलिसी में दखल देने की जरूरत है. ऐसी ही एक और बुरी घटना 1 नवंबर, 2025 को आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के कासिबुग्गा में वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में हुई. इसमें कम से कम 9 भक्तों की जान चली गई और कई दूसरे घायल हो गए. इस भगदड़ में 8 महिलाओं और एक बच्चे की मौत हो गई. इससे त्योहारों और धार्मिक सभाओं में लोगों की सुरक्षा और भीड़ मैनेजमेंट को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं. ज़्यादा भीड़, आने-जाने का सिर्फ एक रास्ता, एक खराब कंस्ट्रक्शन साइट, जिससे भक्तों का आना-जाना रुका, ये सभी इस भगदड़ की वजहें बताई जा रही हैं. एक अंदाजे के मुताबिक, 25 हजार से ज़्यादा लोगों की भीड़ की वजह से भक्तों में अफरातफरी मच गई और यह अफरा-तफरी तब हुई, जब भीड़ के दबाव की वजह से रेलिंग गिर गई, जब वे पहली मंजिल पर बने ऊंचे मंदिर परिसर में घुसने की कोशिश कर रहे थे.**

**डॉ. कंचारला वैलेंटिना**

कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह वेंकटेश्वर मंदिर प्राइवेट था और एकादशी के शुभ मौके पर होने वाली भारी भीड़ के बारे में सरकारी अधिकारियों से परमिशन नहीं ली गई थी, लेकिन यहां एक जरूरी सवाल यह है कि सरकारी अधिकारियों को इतनी बड़ी भीड़ के बारे में कैसे पता नहीं चल सकता?



27 सितंबर को एक और दुखद भगदड़ हुई. इसमें तमिलगा वेट्री कशगन (टीवीके) के संस्थापक और अभिनेता विजय टीवीके पार्टी की करूर में हुई मीटिंग के दौरान 40 से ज़्यादा लोगों की मौत हो गई, जिसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया.

हाल ही में धार्मिक, राजनीतिक रैलियों, खेल आयोजनों और अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान कई भगदड़ें हुई हैं. ज़्यादा समय नहीं हुआ जब बैंगलोर में 4 जून, 2025 को रॉयल चैलेंजर्स की पहली ढ्ढक्क जीत के जश्न के दौरान भगदड़ हुई, जिसमें 11 लोग मारे गए और 56 घायल हो गए.

यूपी के हाथरस में, 2 जुलाई 2024 को, भोले बाबा के 121 भक्तों की भगदड़ में मौत हो गई, जो उस समय हुई जब वे कार्यक्रम स्थल से निकल रहे थे. यह भगदड़ तब हुई, जब कुछ लोग उन्हें करीब से देखने के लिए उनकी ओर दौड़े, जिससे भीड़, अफरा-तफरी और भगदड़ मच गई. 29 जनवरी 2025 को मौनी अमावस्या के दौरान कुंभ मेले के दौरान, आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार 30 लोगों की मौत हो गई, जबकि स्वतंत्र मीडिया का कहना है कि करीब 82 लोग मारे गए. 15 फरवरी, 2025 को दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी भगदड़ मची थी, जिसमें कुंभ मेले में प्रयागराज के लिए ट्रेन पकड़ने की भीड़ में 18 लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे. इसी तरह, 2011 में सबरीमाला तीर्थयात्रा के सालाना जमावड़े में भगदड़ की घटना में 109 लोग मारे गए थे. आमतौर पर भगदड़ बेकाबू भीड़ के जमावड़े में होती है. भगदड़ को सिर्फ हादसा नहीं माना जा सकता और इसके सामाजिक-आर्थिक और स्ट्रक्चरल पहलू भी होते हैं. वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के अनुसार, एक तय समय में किसी खास मकसद के लिए एक तय जगह पर एक तय संख्या से ज़्यादा लोग जमा होते हैं. भीड़ दो तरह की हो सकती है. अचानक और प्लान की हुई. अचानक होने वाली भीड़ को मैनेज करना, अपने स्वभाव के कारण, दूसरों की तुलना में ज़्यादा मुश्किल होता है. फैक्टली की ऑनलाइन वेबसाइट के मुताबिक, एनसीआरबी की 'भारत में एक्सीडेंटल मौतें और आत्महत्याएं' नाम की रिपोर्ट के मुताबिक, 2001 से 2022 तक भगदड़ से हुई मौतों का आंकड़ा बताता है कि भारत में भगदड़ की वजह से कुल 3,074 जानें गई हैं. इनमें से 2,169 (70%) पुरुष और 900 (30%) महिलाएं थीं.

15 अप्रैल, 1989 को, इंग्लैंड के शेफील्ड के हिल्सबोरो स्टेडियम में ब्रिटिश स्पोर्ट्स के इतिहास की सबसे खतरनाक घटनाओं में से एक हुई. इसमें 90 लोगों की मौत हो गई और 200 से ज़्यादा लोग घायल हो गए. इस घटना के बाद यूनाइटेड किंगडम में स्पोर्ट्स इवेंट्स में भीड़भाड़ से जुड़े सेफ्टी प्रोटोकॉल में कई बदलाव हुए. पिछली सदी में दुनिया की तीन सबसे खतरनाक इंसानी भगदड़ में 2005 में बगदाद में एक धार्मिक जुलूस के दौरान हुई भगदड़ (965 मौतें), 2006 में सालाना हज के दौरान मीना वैली में हुई भगदड़ (380 मौतें) और 2010 में कंबोडिया में नोम पेन्ह ब्लैक फ्राइडे शॉपिंग भगदड़ में हुई भगदड़ शामिल है, जिसमें 347 मौतें हुई.

भगदड़ पर हुई रिसर्च से पता चलता है कि ये ज़्यादातर धार्मिक त्योहारों, जीत के जुलूसों और राजनीतिक रैलियों में होती हैं, जहां इन इवेंट्स में शामिल होने वाले लोगों की संख्या बढ़ जाती है. एमिल दुर्खीम के अनुसार, धार्मिक जमावड़े से एक ऐसी चीज बनती है, जिसे कलेक्टिव इफर्वेसेंस (पवित्र समय और जगह) कहते हैं, जिसके दौरान लोग एकता और बहुत ज़्यादा इमोशनल इंटेंसिटी शेयर करते हैं. दुर्खीम के अनुसार, एक धर्म उन पलों के जरिए बनता है और उसे सही ठहराया जाता है, जिन्हें वह 'कलेक्टिव इफर्वेसेंस' कहते हैं. कलेक्टिव इफर्वेसेंस का मतलब सामाजिक जीवन के वे पल हैं जब समाज बनाने वाले लोगों का ग्रुप कोई धार्मिक रस्म करने के लिए एक साथ आता है. इन पलों के दौरान, ग्रुप एक साथ आता है और एक ही विचार में बातचीत करता है और एक ही काम में हिस्सा लेता है, जो लोगों के एक ग्रुप को एकजुट करता है और हिस्सा लेने वालों को बहुत ज़्यादा कलेक्टिव इमोशनल एक्साइटमेंट या पागलपन की ओर ले जाता है. यह इंपर्सनल, एक्स्ट्रा-इंडिविजुअल ताकत, जो धर्म का एक मुख्य हिस्सा है, लोगों को एक नई, आदर्श दुनिया में ले जाती है, उन्हें खुद से बाहर ऊपर उठाती है, और उन्हें ऐसा महसूस कराती है, जैसे वे किसी असाधारण एनर्जी के संपर्क में हैं. सोशल साइकोलॉजिस्ट इरविंग गॉफमैन के अनुसार, सोशल लाइफ एक नाटक की तरह है और अक्सर किसी भी व्यक्ति के काम, व्यवहार और किसी सामाजिक स्थिति में प्रेजेंटेशन सेटिंग और ऑडियंस पर निर्भर करता है.

धार्मिक या रैलियों जैसे इवेंट्स में लोग भक्ति या वफादारी दिखाते हैं, जिससे अक्सर अव्यवस्था और अफरा-तफरी मच जाती है. यहीं पर व्यक्तिगत समझदारी पर सामूहिक उत्साह, डर और घबराहट हावी हो जाती है. भीड़ की एक साइकोलॉजी है कि जब लोग बड़ी संख्या में इकट्ठा होते हैं, तो व्यवहार के ज़्यादा सिंक्रोनाइज़्ड होने और कभी-कभी अनप्रेडिक्टेबल होने की एक स्वाभाविक प्रवृत्ति होती है. भीड़ द्वारा दी गई गुमनामी से जिम्मेदारी का फैलाव हो सकता है, जहां लोग यह मान सकते हैं कि इमरजेंसी में कोई और जिम्मेदारी संभालेगा.

साल 2020 में पब्लिश हुई IIT सिविल इंजीनियरिंग फैकल्टी की एक स्टडी में बताया गया है कि 1883 से 2017 के बीच दुनिया भर में कुल 137 भगदड़ हुई हैं. इस स्टडी में भगदड़ को धार्मिक, खेल, मनोरंजन, त्योहार, राजनीतिक और दूसरे इवेंट्स के आधार पर बांटा गया था. सभी तरह के इवेंट्स में, धार्मिक जमावड़ों की वजह से कुल 64% मौतें होती हैं और 51% घायल होते हैं. इसके कारणों की पहचान अफवाहें, आग, स्ट्रक्चरल खराबी, पतला रास्ता, ज़्यादा भीड़ और दूसरे कारणों के तौर पर की गई है. भगदड़ पर कोई खास कानून नहीं है, लेकिन भारतीय न्याय संहिता का सेक्शन 106 लापरवाही से हुई मौत से जुड़ा है और ब्बहस् का सेक्शन 125 जल्दबाजी या लापरवाही से किए गए ऐसे कामों पर सजा देता है, जिनसे इंसानी जिंदगी या निजी सुरक्षा को नुकसान पहुंचता है. ज़्यादातर सरकारी अधिकारी बड़े क्रिमिनल कानूनों, डिजास्टर मैनेजमेंट प्रोटोकॉल और लापरवाही और लोगों को खतरे में डालने वाले खास सेक्शन के कॉम्बिनेशन पर भरोसा करते हैं. 1861 का पुलिस एक्ट, जिसे राज्य की खास जरूरतों के हिसाब से बदला गया था, भीड़ की सुरक्षा को देखने वाला सबसे बड़ा कानून माना जाता है. डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट, 2005 के तहत, भगदड़ 'इंसानों की बनाई आपदाओं' की कैटेगरी में आती है और इस एक्ट के तहत इससे निपटा जाता है.

अध्यात्म

## सेवा करने में कभी भी पीछे न हटें



एक दिन गौतम बुद्ध अपने आश्रम में टहल रहे थे। चारों ओर शांति थी, लेकिन तभी उनकी दृष्टि एक कोने में पड़ी, जहां एक भिक्षु असहाय अवस्था में तड़प रहा था। उसे डायरिया हो गया था, इस कारण उसका शरीर अत्यंत कमजोर हो चुका था, उसके लिए सांस लेना भी कठिन हो रहा था। बीमारी की वजह से उसके आसपास गंदगी भी हो गई थी। वह अकेला था और कोई उसकी देखभाल करने वाला नहीं था। बुद्ध ने तुरंत अपने प्रिय शिष्य आनंद को बुलाया और कहा कि आनंद, शीघ्र कुछ औषधियां लेकर आओ, हमें इसका उपचार करना होगा। इसके बाद बुद्ध स्वयं उस बीमार भिक्षु के पहुंचे और बिना किसी संकोच के उन्होंने उसे सहारा दिया और उसके आसपास फैली गंदगी को साफ करने लगे। बुद्ध के स्वभाव में न घृणा थी, न ही अहंकार था, उनके मन में केवल सेवा भाव था। आनंद बीमार भिक्षु के लिए औषधियां ले आए। बुद्ध ने स्वयं उस बीमार व्यक्ति को औषधियां दीं। पानी पिलाया। औषधियों के असर से थोड़ी देर में भिक्षु को राहत मिलने लगी। ये दृश्य देखकर आश्रम के अन्य भिक्षु वहां इकट्ठा हो गए। वे चुपचाप ये सब देख रहे थे। अंततः उनमें से एक ने पूछा कि तथागत, आपने स्वयं गंदगी क्यों साफ की? बुद्ध ने शांत स्वर में कहा कि आप मुझसे प्रश्न मत करो। मैं तुम सबसे ये पूछना चाहता हूं कि तुम लोगों ने अपने ही आश्रम के इस बीमार भिक्षु की सेवा क्यों नहीं की? तुम जानते थे कि ये अकेला है। यहां न कोई रिश्तेदार आता है, न कोई अपना। इस आश्रम में हम सभी एक-दूसरे के मित्र और परिवार हैं, फिर भी आप सभी ने इसे अकेला छोड़ दिया। बुद्ध की बातों का भिक्षुओं के पास कोई उत्तर नहीं था। सभी लज्जित होकर मौन खड़े रह गए। तब बुद्ध ने कहा कि याद रखें, बीमारी किसी को भी हो सकती है। जब तुम किसी बीमार की सेवा करते हो, तो वह सेवा सीधे परमात्मा तक पहुंचती है। करुणा और सेवा ही सच्चा धर्म है। इसलिए किसी बीमार की सेवा करने में संकोच न करें। उस दिन सभी भिक्षुओं ने ये समझा कि सच्चा ज्ञान केवल उपदेशों में नहीं, बल्कि व्यवहार और करुणा में छिपा है।

# जहरीली मिट्टी : सिर्फ फसलों का नहीं, नस्लें बचाने का मसला

**'पवन गुरु, पानी पिता, माता धरत महत' - गुरु नानक देव जी के ये कालजयी शब्द हमें प्रकृति के महत्व से जोड़ते हैं। हमारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् भी भारत को बहती नदियों और हरी-भरी फसलों से लहलहाते खेतों के देश के रूप में नमन के लिए प्रेरित करता है। विडंबना यह है कि जब देश वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ मना रहा है, तो वहीं दूसरी ओर हमारे पैरों तले जमीन एक बेहद भयावह कहानी बयां कर रही है। जो मिट्टी कभी देश की खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण समृद्धि की आधारशिला थी, वह आज थकी है, खुराक के नाम पर खतरनाक रसायनिक खाद की बेतहाशा खपत से धरती का सीना छलनी है। यह सच्चाई भारत की पहली हरित क्रांति के केंद्र रहे पंजाब में साफ दिखाई देती है।**

**डा. अमृत सागर मित्तल**

सड़कों, गगनचुंबी इमारतों, कारखानों और रोजगार की दौड़ एक हद तक जरूरी है, पर इस दौड़ की होड़ में हम एक बुनियादी सच भूल गए। प्रदूषित गैस चैंबर से ढका नील-गगन, जहरीला जल-थल फसलों, इंसानों, पशु-पक्षियों व सूक्ष्म जीवों के जीवन से खिलवाड़ है। जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण अब चेतावनियां नहीं, बल्कि जहरीले भूजल, गिरती कृषि उत्पादकता और बढ़ते रोगों के रूप में हमारी रोजमर्रा की सच्चाई बन चुके हैं। स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार आज हमारी ही नीतिगत सुस्ती की परीक्षा ले रहा है।

पंजाब के ताजा चिंताजनक आंकड़े : केंद्रीय भूजल बोर्ड की 2025 की रिपोर्ट का निष्कर्ष बेहद चिंताजनक हैं। पंजाब देश के सबसे अधिक प्रभावित राज्य के तौर पर सामने आया है। मानसून के बाद लिए गए पानी के नमूनों में से 62.5 प्रतिशत में यूरेनियम की मात्रा निर्धारित सीमा 30 पी.पी.बी. (पार्ट्स प्रति बिलियन) से अधिक पाई गई, जबकि 2024 में 32.6 प्रतिशत नमूनों में यूरेनियम की मात्रा अधिक थी। एक ही वर्ष में जहरीले पानी के नमूनों में 91.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी चौंकाने वाली है। 23 में से 16 जिले प्रदूषित श्रेणी में हैं, संगरूर और बठिंडा के जल में यूरेनियम का स्तर 200 पी.पी.बी. से भी अधिक दर्ज किया गया। यह केवल पर्यावरण की समस्या नहीं, बल्कि जन-स्वास्थ्य आपातकाल है। यूरेनियम किडनी रोग और कैंसर से जुड़ा है। नाइट्रेट और फ्लोराइड की अधिकता से 'ब्लू बेबी सिंड्रोम' और हड्डियों की बीमारियां बढने् का खतरा है। पानी का खारापन और सोडियम कार्बोनेट उपजाऊ जमीन को बंजर बना रहे हैं। रासायनिक खादों का अंधाधुंध इस्तेमाल एक बड़े संकट का संकेत है।

पंजाब में फर्टिलाइजर्स की खपत 247.61 किलोग्राम प्रति हैक्टेयर, राष्ट्रीय औसत से लगभग दोगुनी है। कीटनाशकों की 77 किलोग्राम प्रति हैक्टेयर खपत से पंजाब के किसान देश के सबसे बड़े खपतकारों में शामिल हैं। जो रसायनिक खादें कभी भरपूर पैदावार लाती थीं, आज मिट्टी की जैविक कार्बन घटा रही हैं, सूक्ष्मजीवों को नष्ट कर रही हैं, खाद्य श्रृंखला को प्रदूषित कर रही हैं। फर्टिलाइजर्स सबसिडी का बोझ 2 लाख करोड़ रुपए सालाना से अधिक है। जहरीले हवा-पानी के बीच विकसित भारत की नींव बीमार मिट्टी पर नहीं टिक सकती।

बड्क्षठडा, मानसा और लुधियाना जैसे जिलों में 60 प्रतिशत मिट्टी के नमूनों में जहरीले कीटनाशक अवशेष खेतों तक सीमित नहीं, बल्कि पानी और भोजन के जरिए शरीर में प्रवेश कर रोग-प्रतिरोधक क्षमता कमजोर कर रहे हैं। आने वाली नस्लों के खून में हम जहर पहले से ही घोल रहे हैं।

रैगुलेटरी सिस्टम ठप्प : भारत की कीटनाशक नियंत्रण प्रणाली पुराने दौर में अटकी है। 1968 का कीटनाशक एक्ट और 1971 के नियम वर्तमान समय के मुताबिक नहीं हैं। 2020 के कीटनाशक प्रबंधन विधेयक में भी किसान सुरक्षा, स्पष्ट लेबड्क्षलग मानक, शिकायत निवारण व्यवस्था और छोटे किसानों के लिए अनिवार्य सुरक्षा उपकरण जैसे अहम मसले छूट गए। किसानों में जागरूकता व ट्रेड्क्षनग के हालात भी ड्क्षचताजनक हैं। 15 करोड़ से अधिक किसानों वाले देश में बीते 3 दशकों में 6 लाख से भी कम किसानों को कीट प्रबंधन की ट्रेड्क्षनग मिली है, जबकि यह सिर्फ फसलों का नहीं, नस्लें बचाने का मसला है।



मिट्टी में जीवन की नींव : भविष्य की खेती को जांच-आधारित, जैव-विज्ञान पर केंद्रित व डिजिटल रूप से सशक्त करना होना होगा। सॉयल हैल्थ कार्ड स्कीम ने साबित किया है कि आंकड़ों पर आधारित पोषक तत्व प्रबंधन को कारगर ढंग से लागू करना जरूरी है।

पंजाब को एक डिजिटल सॉयल हैल्थ मिशन की जरूरत है, जो सैटेलाइट चित्रों, आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस (ए.आई.) एनालिसिस, मौसम आधारित मॉडलों और सॉयल सैंसिटिविटी को जोड़कर हर खेत-स्तर पर सलाह दे सके। किसान उत्पादक संगठनों, ग्रामीण युवाओं और महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित सॉयल टैस्ट लैब्स में मिट्टी की नियमित जांच जरूरी है।

दशकों की रासायनिक खेती ने मिट्टी में उन सूक्ष्मजीवों के नैटवर्क को तोड़ दिया है, जो पोषक तत्व चक्र, नमी संरक्षण और फसलों की सहनशीलता के लिए बहुत उपयोगी हैं। 'इंटीग्रेटिड न्यूट्रिएंट्स मैनेजमेंट', जिसमें रासायनिक, जैविक और जैव-आधारित इनपुट्स को वास्तविक जांच के आधार पर इस्तेमाल किया जाए तो खेती पर न केवल लागत खर्च घटाया जा सकता है, बल्कि मिट्टी से पोषक तत्वों का रिसाव कम कर उर्वरता लंबे समय तक बढ़ाई जा सकती है। बॉयोस्टीमूलैंट्स, जैसे कि समुद्री शैवाल अर्क, प्रोटीन हाइड्रोलिसेट और लाभकारी सूक्ष्मजीव, जैसे पर्यावरण-अनुकूल इनपुट मिट्टी को नुकसान पहुंचाए बगैर पोषक तत्व बढ़ाने के साथ उत्पादकता भी बढ़ाते हैं।

रासायनिक निर्भरता से जीवित मिट्टी की राह : पंजाब की कृषि का नवीनीकरण टुकड़ों में नहीं, बल्कि एक समन्वित राष्ट्रीय मिशन के रूप में होना चाहिए। नीतिगत प्रोत्साहन उत्पादन के साथ मिट्टी की गुणवता बहाली पुरस्कृत करें-कार्बन क्रैडिट और जैविक कार्बन सुधार से जुड़ी सबसिडी का लाभ किसानों को मिले। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आई.सी.ए.आर.) कृषि विश्वविद्यालयों और आई.आई.टी. को फसल मुताबिक जैविक समाधान विकसित करने होंगे। कृषि-कचरे, सी-वीड यानी समुद्री शैवाल और जैविक अवशेषों पर आधारित ग्रामीण जैव-अर्थव्यवस्था केंद्र न केवल नए रोजगार पैदा करेंगे, बल्कि खेती को स्वच्छ व सस्ते इनपुट भी उपलब्ध कराएंगे। 60 के दशक में हरित क्रांति से देश को खाद्य सुरक्षा देने वाले पंजाब को आज हरित क्रांति 2.0 का नेतृत्व भी करना होगा, जो जलवायु-सहनशील व स्वस्थ मिट्टी पर आधारित हो। मिट्टी स्वस्थ होगी तो किसान समृद्ध होगा, खपतकार की सेहत सुरक्षित रहेगी। मिट्टी बचेगी, तभी भविष्य बचेगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
घर में अतिथियों का आगमन होगा। बड़े भाई-बहनों के साथ व्यवहार में कड़वाहट हो सकती है। जॉब को बदलने का विचार बना सकते हैं।

**वृषभ**
आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। बाहरी लोगों पर अपना समय बर्बाद न करें। बड़े अधिकारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मिथुन**
व्यवसाय में धन का नुकसान होगा। बच्चों का व्यवहार अच्छा नहीं रहेगा। घर में मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं।

**कर्क**
अपना मनोबल और आत्मविश्वास बनाये रखें। दोपहर के बाद आपको शुभ समाचार मिलेंगे। सन्तान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में भावुकता में आकर निर्णय न लें। समय का बेहतरीन सदुपयोग कर पायेंगे। शाम के समय बाहर डिनर के लिये जा सकते हैं।

**कन्या**
अपने लक्ष्य पर पूरा फोकस बनाये रखें। उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। विरोधी आपकी आलोचना कर सकते हैं। मन में अज्ञात भय पनप सकता है।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में आपको बड़े परिवर्तन करने से बचना चाहिये। आवश्यक कार्यों को दोपहर से पहले पूर्ण कर लें। सम्पत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा।

**वृश्चिक**
जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा। परिवार के सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे। किसी सरकारी मामले में विजय होने की सम्भावना है।

**धनु**
कार्यक्षेत्र में अपनी उपलब्धियों को लेकर असन्तुष्ट रहेंगे। किसी समारोह में सम्मिलित होने का विचार बनायेंगे। आपको नये अनुभवों के लिये तैयार रहना चाहिये।

**मकर**
करियर को लेकर किसी से ज्यादा सलाह लेना उचित नहीं है। सभी कार्यों को समय से पूर्ण कर लेंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तम परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं। गुस्से को नियन्त्रित करें।

**कुंभ**
परिजनों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में कुछ नयी योजना बना सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों को लेकर थोड़ी परेशानी रहेगी। कोर्ट केस में विजय मिल सकती है।

**मीन**
कार्यक्षेत्र के लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। निर्माण कार्यों में प्रगति होगी। परिवार के साथ बैठकर गम्भीर विषयों पर चिन्तन करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### टॉपटेन अपराधी गिरफ्तार

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को मनेर पुलिस ने सूचना पर लोदीपुर गांव में छापेमारी करते हुए कई मामले में नामजद और फरार चल रहे टॉप टेन अपराधी को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी टॉप टेन अपराधी को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार टॉप 10 अपराधी लोदीपुर गांव के रहने वाले दरोगा राय बताया गया है। इस मामले में थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि दरोगा राय टॉप 10 अपराधी है। इसके ऊपर कई मामले थाने में दर्ज है। टॉप 10 अपराधी काफी दिनों से फरार चल रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने छापेमारी करते हुए लोदीपुर से अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त लोदीपुर गांव के रहने वाला स्वर्गीय मानिक राय का पुत्र दरोगा राय है।

### 130 ग्राम गांजा के साथ गांजा विक्रेता गिरफ्तार

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के ब्रह्मचारी गांव में सूचना पर पुलिस ने छापेमारी करते हुए एक गुमटी से 130 ग्राम गांजा के साथ गांजा विक्रेता मनोज राय को गिरफ्तार किया है। जिसे गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। इस दौरान पुलिस ने गांजा के अलावा 44 पीस चिलम, 44 पीस गोगो, 12 पीस बांग, एक मोबाइल फोन और 16170 रुपए बरामद की है। छापेमारी टीम में मनेर थाना एसआई अफसर अली, मिथलेश पंडित सहित जिला पुलिस बल के जवान शामिल थे। इस संबंध में मनेर थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि ब्रह्मचारी गांव के पास एक गुमटी में गांजा बेचने की सूचना मिली। सूचना के बाद कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई। जिसमें गुमटी के अंदर से 130 ग्राम गांजा, 44 पीस चिलम, 95 पीस गोगो, 12 पीस बांग, एक मोबाइल और कुल नकद 16117 रुपए बरामद किए गए है। इस मामले में गांजा विक्रेता व गुमटी संचालक मनोज राय को गिरफ्तार किया गया है। जिसे गिरफ्तारी करते हुए उचित कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया है। बता दे एक दिन पूर्व सादिकपुर गांव स्थित किराना दुकान से सवा किलो गांजा के साथ चिलम, गोगो व नकद रुपए जब्त हुए थे। उक्त मामला में किराना स्टोर संचालक को गांजा बेचने के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

### केस वापस नहीं लेने पर गोली मारकर हत्या

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना अंतर्गत जलगोविंद गांव में बीती रात्रि केस वापस लेने की धमकी के बाद एक व्यक्ति को कुछ अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। व्यक्ति के पेट में तीन गोली लगी थी। बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे तुरंत पीएमसीएच रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान देर रात्रि उसकी मौत हो गई। मौत की घटना सुनते ही ग्रामीण आक्रोशित हो गए और ठल्ह 31 जाम लगाकर करीब 4 से 5 घंटे तक हंगामा करना शुरू कर दिया मृतक धर्मवीर पासवान जलगोविंद का रहनेवाला था। उसे कई दिनों से एक पुराने विवाद में केस वापस लेने की धमकी मिल रही थी। शनिवार की रात कुछ दबंग लोग उसके पास पहुंचे और एक बार फिर केस वापस लेने की धमकी दी। धर्मवीर ने सुबह केस वापस लेने की बात कही, इतने पर अपराधियों ने उसके पेट में तीन गोली मार दी। गांव के लोग आनन फानन में इलाज के लिए बाढ़ अनुमंडल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया था। इलाज के दौरान देर रात घायल व्यक्ति की मौत हो गई। परिजन इस हत्या में गांव के ही कुछ दबंग लोगों का नाम बता रहे हैं। वहीं पुलिस मौके पर पहुंचकर जाम को हटाया और मृतक की लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है साथ ही जांच में जुटी है। परिजनों के द्वारा बाढ़ थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

### मोटरसाइकिल की टक्कर में 40 वर्षीय व्यक्ति जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के मकसूद बीघा मोहल्ले के पास सादिकपुर गांव से सामान लाने बाढ़ बाजार जा रहे मोटरसाइकिल सवार को सामने से एक मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी हादसे में 40 वर्षीय अनिल पंडित पिता पहलाद पंडित गंभीर रूप से जख्मी हो गया 112 की पुलिस घटना पर पहुंचकर मोटरसाइकिल को जप्त करते हुए घायल को बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया जहां घायल का इलाज चल रहा है।

### अपनी जान को खतरे में डालकर यात्री अनोखे अंदाज में करते हैं ट्रेन का इंतजार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन पर कड़ाके की ठंड के बावजूद एक तो घने कोहरे के चलते विजुअलिटी बेहद कम हो गई है। वहीं दूसरी तरफ कुछ यात्री ऐसे भी हैं जो अपनी जिंदगी को खतरे में स्वयं डालकर अनोखे अंदाज में ट्रेन का इंतजार करते नजर आते हैं। उसी का यह एक नजर है प्लेटफार्म संख्या एक पर मालगाड़ी आने की सूचना होने के बावजूद भी रेल यात्री बीच पटरी पर बैठकर ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं। मजे की बात है की बाढ़ रेल पुलिस इस तरह की हरकत करने वाले रेल यात्री को सबक सिखाने को तैयार नहीं है ऐसे में कभी भी दुर्घटना घट सकती है।

### कपड़ा दुकान में लगी भीषण आग, लाखों के कपड़े राख

**बाढ़ /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के स्टेशन पश्चिमी फाटक के पास सोमवार की संध्या कपड़े की दुकान में शार्ट सर्किट से अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते दुकान के अंदर से तेज काला धुआ निकलने लगा ।आग की लपट निकलने के बाद स्थानीय दुकानदारों में इसकी जानकारी प्रशासन को दी। लेकिन दमकल की गाड़ी करीब 1 घंटे के बाद घटनास्थल पर पहुंची। इस दौरान दुकान का सारा फर्नीचर साड़ी और अन्य कपड़े जलकर राख हो गये। धधकती आग पर काबू पाने के लिए पहले एक छोटी दमकल वाहन पहले पहुंची जिसमें पानी कम रहने के कारण आग पर काबू नहीं पा सका।फिर बड़े दमकल आने के बाद दुकान का आग पर काबू पाया गया। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि स्टेशन चौक पर अतिक्रमण और भीड़ होने के चलते दमकल की गाड़ी को 2 किलोमीटर आने में करीब 1 घंटा का समय लगा। आग लगने वाली दुकान के बगल में एक गैस की भी दुकान थी। यदि आग की लपट ज्यादा फैल जाती तो भीषण हादसा भी हो सकता था। समय पर दमकल की गाड़ी नहीं पहुंच पाई जिससे 5 से 8 लाख का कपड़ा जलकर राख हो गया। स्थानीय लोग बेबस होकर खड़े रहे। पीड़ित दुकानदार का नाम मुनचुन कुमार है जो बेढना गांव का निवासी है ।घटना के दौरान बबार्दी का आकलन अभी तक नहीं किया गया है ।लेकिन स्थानीय लोगों ने बताया कि करीब 5 से 8 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय पुलिस ने पहुंचकर घटना का जायजा लिया ।

### बाजितपुर रोड में नाले की सफाई की मांग

**बाढ़ /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के बाजितपुर रोड में लोगों ने नाले की सफाई में गड़बड़ी किए जाने को लेकर नगर प्रशासन से जांच कराने की मांग की है। सड़क वार्ड नंबर 4 और 8 के बीच में है जिसमें बनाए गए नाले की सफाई ठीक तरीके से नहीं किए जाने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। कई बार नप कार्यालय में शिकायत की गई ।लेकिन मामले पर संज्ञान नहीं लिया गया जिससे लोगों में आक्रोश है।

### रेडीमेड कपड़ा दुकानदार को दी धमकी

**बाढ़ /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के अकबरपुर शिव मंदिर के पास स्थित रेडीमेड दुकानदार सुमित कुमार को उसकी दुकान के आगे खस्सी काटने से मना करने पर आरोपी सतीश सिंह ने कता से काटने की धमकी दी । इसको लेकर दुकानदार ने थाने में शिकायत की है। दुकानदार ने बताया कि वह अपनी दुकान में ग्राहकों को सामान बेच रहा था। इसी दौरान मलाही गांव निवासी सतीश सिंह मेरी दुकान के आगे बकरा का मांस काटने लगा जिसको लेकर उसने विरोध जताया। इसके बाद आरोपी ने खस्सी काटने वाले कता से उस पर वार करने के लिए पहुंच गया। इस संबंध में पुलिस को जानकारी दी गई है। हालांकि पुलिस द्वारा अब तक आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। वहीं पुलिस को सूचना दिए जाने के बाद आरोपी ने दुकानदार को धमकी दी है।

### महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि मनाने के लिए बैठक

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला प्रखंड के नीरपुर में महाराणा प्रताप ट्रस्ट के सौजन्य से 19 जनवरी को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि मनाई जाएगी। इसकी तैयारियों की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक महाराणा प्रताप ट्रस्ट, नीरपुर कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें शामिल ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार इस अवसर पर कम्बल वितरण,सम्मान समारोह सह भोज का भी आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में धनंजय सिंह, राजेश सिंह राजू, शत्रुघ्न प्रसाद उर्फ गांधी जी, चंद्रभूषण सिंह, विमल सिंह, सुच्ची सिंह, सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# टॉप टेन कुख्यात अपराधी पिंटु यादव उर्फ पिंटू गोप गिरफ्तार

**बाइक लूट कांड के मामले में अनुसंधान के दौरान गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर हुई पिंटू गोप की गिरफ्तारी**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी, धरनरूआ, कादिरगंज और फतुआ आदि थाना क्षेत्रों में हत्या लूट छिनतई समेत कई जघन्य अपराध का तांडव लहराने वाला कुख्यात अपराधी पिंटू यादव उर्फ पिंटू गोप पे० मुन्नु उर्फ दिलीप यादव, सा०-रसलपुर, थाना-फतुहा, को बिते देर शाम को मसौढ़ी थाने की पुलिस और एसटीएफ ने संयुक्त छापेमारी करते हुए पटना के रामकृष्णा नगर फोर्ड अस्पताल के पास से गिरफ्तार किया है। जिसकी तलाश पुलिस को कई वर्षों से चल रही थी।उक्त गिरफ्तार अपराधी मसौढ़ी थाना कांड सं0-171/15 के अप्राथमिकी अभियुक्त है।दरअसल मसौढ़ी थाना कांड सं0-171/15 वादी सत्येन्द्र कुमार पे० रामईश्वर प्रसाद, सा०-चिरैयाटाड, थाना-धनरूआ, के लिखित आवेदन के आधार पर तीन अज्ञात अपराधकर्मी के विरूद्ध वादी को पिस्तौल का भय दिखाकर स्पलेण्डर प्रो० काला रंगा मोटर साईकिल, मोबाइल एवं रूपया वगैरह लूट लेने के आरोप में दर्ज किया गया था। मसौढी थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि उक्त कांड के अनुसंधान के क्रम में अप्रा०अभि० 01. अमरजीत कुमार पे० स्व० चन्द्रघोष प्रसाद, सा०-बारी बिगहा, थाना-कादिरगंज को कांड में लूटी गयी मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया, जिसके द्वारा अपना दोष स्वीकार करते हुए अपने सह अपराधकर्मी का नाम निरंजन एवं निरंजन का दोस्त बताया। अमरजीत कुमार को दिनाक-23.11.16 को जेल भेजा चुका है। अग्रेतर अनुसंधान में निरंजन कुमार को कादिरगंज थाना कांड सं0-103/16 (हत्या का कांड) से इस कांड में रिमांड किया गया है, जिनके द्वारा अपने सह अपराधकर्मी का नाम 01. अमरजीत कुमार एवं 02. पिंटु यादव उर्फ पिंटु गोप, सा०-रसलपुर, थाना-फतुहाँ, जिला-पटना बताया गया है। इसके उपरांत अमरजीत कुमार एवं निरंजन कुमार के विरूद्ध क्रमशः आरोप पत्र सं0-04/17, दिनांक-15.01.17 एवं 49/17 दिनांक-20.06.17 समर्पित किया गया है। मसौढ़ी थाना कांड सं0-171/15 मात्र अप्रा०अभि० पिंटु यादव उर्फ पिंटू गोप पे० मुन्नु उर्फ दिलीप यादव, सा०-रसलपुर, थाना-फतुहा, जिला-पटना की गिरफ्तारी हेतु लंबित चली आ रही थी, जिसे आज गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार अभियुक्त-पिंटु यादव उर्फ पिंटू गोप का आपराधिक इतिहास में मसौढी थाना कांड सं0-171/15,कादिरगंज थाना कांड सं0-103/16,फतुहा थाना कांड सं0-268/08,फतुहा थाना कांड सं0-62/15,फतुहा थाना कांड सं0-541/19,फतुहा थाना कांड सं0-35/20,फतुहा थाना कांड सं0-572,फतुहा थाना कांड सं0-668/24 आदी है।

## आप भी करते हैं महिला बोगी में सफर तो जाएंगे जेल ! तारेगना रेल पुलिस ने पुरुष यात्रियों को दी सख्त चेतावनी

**तारेगना रेलवे स्टेशन पर महिला शक्ति को मिली कमान**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुरुष यात्री यदि महिला कोच में यात्रा करते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।अगर आप भी ट्रेन में महिला बोगी में सफर करते हैं तो यह खबर आपके लिए है। आपको अब सुधरने की आवश्यकता है नहीं तो आप पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है। अगर आप ट्रेन में महिला बोगी में सफर करते पकड़े जाएंगे तो आपको जुमार्ना तो भरना होगा ही साथ ही आप पर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। रेलवे ने पुरुष यात्रियों के लिए सख्त आदेश जारी किया है। जल्द ही इसके लिए स्पेशल टीम भी बनाई जाएगी जो महिला बोगियों की निगरानी करेंगी। ऐसे में पटना गया रेलखंड में तारेगना रेलवे स्टेशन पर महिला पुलिस बल इन दोनों एक्टिव मोड में नजर आ रही। दरअसल महिला बोगी में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई को तेज करते हुए तारेगना रेल पुलिस टीम गठित पटना गया पैसेंजर ट्रेनों में महिला बोगी में पाए जाने वाले पुरुष यात्रियों की जांच करने में जुटी है। पकड़े जाने पर जुमार्ना और कार्रवाई दोनों हो सकती हैं। वहीं रेलवे स्टेशनों पर खड़ी ट्रेन के महिला कोच में चढ़ने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दिया गया है। रेल थानाध्यक्ष राजू कुमार दुबे ने कहा कि किसी भी ट्रेन के महिला कोच में पुरुष यात्रियों को यात्रा करना रेलवे एक्ट के 162 धारा के तहत गैर कानूनी है।वहीं रेलवे ने महिला यात्रियों से अपील की है कि यदि महिला बोगी में पुरुष यात्री मौजूद हों और कार्रवाई न हो, तो वे 139 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराएं

## मसौढी में एमडीएम सामग्री आपूर्ति करने को लेकर कई शिक्षक रिश्तेदारों के नाम पर बने हैं भेंडर

**स्कूलों में जीएसटी बिल के नाम पर हो रही है लूट**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकारी स्कूलों मे मध्यान भोजन के नाम पर सरकार करोड़ों रुपये खर्च करती है। वहीं, मसौढी में कुछ शिक्षक ऐसे भी हैं, जो जुगाड़ टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर अवैध तरीके से पैसे कमा रहे हैं। दरअसल सरकारी स्कूलों में एमडीएम का संचालन होता है। इसके तहत बच्चों को दोपहर में खाना खिलाया जाता है। योजना के संचालन में खाद्यान्न विभाग द्वारा प्रतिमाह लाखों क्विंटल चावल की आपूर्ति की जाती है साथ ही करोड़ों रुपये के सब्जी, तेल, नमक-मसाला एवं ईंधन गैस समेत अन्य मद में खर्च होते हैं। सभी सामग्री प्रधान शिक्षक अपने आसपास के दुकानों से खरीद करते हैं। परंतु जीएसटी बिल वेंडर द्वारा 5,10,15 प्रतिशत कमीशन पर दी जाती है कुछ शिक्षक अधिक कमाने के लिए जुगाड़ टेक्नोलॉजी का भी इस्तेमाल करते हैं और खुद भेंडर बनकर स्कूलों में सामग्री की आपूर्ति कर रहे है। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है की कोई शिक्षक एमडीएम से जुड़े सामग्री की आपूर्ति करने के लिए भेंडर के तौर पर निबंधन कैसे करा सकता है। बताया गया है कि कई शिक्षक खुलकर भेंडर का काम कर रहे हैं, तो कुछ शिक्षक अपनी पत्नी और अन्य रिश्तेदारों के नाम पर भेंडर का लाइसेंस लेकर स्कूलों में एमडीएम की सामग्री की आपूर्ति करते हैं। खास बात यह है की उनके रिश्तेदारों का धरातल पर कोई दुकान भी नहीं है। बावजूद वैसे शिक्षकों का धंधा खूब चल रहा है। सवाल है कि सामग्री की आपूर्ति करने वाले शिक्षक और उनके रिश्तेदार जीएसटी जरूर लिए होंगे। अगर जीएसटी नहीं होगा, तो यह कानूनन बड़ा अपराध है। जीएसटी होगा, तो जांच में पता चलेगा कि किसके नाम पर है।

## बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर के साथ बैठक

**एसडीएम ने मतदाता सूची त्रुटिरहित बनाने और नए नाम जोड़ने पर दिया जोर**





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी विधानसभा के मतदाता सूची को त्रुटिहीन बनाने को लेकर सोमवार को एसडीएम अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में नगर परिषद के सम्राट अशोक कन्वेंशन हॉल में बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर के साथ एक विशेष बैठक आहूत की गई। जिसमें मतदाता सूची में ब्लैक एंड व्हाइट फोटो, अस्पष्ट फोटो और त्रुटिपूर्ण नामों पर चर्चा की गई। मौके पर मसौढी बीडीओ प्रभाकर कुमार, धनरूआ बीडीओ सीमा कुमारी के अलावा मसौढ़ी सीओ प्रभात रंजन एवं धनरूआ सीओ श्वेता कुमारी के साथ प्लानिंग पदाधिकारी श्वेता कुमारी शामिल रहे। इस दौरान वर्तमान मतदाता सूची में ब्लैक एंड व्हाइट फोटो , अस्पस्ट फोटो, त्रुटिपूर्ण नाम,आदि पर गहन चर्चा की गई। जबकि बैठक में ही बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर से मौके पर ही रिपोर्ट तैयार कराया गया। सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को प्रपत्र 8 भरकर सूची में सुधार करने की निर्देश दी गई।जबकि एसआईआर मैपिंग के तहत ऐसा मतदाता जिसका मैपिंग नहीं हो पाया है उसकी सूची के अलावे अनुपस्थित,स्थानांतरित, मृत तथा डुप्लीकेट मतदाता की सूची तैयार कर एक सप्ताह के अंदर कार्यालय को उपलब्ध कराने की निर्देश सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को दिया। एसडीएम ने निर्वाचन से जुड़ी नवीन गाइडलाइनों की जानकारी दी और उनके कड़ाई से अनुपालन के निर्देश दिए। बताया कि मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को पारदर्शी, त्रुटिरहित और अद्यतन बनाना है। उन्होंने बीएलओ को अपने-अपने बूथ क्षेत्रों में घर-घर जाकर सत्यापन कार्य गंभीरता से करने का निर्देश दिया। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन से संबंधित सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरे करने को कहा गया।उन्होंने फर्जी, मृतक और दोहरे मतदाताओं के नाम सूची से हटाने पर विशेष जोर दिया। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त, 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नए मतदाताओं के नाम प्राथमिकता के आधार पर जोड़ने के निर्देश भी दिए गए।

## बुलडोजर राज के खिलाफ पुनपुन में खेग्रामस का आक्रोषपूर्ण विरोध प्रदर्शन




**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा व भाकपा माले के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को राज्यव्यापी आहवान पर पुनपुन प्रखंड मुख्यालय पर बुलडोजर नहीं पर्चा दो जीवन जीविका की सुरक्षा दो, गरीबों को बस्तियों को उजाड़ना बंद करो पर्चा और 5 डिसमिल जमीन का प्रबंध करो मनरेगा को पुनरबाहल करो ग्राम जी जी राम जी कानून का झुनझुना वापस लो मजदूर विरोधी 4 लेवर कोड वापस लो आदी मांग पर पुनपुन प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन की गई है।इस प्रदर्शन का नेतृत्व विद्या पासवान, मदन पासवान मुन्ना चौहान ने कि। इस मौके पर मुखिया नागा राम मनोज पासवान रामा शकरअखिलेश कुमार मिथिलेश मुन्ना चौहान सहित सैकड़ो खेत मजदूर व माले के कार्यकर्ता शामिल थे। प्रदर्शन के बाद 6 सुत्री माँग पत्र जिलाधिकारी के नाम अंचलाधिकारी को सौपा गया। प्रदर्शन के बाद सभा को सम्बोधित करते हुए केंद्र व राज्य सरकार को मजदूर विरोधी करार देते हुए इन सवालों को लेकर और भी बड़ी गोलबंदी करते हुए जन आंदोलन तेज करने का संकल्प लिया ! प्रदर्शनकारियों ने कहा कि गरीबों को उजाड़ने से पहले उन्हें बसाये और पांच डिसमिल जमीन दें और जिन्हें बासगित पर्चा मिला है उन्हें दखल कराये, वहीं दूसरी और मनरेगा की पुनर्बहाल करने की भी मांग की कहा मजदूरों को शोषण किया जा रहा है मौके पर सैकड़ो की संख्या में अखिल भारतीय खेत मजदूर सभा और भाकपा माले के समर्थक शामिल रहे।

## नगर परिषद की ओर से मसौढी पुरानी बाजार स्थित शनि देव मंदिर परिसर में बनेगा तीन मंजिला मार्केट कंपलेक्स



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद प्रशासन की ओर से इस नए साल में दुकानदारों को नई दुकानों को सौगात देने जा रही है। दरअसल पुरानी बाजार स्थित शनि देव मंदिर के परिसर आसपास जर्जर अवस्था में बनी हुई सभी आधारभूत संरचना को तोड़कर हटाया जा रहा है। और वहां नए सिरे से तीन मंजिला दुकान बनाए जायेगें। जिसमें तकरीबन 40 दुकान बनेगी ।कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन ने बताया की नगर परिषद बोर्ड में इस योजना का चयन कर लिया गया है और जल्द ही इस पर अमलीजामा पहनाया जाएगा। उन सभी दुकानदारों को बंदोबस्त के माध्यम से दुकान मुहैया कराई जाएगी, ऐसे में चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लेने के लिए सोमवार को नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजु रंजन, स्थाई सशक्त कमेटी के शंभू कुमार सिंह एवं अमीन रामाधार कुमार यादव ने स्थल का जायजा लिया और कर्मचारियों को कई दिशा निर्देश दिए।

## दानापुर में बस पड़ाव पर स्ट्रीट वेंडिंग जोन का उदघाटन



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छावनी परिषद प्रशासन की ओर से बस पडाव पर बने स्ट्रीट वेंडिंग अधिनियम के तहत शहीद सौरभ कुमार वेडिंग मार्केट का सोमवार को परिषद के अध्यक्ष सह डिप्टी जीओसी ब्रिगेडियर अमित बेदी व सीईओ सपन कुमार ने उदघाटन किया. इस अवसर पर ब्रिगेडियर श्री बेदी ने कहा कि फुटपाथी दुकानदारों खुलेआम में दुकान लगाकर बिक्री करते थे . जिससे जाम की स्थिति बना रहता था. जिसको देखते हुए छावनी प्रशासन पायलट योजना के तहत बस पडाव पर वेडिंग जोन बनाया गया है. उन्होंने कहा कि समय की मांग को देखते हुए वेडिंग जोन बनाया गया है. फुटपाथी दुकानदारों इज्जत व सुरक्षित सामान बेचने का जगह नही था. अब दुकानदारों वेडिंग जोन में सुरक्षित तरीके से अपने सामानों को बेच सकेंगे. परिषद के सीईओ सपन कुमार ने कहा कि वेडिंग जोन पायलट योजना के तहत जगह चिह्नित कर बस पडाव पर बना गया है. उन्होंने कहा कि वेडिंग जोन में स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, सीसीटीवी, डस्टबीन , रैंक व फायर सेफ्टी का व्यवस्था समेत अन्य सुविधा मुहैया कराया जायेगा. उन्होंने कहा कि वेडिंग जोन में 105 दुकान है और करीब 75 दुकानों को आवंटन किया गया है.उन्होंने बताया कि दो सार्वजनिक शौचालय और यूनिरल बनाया गया है. मौके पर परिषद के नामित सदस्य आशा देवी, लिपिक मो फिरोज, कन्हैया लाल, मो रजी , पप्पू कुमार , सुदामा कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद थे.

# दानापुर में अतिक्रमण पर नप प्रशासन का चला बुलडोजर





**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला प्रशासन के निर्देश पर सोमवार को रूपसपुर नहर रोड चौड़ीकरण को लेकर रूपसपुर नहर किनारे अतिक्रमण पर प्रशासन का बुलडोजर चला. डीएम व एसडीओ आदेश के बाद अंचल व नगर परिषद प्रशासन की टीम ने पुलिस बलों के सहयोग खगौल जगजीवन स्टेडियम से कोथवां मोड तक टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया. जिससे अतिक्रमणाकारियों के बीच हडकंप मच गया . घंटो तक चले व्यापक रूप से अभियान में बुलडोजर से झोपडियों व गुमटी को ध्वस्त किया गया है .वर्षो से रूपसपुर नहर रोड के सडक किनारे स्थायी - अस्थायी रूप से अतिक्रमण कर कच्चा-पक्का मकान बनाकर रहे थे. दंडाधिकारी सह सीओ चंदन कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर रूपसपुर नहर रोड का चौडीकरण को लेकर रूपसपुर नहर रोड किनारे बसे अतिक्रमणकारियों को पूर्व में नोटिस भेजा गया था. नोटिस के बाद नही हटाने पर बुलडोजर से सडक किनारे झोपडियों , पक्का मकान व दुकानों को ध्वस्त किया गया है. सीओ ने बताया कि रूपसपुर नहर रोड का चौडीकरण कार्य शुरू हो गया है और अतिक्रमण के कारण चौडीकरण कार्य बाधित हो रहा था. जिससे बुलडोजर से ध्वस्त किया गया है. अभियान में बीडीओ आलोक कुमार , नप के ईओ व्यवस्था रवि कुमार समेत अन्य पदाधिकारी और पुलिस बल मौजूद थे.

**दानापुर अतिक्रमण पर चला नप प्रशासन का बुलडोजर, वसूला जुर्माना**

नगर को स्वच्छ सुंदर और जाम से निजात दिलाने को लेकर एक बार फिर नप प्रशासन ने सोमवार को रूपसपुर नहर से आरपीएस मोड तक अतिक्रमण पर बुलडोजर चला. डीएम व एसडीओ आदेश के बाद परिषद प्रशासन की टीम ने पुलिस बलों के सहयोग टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया. जिससे अतिक्रमणाकारियों के बीच हडकंप मच गया . घंटो तक चले व्यापक रूप से अभियान में. बुलडोजर से झोपडियों व गुमटी को ध्वस्त किया गया है प्रशासन ने सडक किनारे रखे बालू-गिट्टी समेत अवैध रूप से लगाये गये ठेले, टेबल, दुकानों के आगे फैले सामान व पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई की गई.अतिक्रमणकारियों से 25 हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया है. दंडधिकारी सह सीओ चंदन कुमार के नेतृत्व में अभियान चलाया गया .परिषद ईओ पंकज कुमार व ईओ (व्यवस्था ) रवि कुमार ने बताया कि कि सडक किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर सडक पर स्थायी - अस्थायी रूप से झोपडी , गुमटी व पक्का ओटा को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया है. उन्होंने बताया कि पूरे परिषद क्षेत्र को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जायेगा और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जायेगा.अभियान में नगर प्रबंधक ब्रजेश सिंह, अमरेंद्र कुमार , सफाई निरीक्षक संजय कुमार , अंकुर कुमार समेत पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे.

## संक्षिप्त समाचार

### जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र के पंचुवा गांव में पुराने जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों से करीब एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में एक पक्ष से गुड्डू कुमार पाठक, रामनाथ पाठक, अंकित कुमार पाठक, गीतावली देवी, शेषनाथ पाठक सहित अन्य लोग शामिल हैं। वहीं दूसरे पक्ष से अनिल पाठक, संजीत पाठक समेत कई लोगों के घायल होने की सूचना है। सभी घायलों को इलाज के लिए एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए अफरातफरी का माहौल बना रहा। पुलिस के अनुसार फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### फरार आरोपी गिरफ्तार

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना पुलिस ने वर्षों से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान एकारी गां व निवासी नागेंद्र सिंह के रूप में की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी के विरुद्ध चार वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना से जुड़े एक मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामला दर्ज होने के बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस ने न्यायालय से संबंधित प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेजते हुए छपरा जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपियों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

### प्रखंड स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में मढ़ौरा व यूटोपिया बनी विजेता



**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के बेन छपरा गांव में आयोजित प्रखंड स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। उद्घाटन अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सोहन महतो, पूर्व जिला पार्षद पुष्पा सिंह, पार्षद रंजन सिंह सहित आयोजन समिति के सदस्य व जिलास्तरीय खिलाड़ी बुची सिंह, शिल्पी सिंह और अंकित सिंह उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में मढ़ौरा कबड्डी अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बनारस की टीम को 23 अंकों से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। वहीं पुरुष वर्ग में मोहित कबड्डी क्लब और यूटोपिया अकादमी की टीमों ने डोईला अकादमी को 10 अंकों से हराकर जीत दर्ज की। यह खेल प्रतियोगिता मोहित कबड्डी क्लब के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसमें खिलाड़ियों के उत्साह और खेल भावना ने दर्शकों को रोमांचित किया।

### विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में आधा दर्जन लोग घायल

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मशरक में कराया गया। पहली घटना स्टेशन रोड की है, जहां बाइक-से-बाइक की टक्कर में मांझी थाना क्षेत्र के मांझी गांव निवासी दिनेश कुमार के 23 वर्षीय पुत्र मुन्ना कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। वह बाइक से रिश्तेदारी से लौट रहे थे। दूसरी घटना यदु मोड़ के पास हुई, जहां बाइक पर पीछे बैठी महिला के गिरने से वह घायल हो गईं। घायल महिला की पहचान दुरगौली गांव निवासी प्रमोद मांझी की 60 वर्षीय मां कांति कुंवर के रूप में हुई है। वहीं तीसरी घटना चैनपुर रेलवे ओवरब्रिज के पास हुई, जहां एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान परसा निवासी दिलीप कुमार और पवन कुमार के रूप में की गई है। घायलों ने बताया कि वे मुहम्मदपुर से बाइक से हाजीपुर जा रहे थे, तभी दुर्घटना हो गई।



### तेरहवीं पर 500 असहायों के बीच कंबल वितरण

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड की दुरगौली पंचाय आत अंतर्गत चान्दबरवां गांव में समाजसेवी स्वर्गीय ईश्वर दयाल सिं्ह की तेरहवीं के अवसर दपर श्रद्धांजलि सभा एवं कं बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन कि या गया। कार्यक्रम में बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह ने स्वर्गीय ईश्वर दयाल सिंह के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके सामाजिक योगदान को याद किया। इस अवसर पर उनके पुत्र लोकनाथ सिंह द्वारा पंचायत के तीन गांव — दुरगौली, बनसोहीं और चान्दबरवां — के कुल 500 ब्राह्मण, दिव्यांग, विधवा एवं असहाय लोगों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में आरडी पब्लिक स्कूल छपरा के निदेशक जगदीश सिंह, पैक्स अध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेंद्र सिंह, समिति सदस्य प्रतिनिधि शशिभूषण सिंह, सरपंच प्रतिनिधि मिथिलेश सिंह, संतकुमार सिंह, दिनेश सिंह, भाजपा मीडिया प्रभारी प्रकाश सिंह सिंटू, पौत्र सुंदन कुमार सिंह, कुंदन कुमार सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



### शराब के साथ दो महिलाएं गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भंगहा पुलिस ने रामपूर से 60 लीटर शराब के साथ दो महिला को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि रामपूर के सुनैना देवी एंव डेढीया देवी को गिरफ्तार किया गया है।

### ई-केवाईसी के बिना नहीं मिलेगा लाभ

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के किसानों के लिए कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि अब बिना ई-केवाईसी के किसी भी सरकारी कृषि योजना का लाभ नहीं मिलेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीएओ रमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि किसानों के हित में संचालित सभी योजनाओं का लाभ सुचारु रूप से मिलता रहे, इसके लिए फार्मर आईडी के साथ ई-केवाईसी एवं फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य हो गया है। उन्होंने बताय कि विभाग द्वारा प्रत्येक पंचायत में 9 जनवरी तक विशेष कैंप के तहत ई-केवाईसी व फार्मर रजिस्ट्रेशन किया जाएगा।

### सड़क हादसे में एक की मौत

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर थाना क्षेत्र के छोटकीपट्टी बनचहरी मार्ग के कॉलेज के समीप रविवार के देर शाम सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। बाइक की आमने-सामने की टक्कर में यह हादसा हुआ।मृतक की पहचान बिनवलिया निवासी राजू चौधरी के रूप में की गई है।

### बाबा गणेश दास की पुण्यतिथि पर संतो ने की श्रद्धांजलि अर्पित

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के हरडीटेढा गांव में सोमवार को बाबा गणेश दास की 25 वी पुण्यतिथि पर संत समाज के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सनातन संत सेवा मंडल के संत बृजेश दास, स्वामी मुक्तिनाथ मिश्र उर्फ अल्टर बाबा, स्वामी परमानंद परमार्थी उर्फ प्रमोद बाबा, तुलसी दास,ललन दास, जगन दास, कन्हैया दास आदि ने उनकी स्मृति पर पुष्प चढ़ाकर श्रधांजलि अर्पित किया। इसके पश्चात हरडीटेढा गाव स्थित उनके आवास पर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। सनातन संत सेवा मंडल के परमानंद परमार्थी ने बताया कि स्मृतिशेष बाबा गणेश दास का सनातन के प्रति उनका अहम योगदान रहा है। वह अपने जीवन मे समाजसेवा के साथ साथ सनातन के एक महान धर्म रक्षक भी थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सनातन की जहां भी चर्चा होती उनका नाम जरूर आता है। इधर अल्टर बाबा ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद, सनातन संत सेवा मंडल, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से पांच दिवसीय संत सम्मेलन का आयोजन हरडीटेढा माई स्थान पर किया जाएगा। इसको लेकर आवश्यक चर्चा की गई है। जल्द ही इस आयोजन को लेकर समय निर्धारित किया जाएगा। मौके पर संभु गिरी, डिंपल कुमार, बिनु सिंह, मीता सिंह अंश कुमार, आरव कुमार, आरोही श्री, जानवी कुमारी,आयुष कुमार समेत अन्य पारिवारिक सदस्यों ने पहुचकर ने उनकी स्मृति पर श्रधांजलि अर्पित किया।



# गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के निर्देश के आलोक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी नगर निगम मोतिहारी निशांत सिहारा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में गणतंत्र दिवस समारोह- 2026 के आयोजन को लेकर बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती ममता राय, अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) शैलेंद्र कुमार भारती, सहायक समाहर्ता सुश्री प्रिया रानी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, संस्कृति कर्मी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति निर्णय लिया गया कि गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह मोतिहारी स्थित ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित किया जाएगा ' जहां सुबह के 9:00 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। इस अवसर पर गांधी मैदान, गांधी उद्यान, समाहरणालय परिसर सहित सभी प्रमुख पथों की साफ सफाई का निर्देश नगर निगम मोतिहारी को दिया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करने का निर्णय लिया गया इसके लिए नगर निगम मोतिहारी को इन प्रतिमाओं एवं प्रतिमा स्थल की साफ सफाई कराने का निर्देश दिया गया। प्रत्येक प्रतिमा पर माल्यार्पण के लिए एक पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करने एवं माल्यार्पण के लिए स्थानीय समितियां / नागरिकों से वार्ता कर समय निर्धारित कर माल्यार्पण में भाग लेने का निर्देश दिया गया। गांधी जी से जुड़े स्थलों पर भी समारोह पूर्वक झंडोत्तोलन करने का निर्णय आज की बैठक में लिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि इसके लिए पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। मुख्य समारोह स्थल गांधी मैदान में मंच निर्माण, रंग रोगन एवं बैरिकेडिंग कराने का निर्देश कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल मोतिहारी को दिया गया । गणतंत्र दिवस समारोह का लाइव प्रदर्शन सोशल मीडिया, फेसबुक, वेव कास्ट के माध्यम से कराने का निर्णय लिया गया ताकि लोग गणतंत्र दिवस समारोह का दृश्यावलोकन कर सकें। समारोह में आमंत्रित गणमान्य एवं महत्वपूर्ण व्यक्तियों के बैठने के टेंट / पंडाल एवं आवश्यक मात्रा में कुर्सियों की व्यवस्था के लिए जिला नजारत शाखा को निर्देश दिया गया। प्रेस प्रतिनिधियों, महिलाओं, महत्वपूर्ण व्यक्तियों एवं आमंत्रित अतिथियों के बैठने की अलग - अलग व्यवस्था कराई जाएगी। इस अवसर पर जिला के स्वतंत्रता सेनानियों को महात्मा गांधी से संबंधित मोमेंटो , शॉल एवं पुष्प गुच्छ से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर गांधी मैदान में झांकियों के प्रदर्शन का निर्णय लिया गया एवं निर्देश दिया गया कि विभागीय पदाधिकारी सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों एवं विकासात्मक कार्यों से संबंधित सुंदर झांकी का निर्माण कराएंगे जिसके माध्यम से आम लोगों को सामान्य जानकारी मिल सके। इसके लिए उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का निर्णय लिया गया जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी, निदेशक डीआरडीए, जिला परिवहन पदाधिकारी, आयुक्त नगर निगम,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी एवं महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र पूर्वी चंपारण मोतिहारी को सदस्य नामित किया गया। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, जीविका,शिक्षा, उत्पाद, परिवहन, आपूर्ति, स्वास्थ्य, आईसीडीएस / महिला विकास निगम एवं नगर निगम को झांकी निकालने संबंधी निर्देश दिया गया। बैठक में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर चयनित झाकियों को पुरस्कृत करने का भी निर्णय लिया। इस अवसर पर मोतीहारी स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह में सांस्कृतिक संध्या के आयोजन का निर्णय लिया गया और उप विकास आयुक्त पूर्वी चंपारण की अध्यक्षता में सांस्कृतिक आयोजन समिति एवं चयन समिति गठित की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में समूह नृत्य,समूह गान, एकल गायन, एकल नृत्य, थीम आधारित नृत्य आयोजन किया जाएगा। स्वच्छता से संबंधित लघु नाटिका एवं महात्मा गांधी के दर्शन पर आधारित गायन का आयोजन किया जा सकता है।जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित कराएंगे। प्रत्येक विद्यालय के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में मोमेंटो दिया जाएगा एवं अन्य सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र एवं मैडल से सम्मानित किया जाएगा।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला के महादलित टोलों में टोले के बुजुर्ग महादलित व्यक्ति अथवा महिला से झंडोत्तोलन कराया जाएगा।इस अवसर पर प्रत्येक महादलित टोले में एक सरकारी पदाधिकारी उपस्थित होकर लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देंगे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों के नियमित संचालन पर डीएम सख्त, धान अधिप्राप्ति की भी समीक्षा



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित और प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि बच्चों व गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली पोषण एवं अन्य सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं और सभी केंद्रों पर पेयजल, शौचालय व बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से हों। समाहरणालय सभागार में आयोजित सोमवारीय बैठक में डीएम ने धान अधिप्राप्ति कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को किसानों से पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से धान खरीद सुनिश्चित करने तथा अधिप्राप्ति केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। बैठक में जीविका, एफसीआई, आईसीडीएस सहित अन्य विकास और कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। डीएम ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से योजनाओं को धरातल पर उतारने को कहा। बैठक में अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, निदेशक डीआरडीए अरूण प्रकाश सहित अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

## नेपाल में टाटासूमो हादसा बना मौत का सफर : हेटौंडा अस्पताल में इलाज के दौरान 6 की मौत, मरने वालों में दो भारतीय



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेपाल के मकवानपुर जिले के भीमफेदी ग्रामीण नगरपालिका-6 जुरिखेत क्षेत्र में रविवार को हुए भीषण टाटासूमो हादसे ने कई परिवारों को गहरे शोक में डुबो दिया। इस दर्दनाक दुर्घटना में कुल 6 लोगों की मौत हो गई, जिनमें चार की मौके पर जबकि दो की इलाज के दौरान हेटौंडा अस्पताल में मौत हुई। मृतकों में दो भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार टाटासूमो (ना. 1778) काठमांडू से हेटौंडा की ओर जा रही थी तभी यह भीमफेदी जिले के कुलेखानी-काठमांडू सड़क खंड पर जुरिखेत के पास वाहन सड़क से करीब 100 मीटर नीचे खाई में जा गिरा। वाहन में कुल 9 लोग सवार बताए जा रहे हैं। हेटौंडा अस्पताल में इलाज के दौरान जिनकी मौत हुई। रजनीश कुमार (42) पटना, सविता लम्साल (40) कमलडांडा, निखिल अग्रवाल (29) कांति राजपथ, अरविंद कुमार (50) बेगूसराय, 36 वर्षीय अज्ञात पुरुष -नाम नहीं बताया, उपनाम (40) - पुरुष, हादसे में गंभीर रूप से घायल सूमो चालक गणेश थापा (45), निवासी हेटौंडा-4 कारी चौक, को हालत बिगड़ने पर ओल्ड मेडिकल कॉलेज, भरतपुर (चितवन) रेफर किया गया है। वहीं, सविता लम्साल के 12 वर्षीय बेटे की हालत भी गंभीर बताई जा रही है, जिसे प्राथमिक इलाज के बाद भरतपुर रेफर किया गया। पुलिस ने बताया कि रोतहट, चंद्रपुर-2 की 21 वर्षीय रिचा चौधरी भी शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट है।सूचना मिलते ही भीमफेदी पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के मुताबिक मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए हेटौंडा लाया गया है। हादसे के कारणों की जांच जारी है। यह हादसा एक बार फिर पहाड़ी सड़कों पर सुरक्षा, तेज रफ्तार और वाहन क्षमता से अधिक सवारियों के जोखिम पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

## प्रखंड स्तरीय निपुण टीएलएम मेला आयोजित

### दो शिक्षक जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड संसाधन केंद्र, कोटवा के सभागार में सोमवार को ब्लॉक स्तर का शिक्षण एवं नेतृत्व क्षमता विकास सह निपुण टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। मेले में क्लस्टर स्तर से चयनित कक्षा 1 से 5 तक के शिक्षकों ने भाग लेकर अपनी-अपनी नवाचारी शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) का प्रदर्शन किया। मेले का उद्घाटन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा अभियान प्रहलाद प्रसाद गुप्ता तथा सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी रामदेव महतो ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा तैयार किए गए चार्ट, मॉडल, फ्लैश कार्ड एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री का प्रदर्शन किया गया, जिसे निर्णायक मंडल ने बारीकी से परखा। प्रतियोगिता के अंत में जिला स्तरीय निपुण टीएलएम प्रतियोगिता के लिए दो शिक्षकों का चयन किया गया। सीआरसी डुमरा अंतर्गत जीपीएस गढ़वा टोला डुमरा के शिक्षक अश्विनी कुमार सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि संकुल यूएचएस विशुनपुर अंतर्गत एनपीएस भोपतपुर कुर्मी टोला के शिक्षक सुरेंद्र कुमार राम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रथम स्थान प्राप्त शिक्षक को डीपीओ तथा द्वितीय स्थान प्राप्त शिक्षक को एपीओ द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया।मेले के सफल आयोजन में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी आनंद मोहन बिहारी की अहम भूमिका रही। वहीं पीबीएल के तकनीकी सदस्य सतेंद्र ठाकुर, सुनील कुमार प्रसाद एवं शांभवी कुमारी ने निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यकारिणी अध्यक्ष टुनटुन कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डीपीओ एवं एपीओ ने उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि निपुण लक्ष्य की प्राप्ति के लिए टीएलएम का प्रभावी उपयोग अत्यंत आवश्यक है। चार्ट, मॉडल, फ्लैशकार्ड एवं डिजिटल संसाधनों के माध्यम से छोटे बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को अधिक रोचक,सरल और प्रभावी बनाया जा सकता है।

## नेपाल के बीरगंज में धार्मिक तनाव चरम पर, संवेदनशील इलाकों में निषेधाज्ञा लागू

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेपाल के बीरगंज में धार्मिक और सामाजिक मुद्दों को लेकर तनाव लगातार गहराता जा रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन कार्यालय, पर्सा ने वीरगंज महानगरपालिका के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। जिला सुरक्षा समिति के निर्णय के अनुसार सोमवार दोपहर 1 बजे से है। निषेधाज्ञा लागू किए गए क्षेत्रों की सीमाएं—पूर्व में बसपार्क, पश्चिम में सिर्सिया पुल, उत्तर में पावर हाउस चौक और दक्षिण में शंकराचार्य गेट निर्धारित की गई हैं। बताया जा रहा है कि कल मुस्लिम समुदाय द्वारा घंटाघर चौक पर विरोध प्रदर्शन किया गया था, जिसके बाद आज हिंदू समुदाय ने भी भीड़ की शक्ल में पैदल मार्च निकाला। दोनों समुदायों के लगातार विरोध-प्रदर्शन



अगले आदेश तक निषेधाज्ञा प्रभावी रहेगी। प्रमुख जिला अधिकारी भोला दाहाल द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, निषेधाज्ञा की अवधि में निर्धारित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की सभा, बैठक, जुलूस, पैदल मार्च या प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन ने बताया कि स्थानीय प्रशासन ऐन, 2028 की धारा 6(3) के तहत शांति-सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया और मार्च के कारण वीरगंज में तनाव और अधिक भड़क गया है, जिससे पूरे शहर में भय और असहजता का माहौल बन गया है। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि निषेधाज्ञा के दौरान निर्धारित क्षेत्र में आदेश का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम नागरिकों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है।

## अपनी मांगों को लेकर माले ने किया धरना प्रदर्शन



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में सोमवार को सरकार के विरोध में भाकपा माले और खेग्रामस के कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान माले नेताओ ने कहा कि भीषण शीतलहर के बीच दलित और गरीब बस्तियों पर चल रहे बुलडोजर अभियान के खिलाफ यह प्रदर्शन किया जा रहा है। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे भाकपा माले नेता केदार राम ने कहा कि अतिक्रमणश के नाम पर दशकों से बसे गरीब परिवारों को बेघर करना अमानवीय और गैर-कानूनी है। उन्होंने बसे हुए परिवारों को जमीन का पर्चा देने और बिना वैकल्पिक व्यवस्था के किसी भी बस्ती को नहीं उजाड़ने की मांग की। इसके साथ ही सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मनरेगा जैसे संवैधानिक अधिकार को कमजोर कर देना मजदूरों के साथ विश्वासघात है। नेता और कार्यकताओं ने मांग किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि बढ़ाकर पांच लाख रुपये की जाए वही चार लेबर कोड वापस लिए जाए और मनरेगा को बहाल किया जाए। इस दौरान सरकार तक अपनी मांग पहुंचाने को लेकर बीडीओ को एक ज्ञापन भी सौंपा। मौके पर नजरे आलम, सुभाष चौधरी, महंथ दास, दिनेश राम, उर्मिला देवी, रुखशना खातून समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नगर निगम की योजनाओं में बड़ा फर्जीवाड़ा, ठेकेदारों की फर्जी एफडी उजागर

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम की करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने गारंटी मनी के नाम पर ठेकेदारों द्वारा फर्जी बैंक एफडी जमा किए जाने की जानकारी सामने लाई है। उन्होंने नगर आयुक्त लक्ष्मण तिवारी को पत्र लिखकर उच्चस्तरीय जांच और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। महापौर ने आवंटन के दौरान नियमानुसार बैंक गारंटी के रूप में एफडी के मूल कागजात जमा किए जाने चाहिए, असली एफडी के स्थान पर फर्जी कागजात निगम कार्यालय में जमा किए गए हैं।

# उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार से संबंधित मासिक समीक्षात्मक बैठक



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मो. सरफराज नवाज,प्रभारी पदाधिकारी जिला उर्दू भाषा कोषांग-सह- उप निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में श्री डा. राधाकृष्ण भवन में हुई। प्रभारी पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि प्रत्येक मासिक बैठक में सभी उर्दू कर्मी सभी वांछित प्रतिवेदन के साथ ससमय अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। विलम्ब से आने वाले या बिना पूर्व सूचना/अनुमति अनुपस्थित कर्मियों के विरुद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जायेगी ' सभी उपस्थित उर्दू कर्मी से मासिक प्रगति प्रतिवेदन की मांग की गई।संबधित उर्दू कर्मी द्वारा उनके प्रतिवेदन में दर्ज किये गये प्रविष्टि की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में सभी कर्मी को निदेश दिया गया कि सभी उर्दू कर्मी अपने अपने क्षेत्र में उर्दू के प्रचार-प्रसार तथा आम जन के बीच उर्दू भाषा के प्रयोग को प्रोत्साहित करने का प्रयास करें। साथ ही अपने-अपने कार्यालय में पदस्थापित कर्मचारी को भी यथासंभव उर्दू भाषा सीखने हेतु प्रेरित करने का प्रयास करें। उर्दू संबंधी गतिविधियां कार्यालय में बनाए रखें। इस कार्य से उर्दू भाषा के प्रगति एवं प्रचार प्रसार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उर्दू विधार्थी प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत वाद - विवाद प्रतियोगिता के आयोजन की समीक्षा की गई। सहायक उर्दू अनुवादकों के बिपार्ड में प्रशिक्षण हेतु चले जाने एवं फरवरी माह में मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा आयोजित होने के कारण कार्यक्रम का आयोजन मार्च माह के तीसरे सप्ताह में कराने का निर्णय लिया गया। साप्ताहिक विद्यालय भ्रमण की समीक्षा की गई 'जिन कर्मियों द्वारा विद्यालय भ्रमण किया जा रहा है उनकी सराहना की गई । शेष कर्मियों को निर्देशित किया गया कि निदेशालय एवं जिलाधिकारी पूर्वी चम्पारण के निर्देश का अनुपालन करते हुए साप्ताहिक विद्यालय भ्रमण सुनिश्चित करे तथा प्रतिवेदन जिला उर्दू भाषा कोषांग को भेजें। उन्हें यह भी निर्देश दिया गया कि जिन विद्यालयों का नाम अभी तक हिंदी के साथ उर्दू में भी प्रदर्शित नहीं है उसकी सूचि तैयार कर कोषांग को भेजे। बैठक के समापन चरण में प्रभारी पदाधिकारी द्वारा सभी उपस्थित उर्दू कर्मियों के बीच उर्दू पत्रिका उर्दू दुनिया ए बच्चों कि दुनिया एवं ख्वातीन ए दुनिया कि तकसीम की गयी तथा निदेश दिया गया कि सभी उर्दू कर्मी अपने अपने स्तर से अपने मौलिक दायित्व को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उर्दू भाषा के प्रचार प्रसार का प्रयास करना सुनिश्चित करें तथा आम उर्दू भाषी जनता, विधालय के शिक्षक छात्र-छात्रा स्थानीय लेखक कवि इत्यादि द्वारा इस भाषा के विकास हेतु किये जा रहे प्रयास को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जाए। अंत में धन्यवाद ज्ञापन एवं शुभकामनाओं के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत सैकड़ों लोगों ने ली सड़क सुरक्षा की शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जहानाबाद जिला परिवहन विभाग द्वारा जनवरी माह को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। इसी क्रम में सोमवार, को जिला मुख्यालय स्थित अंतरजिला बस अड्डा परिसर में सड़क सुरक्षा के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देखा गया कि कड़ाके की ठंड के बावजूद बस स्टैंड परिसर में वाहन चालकों, स्थानीय दुकानदारों एवं आम नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति देखने को मिली, जो आम लोगों में सड़क सुरक्षा को लेकर बढ़ती जागरूकता का सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत सड़क सुरक्षा शपथ दिलाकर की गई, जिसमें उपस्थित लोगों ने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, तेज गति से वाहन न चलाने, यातायात संकेतों का पालन करने और सड़क पर सुरक्षित व्यवहार अपनाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों से सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों और निर्देशों वाला शपथ पत्र भी भरवाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी अविनाश कुमार ने कहा कि परिवहन विभाग का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि यातायात को सुचारु रखने, सड़क पर सुरक्षा और लोगों की जान बचाना है। उन्होंने कहा, "जब बिना हेलमेट या सीट बेल्ट वाहन चलाने पर चालान किया जाता है, तो इसका मकसद दंड देना नहीं, बल्कि लोगों को सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित करना होता है। हेलमेट और सीट बेल्ट नियम से ज्यादा जीवन सुरक्षा का कवच हैं।" इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी ने आम नागरिकों से अपील किया कि यातायात नियमों का पालन अपनी आदत में शामिल करें, क्योंकि यही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने यह भी बताया कि यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल को अस्पताल पहुंचाने में मदद करता है, तो प्रशासन की ओर से उस पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाएगी, बल्कि ऐसे नेक कार्य के लिए प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार राशि भी दी जा सकती है।उन्होंने जानकारी दी कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान जिले भर में नेत्र जांच शिविर, हेलमेट जांच अभियान, वाहन सुरक्षा जांच एवं सड़क सुरक्षा से जुड़ी कई अन्य जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा स्कूलों, प्रखंडों और सार्वजनिक स्थलों पर भी जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।कार्यक्रम में परिवहन विभाग के अधिकारी, बस यूनियन के प्रतिनिधि एवं स्थानीय समाजसेवियों ने भी सड़क सुरक्षा अभियान को सफल बनाने में सहयोग का भरोसा दिलाया।



# जनता दरबार में 21 परिवादों की सुनवाई, त्वरित समाधान के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में सोमवार को जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। लोकतांत्रिक संवाद की इस शांत, भरोसेमंद और पारदर्शी चौखट पर आम नागरिक अपनी उम्मीदें लेकर पहुंचे, जहाँ प्रशासन ने उन्हें सीधे सुना—नो फ़िल्टर, नो डिले। जनता दरबार का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों द्वारा कुल 21 लिखित परिवाद जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए गए। प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से गलत तरीके से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण हटाने, भूमि विवाद, जमाबंदी रद्दीकरण, किसानों से जुड़ी समस्याएं, इंदिरा आवास योजना में अनियमितता, आंगनबाड़ी सेविका पद पर बहाली, गलत तरीके से डिमांड रद्द करने, भूमि मापी व परिमार्जन, आवासीय सहायता, घर तोड़ने की कार्रवाई पर रोक, उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना सहित अन्य जनहित से जुड़े मुद्दे शामिल रहे। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी परिवादों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक जांच कर त्वरित, निष्पक्ष एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनता दरबार में प्राप्त प्रत्येक शिकायत की नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा की जाएगी और तय समय-सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान हर हाल में सुनिश्चित कराया जाएगा।

# पार्टी के पुराने सदस्यों को जोड़कर संगठन को मजबूत करने का निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। समाहरणालय स्थित अनुग्रह स्मारक भवन में रविवार को जिला कांग्रेस कमिटी की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस के प्रभारी सत्येंद्र नारायण सिंह मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत बनाना है। जिसमें यह तय हुआ कि कांग्रेस गांव की ओर नाम से एक अभियान चलाया जाएगा। जिसमें कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता एक साथ सभी प्रखंडों व गांवों में जाएगा। जो भी पुराने कांग्रेस के सदस्य है उन्हें पुनः कांग्रेस में जोड़कर मान सम्मान दिया जाएगा। कांग्रेस पार्टी फिर से अपने पुराने तेवर में संगठन को मजबूत कर सरकार के जन विरोधी नितीयों का सड़क पर विरोध करेगी। किसानों की समस्या, स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा सहित मुद्दे पर सरकार को घेरने का कार्य करेगी। बैठक में उत्तराखंड के मंत्री के पति व भाजना नेता के द्वारा जो बिहार की महिलाओं के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की गई उसका हम निंदा करते हैं और उक्त नेता का व्यक्तत्य भाजपा के महिलाओं के प्रति सोच को दर्शाता है। केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को जो समा' करने की योजना है उसका भी विरोध कांग्रेस सड़क पर करेगी। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, राकेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, जिला परिषद सदस्य सुरेंद्र यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष उदय पासवान, हसपुरा प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह, देव प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, बारुण प्रखंड अध्यक्ष देवंती देवी, शर्मा, अकबर अली, विनय कुमार सिंह, कैलाश केशरी, गोविंद कुमार, रामाधार शर्मा, मोहम्मद आलम सहित मौजूद रहे।

## घर मे आग लगने से सारा सामान जलकर हुआ राख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र के मई गांव में रविवार की रात एक दर्दनाक अगलगी की घटना सामने आई, जिसमें एक परिवार का पूरा आशियाना जलकर राख हो गया। पीड़ित सुरेंद्र दास के घर में अचानक आग लगने से घरेलू उपयोग की लगभग सभी वस्तुएं नष्ट हो गईं। पीड़ित सुरेंद्र दास ने बताया कि बीती रात करीब 11 बजे घर में रखे भूसे में अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठते देख परिवार के सदस्य शोर मचाने लगे, जिसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। इसी दौरान अग्निशमन विभाग को भी सूचना दी गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। अगलगी की इस घटना में घर में रखा फर्नीचर, रेडीमेड कपड़े, अनाज, सिलाई मशीन, बक्सों में रखे जेवरात, कपड़े-लत्ते सहित अन्य कीमती सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गए। पीड़ित के अनुसार इस हादसे में करीब 80 हजार रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। सुरेंद्र दास ने घटना के पीछे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगाए जाने की आशंका जताई है। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

# सद्भावना क्रिकेट मैच में बरैलीचक ने शील्ड पर जमाया कब्जा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा शहर के छोटी खेल मैदान में सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का फाइनल बरैलीचक बनाम अंकित एलेवन टीम के बीच खेला गया। मैच का उद्घाटन निजी शिक्षण संस्थान एनएसएसटी के स्कूली बच्चे एवं आनंद संगीत महाविद्यालय के बच्चों के बीच फैन्सी मैच से हुआ। जिसमें आनंद संगीत महाविद्यालय के बच्चों की जीत हुई। इसके उपरांत टूर्नामेंट का फाइनल बरैलीचक व अंकित एलेवन टीम के बीच खेला गया। बरैलीचक की टीम ने टांस जीतकर पहले क्षेत्र रक्षण करने का निर्णय लिया। पहले पारी खेलते हुए अंकित एलेवन की टीम ने 13 वें ओवर मे सभी खिलाड़ी 77 रन पर आउट हो गई। जवाबी पारी खेलने उतरी बरैलीचक की टीम 4 विकेट के नुकसान व छह विकेट शेष रहते जीत कि लक्ष्य हासिल कर सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। मैन आफ द सिरिज का पुरस्कार बरैलीचक टीम के हैरि व मैन आंफ द मैच का पुरस्कार दिना को दिया गया। वही बेस्ट बांलर सब्बा, बेस्ट फिल्डर अमर, बेस्ट बैटस मैन सौरभ को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अम्पायर कि भूमिका शिक्षक दीपक कुमार व अविनाश कुमार बब्लू ने निभाई। स्कोरिंग ई . सरोज कुमार ने की। जबकि खेल प्रेमियों को मैच का आंखों देखा हाल शिक्षक डा.हरिद्वार प्रसाद सिंह व आशिफ इकबाल ने सुनाया। अध्यक्षता अरविंद कुमार वर्मा ने किया। विजेता टीम को ट्राफी प्रदान करते हुए गोह विधायक अमरेन्द्र कुमार ने ऐसे आयोजन के लिए आयोजन समिति को बधाई दिया। उन्होंने कहा खिलाड़ी कभी हारता नहीं है। पराजित टीम कल जरूर जितेगी। मेहनत उन्हें जरूर रंग लायगा। उप विजेता टीम अच्छी खेलकर फाइनल में पहुंचे हैं। आयोजन के लोगों ने हसपुरा बाजार कि समस्या को रखा। विधायक ने पूरा करने का भरोसा दिलाया।



**मौके पर ये रहे उपस्थित**

समाजसेवी सह पैक्स अध्यक्ष संजीत शर्मा, दाउदनगर 20 सूत्री अध्यक्ष दीपक पटेल गुंजन, चन्द्र कांत मुन्ना, आयोजन समिति के संरक्षक राकेश सिंह, समाजसेवी कौशल शर्मा, राजू पटेल, संतोष तिवारी, राजेन्द्र सिंह,मनीष कुमार, संतोष पटेल, श्रीकांत वर्मा, संतोष शौण्डिक, अनिल आर्य, विजय प्रसाद, शमीम अहमद सहित आयोजन समिति के राजकुमार, विपिन पटेल, धर्मेंद्र कुमार लाला ने मैच के सफल आयोजन पर खेल प्रेमियों व खिलाड़ियों के प्रति आभार जताया।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से बिजली बिल में राहत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। केन्द्र सरकार की उर्जा प्रक्षेत्र में महत्वपूर्ण योजना पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं कुसुम योजना के लाभ से बिहार के बिजली उपभोक्ता भी लाभान्वित हो रहे हैं। इस योजना से बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी जा रही है। उर्जा विभाग, बिहार सरकार द्वारा इस योजना के तहत सभी घरेलू उपभोक्ताओं को सौर उर्जा सयंत्र स्थापित करने का अवसर दिया जा रहा है, साथ ही घरेलू उपभोक्ताओं को सोलर सयंत्र लगाने पर रूपया 78 हजार तक का अनुदान दिया जा रहा है। इस योजना के तहत सभी घरेलू उपभोक्ताओं को एक किलोवाट तक की क्षमता वाले सोलर सयंत्र लगाने पर 30 हजार रुपये एवं दो किलोवाट तक की क्षमता वाले सोलर सयंत्र पर 60 हजार रुपये तथा तीन किलोवाट या उससे अधिक क्षमता के सयंत्र पर रूपया 78 हजार रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है। उक्त सयंत्र हेतु उपभोक्ताओं को 80 वर्ग फीट से 240 वर्ग फीट तक के क्षेत्र की आवश्यकता पडती है। 1 किलोवाट के सोलर सयंत्र से लगभग 125 यूनिट बिजली प्रतिमाह का उत्पादन होता है, इसके अनुपात में सोलर सयंत्र लगाने का लागत राशि की प्रतिपूर्ति 5 से 7 वर्षों में पूर्ण हो जाती है और सौर उर्जा सयंत्रों की आयु लगभग 25 वर्षों की होती है। वैसे उपभोक्ता जो उक्त सयंत्र लगाने हेतु इच्छुक हैं, उन्हे वित्तिय सहायता के रूप में राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा ऋण की भी सुविधा उपलब्ध है। साथ ही उक्त योजना का लाभ लेने हेतु उपभोक्ता स्थानीय विद्युत कार्यालय में सम्पर्क स्थापित कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए औरंगाबाद एवं दाउदनगर के विद्युत कार्यपालक अभियंता ने बताया कि उक्त सौर उर्जा सयंत्र लगाने हेतु इच्छुक उपभोक्ता सुविधा एप्प के माध्यम से आवेदन समर्पित कर सकते हैं तथा स्थानीय कार्यालय से सयंत्र उपलब्ध कराने वाले वेन्डरों की सूची प्राप्त कर सुविधा अनुसार उक्त योजना का लाभ ले सकते हैं। केन्द्र सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ आम किसानों को भी सौर उर्जा के माध्यम से सुदुरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली का लाभ पहुंचाने हेतु प्रधानमंत्री किसान उर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महा अभियान योजना लागू की गई, जिसका लाभ बिहार के किसानों को भी मिल रहा है। इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि में प्रयुक्त होने वाले डीजल एवं बिजली पर खर्च होने वाली राशि से किसानों को बचत देने की सुविधा दी जा रही है। साथ ही किसान इस योजना के तहत बिजली उत्पादन कर बिजली कंपनी को बिजली बेंच सकते हैं। इसके लिए बिहार स्टेट पावर जेनेरेशन कंपनी लिमिटेड द्वारा कुल 1235 कृषि फीडर को इस योजना से संबद्ध किया गया। इस योजना के तहत विद्युत उपकेन्द्रों के लगभग पांच किलोमीटर दायरे के अन्दर भूमि उपलब्ध कराकर इच्छुक किसान सौर उर्जा सयंत्र स्थापित कर सकते है, किसानों को सरकारी वित्तिय सहायता के तहत कृषि फीडर के सौर उर्जा क्षमता के आधार पर केन्द्र सरकार द्वारा 1.5 करोड रूपया प्रति मेगावाट तथा राज्य सरकार द्वारा 45 लाख रूपया प्रति मेगावाट के वित्तिय सहायता प्रदान किये जाने का प्रावधान है। ज्ञात हो कि इस योजना के तहत प्रति मेगावाट लगभग 4 एकड भूमि की आवश्यकता है तथा अधिष्ठापित सयंत्र से बिजली कंपनी को उपलब्ध कराये जाने वाली बिजली से संबंधित एकरारनामा की अवधि 25 वर्ष निर्धारित है। इससे संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु विद्युत कंपनी कार्यालय में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

## प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष की मनायी गयी पुण्यतिथि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड के सलेमपुर गांव में रिटायर्ड शिक्षक सह प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रामानंद पासवान की पुण्यतिथि मनायी गयी। कार्यक्रम में उपस्थित आगुंतकों ने स्व.रामानंद पासवान के प्रतिमा पर मालार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोजपा नेता विजय अकेला ने की। आगुंतकों ने स्व. रामानंद पासवान के प्रतिमा पर मालार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए रिटायर्ड सैनिक सीता राम सिंह, रिटायर्ड हेडमास्टर कुलदीप चौधरी, कांग्रेस नेता दिनेश कुशवाहा, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश सिंह, सरपंच बखोरा खां, मानदीप चौधरी, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, राजद प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार, समाजसेवी नारायण शर्मा ने कहा दिवंगत रामानंद पासवान एक कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थे।

# एसडीपीओ ने जनता दरबार लगा सुनीं लोगों की फरियादें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देशानुसार बारून थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकरी संजय कुमार पांडे ने आम लोगों और जनप्रतिनिधियों की समस्याएं सीधे सुनीं। फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतें एसडीपीओ के समक्ष रखीं। जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े मामले सबसे अधिक छाए रहे। इन मामलों को गंभीरता से सुनते हुए एसडीपीओ ने बताया कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। एसडीपीओ ने बताया कि सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित थानाध्यक्ष और पुलिस पदाधिकारियों को शीघ्र, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि जनता दरबार के माध्यम से आम लोगों को काफी लाभ होगा और थाना स्तर पर ही मामलों का त्वरित निपटारा संभव हो सकेगा। लापरवाही की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। एसडीपीओ ने स्पष्ट किया कि महिलाओं, किशोरियों और कमजोर वर्गों से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस पहल के तहत अलग-अलग थानों में जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक समस्याओं का समाधान हो सके।




# चार सूत्री मांग को लेकर अखिल भारतीय खेत मजदूर संगठन ने दिया धरना

## मांगे नहीं माने जाने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। सदर प्रखंड मुख्यालय परिसर में अखिल भारतीय खेत मजदूर सभा की ओर से चार सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस धरना में बड़ी संख्या में ग्रामीण खेत मजदूरों के साथ-साथ संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को प्रमुखता से उठाया।धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आज भी जिले के कई गरीब और भूमिहीन परिवार बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने गरीबों को अविलंब वासगीत पर्चा उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना को समाप्त कर उसके स्थान पर नए वी.जी. रामजी राम बिल को लागू किए जाने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया गया। वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा योजना ग्रामीण गरीबों और खेत मजदूरों के लिए रोजगार का एकमात्र भरोसेमंद साधन है और इसे खत्म करने की किसी भी कोशिश से मजदूरों का जीवन संकट में पड़ जाएगा। धरना की अध्यक्षता संगठन के जिला सचिव ने की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार मजदूर विरोधी नीतियां लागू कर रही है, जिससे गरीब और वंचित तबका सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मजदूरों की चार सूत्री मांगों पर शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं की तो अखिल भारतीय खेत मजदूर सभा जिले से लेकर राज्य स्तर तक व्यापक और उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। धरना स्थल पर मौजूद मजदूरों ने एकजुट होकर अपनी मांगों को पूरा कराने का संकल्प लिया और सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की अपील की।

# पंचायतों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने हेतु प्रशिक्षण

## आत्मनिर्भर पंचायत की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग के तत्वावधान में जिला पंचायत संसाधन केन्द्र, जहानाबाद द्वारा स्वयं स्त्रोत राजस्व विषय पर एक दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय रूप से सुदृढ़ बनाना तथा पंचायत स्तर पर स्वयं स्त्रोत राजस्व के प्रभावी संग्रह, प्रबंधन एवं उसके पारदर्शी उपयोग को बढ़ावा देना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के मुखिया, प्रखण्ड कार्यपालक सहायक सह पंचायत सचिव, तथा पंचायत कार्यपालक सहायक एवं डाटा इंट्री ऑपरेटर भाग लेंगे। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को पंचायत की आय बढ़ाने के विभिन्न स्रोतों की जानकारी दी जाएगी, ताकि पंचायतें सरकारी अनुदानों पर निर्भर रहने के बजाय आत्मनिर्भर बन सकें। प्रशिक्षण के दौरान स्वयं स्त्रोत राजस्व की अवधारणा एवं उसके महत्व, पंचायत स्तर पर कर एवं शुल्क संग्रह की प्रक्रिया, वित्तीय पारदर्शिता, लेखा-जोखा एवं अभिलेख संधारण, साथ ही व्यवहारिक समस्याओं और उनके समाधान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह एक दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत संसाधन केन्द्र, जहानाबाद के प्रशिक्षण केन्द्र में 5 जनवरी से 8 जनवरी 2026 के बीच आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों का कहना है कि इस तरह के प्रशिक्षण से पंचायत प्रतिनिधि एवं कर्मी न केवल अपने दायित्वों को बेहतर ढंग से समझ पाएंगे, बल्कि पंचायतों के समग्र विकास और आत्मनिर्भर पंचायत की परिकल्पना को साकार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।




# नदी स्वच्छता, संरक्षण लेकर स्काउट–गाइडों के साथ हुई बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जिलाधिकारी–सह–अध्यक्ष, जिला गंगा समिति, जहानाबाद के निर्देशानुसार बिहार भारत स्काउट एंड गाइड कार्यालय, जहानाबाद में निदेशक, राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम, डॉ. सुदर्शन कुमार की उपस्थिति मे जिले की नदियों की स्वच्छता, संरक्षण एवं जल संवर्धन के विषय पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य जिले में प्रवाहित नदियों को स्वच्छ एवं संरक्षित रखने के लिए विद्यार्थियों एवं युवाओं को जागरूक करना तथा उन्हें सामाजिक सहभागिता के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में निदेशक, राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम (एन.इ.पी.) डॉ. सुदर्शन कुमार एवं जिला परियोजना पदाधिकारी (डी. पी.ओ.), जिला गंगा समिति, अमित कुमार उपस्थित रहे। दोनों वक्ताओं द्वारा नदियों के महत्व, उनके संरक्षण की आवश्यकता तथा जल संसाधनों के सतत उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने बताया कि नदियाँ न केवल जल का स्रोत हैं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, जिनकी स्वच्छता एवं सुरक्षा हम सभी का सामूहिक दायित्व है। बैठक में विभिन्न विद्यालयों से आए स्काउट एंड गाइड के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। स्वयंसेवकों को विशेष रूप से नदी किनारे स्थित विद्यालयों की भूमिका, जल प्रदूषण के दुष्प्रभाव, प्लास्टिक एवं ठोस कचरे से नदियों को होने वाले नुकसान तथा स्वच्छता अभियान के माध्यम से जनजागरूकता फैलाने के तरीकों पर जानकारी दी गई। साथ ही स्वयंसेवकों से अपील की गई कि वे अपने-अपने विद्यालयों एवं आसपास के क्षेत्रों में नदी स्वच्छता एवं जल संरक्षण से संबंधित गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करें। इस अवसर पर स्काउट एंड गाइड के जिला संगठन आयुक्त, हरिशंकर कुमार ने स्काउट–गाइड आंदोलन की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अनुशासन, सेवा भावना एवं सामाजिक जिम्मेदारी के माध्यम से युवा वर्ग पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभा सकता है। बैठक में उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता श्री विभूति नारायण सिंह एवं उपस्थित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक द्वारा भी अपने विचार साझा किए गए। उन्होंने नदियों की स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा विद्यार्थियों को इस दिशा में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया।




## तीन वर्ष आयु वर्ग की कन्या शिशुओं के बीच बेबी किट का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। मोदनगंज परियोजना अंतर्गत प्रखंड सभा कक्ष में "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 0–3 माह की नवजात कन्याओं एवं 2.5 वर्ष से 3 वर्ष आयु वर्ग की पूर्ण टीकाकृत कन्या शिशुओं को बेबी किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के आयोजकों द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के संरक्षण, पोषण एवं शिक्षा के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना तथा बालिका जन्म को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में मोदनगंज प्रखंड के प्रखंड प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, महिला पर्यवेक्षिकाएं, आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

# कृषि निर्यात पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) द्वारा बिहार सरकार के कृषि विभाग के सहयोग से सोमवार को एटीएमए कॉन्फ्रेंस हॉल, कृषि भवन, जहानाबाद में कृषि निर्यात विषय पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी संभावना द्वारा जिले की कृषि संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए जहानाबाद में उपलब्ध प्रमुख कृषि उत्पादों, उनके उत्पादन की स्थिति तथा राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता देवानंद त्रिपाठी, सहायक प्रबंधक, एपीडा क्षेत्रीय कार्यालय पटना ने बिहार राज्य में एपीडा की विभिन्न पहलों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कृषि उत्पादों के निर्यात हेतु पंजीकरण प्रक्रिया, गुणवत्ता युक्त उत्पादन, पैकेजिंग एवं अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उत्पादन की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही उन्होंने बिहटा पैकहाउस एवं इर्रेडिएशन सेंटर को एपीडा से शीघ्र मिलने वाली स्वीकृति के संबंध में जानकारी साझा की, जिससे राज्य से फल, सब्जी एवं प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों के अंतरराष्ट्रीय निर्यात के नए अवसर सृजित होंगे। कार्यक्रम में विपणन विभाग एवं एटीएमए परियोजना निदेशक द्वारा भी किसानों एवं हितधारकों को गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, जैविक प्रमाणीकरण तथा बाजारोन्मुख कृषि अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में किसानों, एफपीओ, कृषि उद्यमियों एवं विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया तथा कृषि निर्यात की संभावनाओं को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई।



# सभी पदाधिकारी आम जनता से मिलने का साप्ताहिक समय करें निर्धारित : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बेगूसराय नगर**। समाहरणालय स्थित कारगिल विजय भवन में सोमवार को जिला समन्वय समिति की बैठक डीएम श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को बायोमैट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी पदाधिकारियों को आम जनता से मिलने के लिए साप्ताहिक समय निर्धारण करने का निर्देश दिया।जिसकी सूचना कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित होनी चाहिए। इसके बाद जिला पदाधिकारी द्वारा आरटीपीएस से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई।सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत लंबित पेंशन आवेदनों को निर्धारित समयसीमा में निष्पादित करने का निदेश सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को दिया गया। कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना अंतर्गत जिन पंचायतों में चालू वित्तीय वर्ष में एक भी लाभुकों को योजना का लाभ नहीं प्राप्त हुआ है, वहाँ यथाशीघ्र योग्य लाभुक को लाभ देते हुए आवेदन की प्रविष्टि ईसुविधा पोर्टल पर करने का निदेश दिया।जिला पदाधिकारी ने 100 आसन का डॉ अंबेडकर कल्याण छात्रावास निर्माण के लिए किसी विद्यालय-महाविद्यालय में भूमि चिन्हित करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अपर समाहर्ता को दिया।वहीं मंदिर चहारदिवारी निर्माण योजना के तहत अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु लंबित भूमि के लिए अविलंब एनओसी भेजने का निर्देश सभी अनुमंडल पदाधिकारी को दिया।बिहार विधान सभा के तहत अधिग्रहित वाहनों के लंबित भुगतान हेतु विधान सभा वार गठित समिति के नोडल पदाधिकारियों को अविलंब जाँच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। ताकि सभी वाहन मालिकों को अविलंब भुगतान सुनिश्चित किया जा सके।मनरेगा के तहत आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए भूमि अतिक्रमण मामलों के बारे में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा द्वारा बताया गया कि मंसूरचक, खोदावंदपुर एवं बेगूसराय में भूमि अतिक्रमत रहने के कारण 8 केन्द्रों पर कार्य शुरू नहीं हो सका है। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित कार्यक्रम पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।बैठक में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, जल-जीवन-हरियाली, कल्याण विभाग, 07-निश्चय (भाग-1, 2 एवं 3) सहित ब्ड डैशबोर्ड, ब्च् ग्राम पोर्टल, च्डव् पोर्टल एवं ई-कंप्लायंस डैशबोर्ड पर लंबित शिकायतों के निस्तारण एवं माननीय मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा से संबंधित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। वहीं लंबित न्यायालय वादों के निष्पादन हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को तथ्य विवरणी तैयार कर प्रतिशपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया गया।इसके साथ ही सभी विभागों की विस्तृत समीक्षा की गई। सभी विभागों के पदाधिकारियों को अपने-अपने विभाग की दैनिक स्तर पर समीक्षा करने का निर्देश जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया। साथ ही अन्य विभाग के कार्यालयों से संबंधित लंबित मामलों पर त्वरित निष्पादन का निदेश दिया।बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता विभागीय जाँच, सहायक समाहर्ता, सिविल सर्जन सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# सड़क हादस में किन्नर की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा**। भोजपुर जिले के बड़हरा आरा-छपरा फोरलेन के बबुरा छोटी पुल के समीप रविवार रात ट्रक-ट्रैक्टर की भीषण टक्कर में ट्रैक्टर सवार एक किन्नर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हादसा इतना जबरदस्त था कि ट्रैक्टर व ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा कि बालू लोड कर एक ट्रैक्टर डोरीगंज की ओर जा रहा था। इसी दौरान डिवाइडर पार कर ट्रैक्टर विपरीत लेन में प्रवेश करने लगा। उसी दौरान तेज गति से आ रही ट्रक ने ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रैक्टर पर सवार किन्नर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बबुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि चालक को इलाज के लिए भेजा गया है। जबकि मृत किन्नर के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल आरा भेज दिया। ट्रैक्टर पटना जिला के बिहटा थाना क्षेत्र के परेव गांव का बताया जा रहा है। पुलिस ने क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर आवागमन बहाल कराया। पुलिस ट्रैक्टर चालक और किन्नर की पहचान में जुटी हुई है।

# आरपीएफ के विरुद्ध किन्नरों ने किया भारी हंगामा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरौनी**। बरौनी रेलवे स्टेशन पर सोमवार को रेलवे सुरक्षा बल की कार्रवाई का विरोध करते हुए किन्नरों के समूह ने प्लेटफॉर्म पर जमकर हंगामा किया और नग्नता का प्रदर्शन किया। आरपीएफ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हंगामा करने वाले पांच अन्य किन्नरों को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार, ट्रेनों में किन्नरों द्वारा यात्रियों से अवैध वसूली और दुर्व्यवहार की मिल रही लगातार शिकायतों पर अंकुश लगाने के लिए आरपीएफ बरौनी द्वारा सोमवार को एक 'स्पेशल ड्राइव' चलाया गया था। सुबह करीब 09:45 बजे टीम ने 'सुशीला' (22 वर्ष) नामक एक किन्नर को पकड़ा और कानूनी कार्रवाई के लिए पोस्ट पर ले आई। जैसे ही सुशीला को हिरासत में लिया गया। उसे छुड़ाने की नीयत से उनके अन्य साथी अचानक प्लेटफॉर्म संख्या 4 पर पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, किन्नरों ने यात्रियों के बीच न केवल शोर-शराबा किया, बल्कि विरोध स्वरूप अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करने लगे। आरपीएफ कर्मियों द्वारा समझाने के बावजूद हंगामा बढ़ता गया। स्थिति बिगड़ते देख और बल की संख्या कम होने के कारण आरपीएफ ने अपराध आसूचना शाखा गढ़हरा और राजकीय रेल पुलिस बरौनी से अतिरिक्त बल की मांग की। संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर हंगामा कर रहे किन्नरों पर काबू पाया। पकड़े गए किन्नरों की पहचान कविता 26 वर्ष, स्टेशन रोड बेगूसराय,क्विटी कुमारी 30 वर्ष, ताजपुर, समस्तीपुर, छोटी (18 वर्ष) गाछी टोला बेगूसराय, सोनी (25 वर्ष) खजुरा बेगूसराय, गुलाबी (25 वर्ष) जोगी जमालपुर, मुंगेर है। आरपीएफ बरौनी के अनुसार, पकड़े गए सभी किन्नर बेगूसराय और आसपास के क्षेत्रों के रहने वाले हैं। इनके विरुद्ध रेलवे अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों को समय से मजिस्ट्रेट और न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्रवाई से स्टेशन परिसर में अवैध रूप से घूमने वाले तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है।

# दो शराब कारोबारी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भगवानपुर**। तेयाय ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो विदेशी शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बसही पुल के समीप एक दुकान के पीछे की गई, जहां से ऑफिसर च्वाइस कंपनी की 180 एमएल की कुल 69 पीस फ्रूटी बरामद की गई।इस संबंध में तेयाय ओपी अध्यक्ष निकिता भारती ने बताया कि सूचना मिली थी कि उक्त स्थान पर अवैध रूप से विदेशी शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने छापेमारी कर बसही गांव निवासी राम बिनोद महतो के पुत्र संजय कुमार तथा स्वर्गीय अग्नु साह के पुत्र मोहन साह को मौके से गिरफ्तार किया।पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना कांड संख्या 1ध्26 दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद व्यवहार न्यायालय बेगूसराय भेज दिया गया है।

# भूमि सुधार जनकल्याण संवाद बना जनता की जमीनी समस्याओं के समाधान का सशक्त मंच : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर** । बिहार के उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भूमि सुधार जनकल्याण संवाद अब महज एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता की जमीन से जुड़ी जटिल समस्याओं के समाधान का एक प्रभावी और भरोसेमंद मंच बन चुका है। सोमवार को स्थानीय टाउन हॉल में आयोजित जनकल्याण संवाद कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस संवाद का उद्देश्य केवल औपचारिक भाषण नहीं, बल्कि आम नागरिकों की बात सुनना, उनकी पीड़ा समझना और नियमसम्मत समाधान को प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करना है। भूमि विवाद जैसे संवेदनशील विषयों में विधिक प्रावधानों के साथ जमीनी सच्चाई को समझना आवश्यक है, इसी सोच के साथ विभाग ने कार्यकाल के पहले 100 दिनों में प्रमंडल और जिलावार जनसंवाद की शुरुआत की है।
उन्होंने बताया कि विभाग की सभी सेवाएं अब पूरी तरह ऑनलाइन हैं। आम लोगों की सुविधा के लिए प्रत्येक अंचल कार्यालय में सीएससी केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां मामूली शुल्क पर आवेदन और परामर्श की सुविधा उपलब्ध है। फर्जी कागजात के आधार पर काम में बाधा डालने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि बेहतर कार्य करने वाले शीर्ष तीन अंचल अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा।

# डीएम ने 8 जनवरी तक के लिए विद्यालय बंद करने का दिया आदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बेगूसराय नगर**। जिले में लगातार बढ़ती भीषण ठंड के कारण जिला दण्डाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा बच्चों के लिए महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। सोमवार को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।जारी आदेश के अनुसार बेगूसराय जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों, जिनमें प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र भी शामिल हैं। इसमें कक्षा 8 तक की सभी शैक्षणिक गतिविधियां 8 जनवरी तक पूर्णतः स्थगित रहेंगी। वहीं कक्षा 9 एवं उससे ऊपर की कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियां प्रातः 10 बजे से अपराह्न 4:30 बजे के बीच ही संचालित की जा सकेंगी। आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित बच्चों को पका हुआ भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी केंद्रों को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक खोले जाने का निर्देश दिया गया है। हालांकि प्री-बोर्ड एवं बोर्ड परीक्षाओं के लिए संचालित विशेष कक्षाओं एवं परीक्षाओं को इस प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है। 6 जनवरी से प्रभावी होगा तथा 8 जनवरी तक लागू रहेगा। जिला दण्डाधिकारी द्वारा सभी विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि वे आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अपनी शैक्षणिक गतिविधियों का तदनुसार पुनर्निर्धारण करें। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी, बेगूसराय एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को आदेश के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुपालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# बागवन पंचायत में आम सभा आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी**। ग्राम पंचायत राज बागवन के लौछे स्थित पंचायत सभागार भवन में आम सभा का आयोजन किया गया। इस सभा का मुख्य उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ग्राम पंचायत विकास योजना का निर्माण करना था।सभा की अध्यक्षता करते हुए ग्राम पंचायत राज बागवन के मुखिया योगेंद्र राय ने ग्रामीणों को सड़क, पीसीसी ढलाई, सोलिंग, स्वच्छता, शौचालय, सोखता गड्ढा निर्माण, आवास, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, मनरेगा और वासगीत पर्चा जैसी विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इसी दौरान, सारबकोठी, सिसौनी और सिनुवारी के भूमिहीन ग्रामीणों ने राजस्व कर्मचारी सुरज कुमार पर वासगीत पर्चा उपलब्ध न कराने का आरोप लगाया। आम सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने राजस्व कर्मचारी सूरज कुमार पर दाखिल खारिज परिमार्जन में अवैध वसूली करने और समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत न करने का आरोप लगाते हुए तत्काल पंचायत से उनके स्थानांतरण की मांग की। इस अवसर पर पंचायत सचिव गोपाल कुमार, कार्यपालक अनिल कुमार, लेखपाल नेहा कुमारी, रोजगार सेवक कृष्ण कुमार, उप मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मण कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक रामचरण महतो, वार्ड सदस्य मनोज सदा, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि कदम सदा, स्वच्छता कर्मी नागेंद्र सदा, रामबालक सदा, गजेंद्र सदा, भूखली देवी, मीरा देवी, अनीता देवी, मंगली देवी, पुष्पा देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शांति सद्भावना समिति के सदस्यों का हुआ सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया**। नव वर्ष के आगमन पर शांति सद्भावना समिति नगर परिषद बलिया के द्वारा रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह छोटी बलिया चक मक्खन टोला स्थित मोहम्मद रुस्तम के आवास पर संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता बीके मेहता तथा संचालन सूचना संयोजक मोहम्मद फरोग उर रहमान कर रहे थे। शांति सद्भावना समिति द्वारा सम्मान समारोह में भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम डॉक्टर रामानुज शर्मा उमा नर्सिंग होम पटेल चैक बलिया के सौजन्य से कराया गया। मुख्य अतिथि के रूप में रामानुज शर्मा उपस्थित हुए। सम्मान समारोह में शांति सद्भावना समिति के सभी सदस्यों को फूल माला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। शांति सद्भावना समिति के सम्मान समारोह में कई वक्ताओं के द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए। और बताया गया कि यह समिति हर पर्व त्यौहार में काफी बढ़ चढ़ कर भाग लेती है। क्षेत्र में शांति बनी रहे इस पर भी नजर रखती है। इस समिति को और मजबूत करने पर जोर डाला गया। निष्पक्ष होकर समिति के द्वारा काम करने एवं राजनीति से हटकर क्षेत्र में काम करने की बात दोहराई गई। समाज के अंदर कोई भी अगर किसी भी तरह का समाज को क्षति पहुंचाने का प्रयास करता है तो उसे शांति सद्भावना समिति उसके विरुद्ध कार्रवाई करेगी। समाज हित में बढ़ चढ़कर शांति सद्भावना समिति का हर एक सदस्य रहेगा। शांति सद्भावना समिति के सम्मान समारोह को संबोधित करने वालों में बलिया नगर परिषद के अध्यक्ष जमालुद्दीन, वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर जयप्रकाश अग्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष वर्तमान वार्ड पार्षद मोहम्मद जावेद अख्तर ,अरुण महतो, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि बहादुर यादव, राजेश अम्बष्ट, मोहम्मद शाहिद, बलिया व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह, जयशंकर प्रसाद, वार्ड पार्षद विकास पासवान, मोहम्मद ऐनुल हक, सामाजिक कार्यकर्ता महबूब आलम, मनोज दास, रूपनारायण पासवान, इंद्रदेव राम, आदिल रशीद ,मोहम्मद अरमान, मोहम्मद सरफराज सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया।

# पंचायत जनप्रतिनिधियो का गैर-आवासीय प्रशिक्षण आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय**। जिले के पंचायत संसाधन केंद्र कंकौल में सभी ग्राम पंचायतों के मुखियागण, पंचायत सचिव तथा प्रखंड-पंचायत कार्यपालक सहायकों के लिए ग्राम पंचायत विकास योजना एवं सतत विकास के लक्ष्यों के स्थानीयकरण विषयों पर एक दिवसीय जिला स्तरीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी, जिला पंचायत संसाधन केंद्र, डॉ गोपाल मिश्रा, यूनिसेफ एवं पिरामल फाउंडेशन के आमंत्रित प्रशिक्षकों तथा महिला मुखिया द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सोमवार को प्रारंभ हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सदर प्रखंड सहित वीरपुर, भगवानपुर एवं तेघड़ा प्रखंड के ग्राम पंचायत मुखिया, पंचायत सचिव एवं प्रखंड कार्यपालक सहायकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण की प्रक्रिया, स्वस्थ ग्राम पंचायत की अवधारणा एवं इससे जुड़े विभिन्न विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला पंचायत संसाधन केंद्र, बेगूसराय के मास्टर प्रशिक्षक प्रवीण कुमार तथा पिरामल फाउंडेशन के जिला प्रतिनिधि ज्ञानोदय प्रकाश एवं दीपक कुमार मिश्रा द्वारा स्वस्थ पंचायत से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही आपदा जोखिम न्यूनीकरण को ध्यान में रखते हुए जोखिम-सूचित ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने की प्रक्रिया एवं उससे संबंधित गतिविधियों के बारे में यूनिसेफ के पदाधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई। जीपीडीपी प्रशिक्षण के माध्यम से मुखियाओं को यह समझाया गया कि पंचायत की योजनाएं किस प्रकार स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार की जाएं। जिससे पंचायतें आत्मनिर्भर, स्वच्छ एवं सतत विकास की दिशा में अग्रसर हो सकें। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत की योजनाओं को जनभागीदारी आधारित, डेटा-आधारित एवं स्थानीय समस्याओं के समाधान पर केंद्रित बनाना है।प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ गोपाल मिश्रा ने ग्राम पंचायत मुखियाओं एवं अन्य प्रतिभागियों से जीपीडीपी योजना में "स्वस्थ ग्राम" थीम का चयन करते हुए उसके संकेतकों के अनुरूप कार्ययोजना तैयार करने का अनुरोध किया। उन्होंने पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान देने, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का नियमित अनुश्रवण करने तथा जन आरोग्य समिति की प्रत्येक माह नियमित बैठक सुनिश्चित करने पर बल दिया। जिला पंचायत राज पदाधिकारी पूजा प्रीतम ने बताया कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में जीपीडीपी के माध्यम से योजनाबद्ध एवं समावेशी विकास सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से सोमवार को चार प्रखंडों के ग्राम पंचायत मुखिया, पंचायत सचिव एवं अन्य कर्मियों के लिए जीपीडीपी निर्माण प्रक्रिया एवं स्वस्थ ग्राम पंचायत जीपीडीपी विषय पर यह एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से पंचायत स्तर पर सतत विकास, पारदर्शिता एवं जनभागीदारी को सुदृढ़ किया जा सकेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पंचायत संसाधन केंद्र के प्रबंधक प्रवीण कुमार, रवि कुमार, मिनु रानी, अविनाश कुमार, संजय कुमार, राजीव कुमार सहित पिरामल फाउंडेशन के जिला प्रतिनिधि ज्ञानोदय प्रकाश, दीपक मिश्रा, आरती शर्मा, नेहा सिंह तथा यूनिसेफ के पदाधिकारी राजीव कुमार, डीआरआर ऑफिसर, यूनिसेफ, पटना, विरेंद्र पांडेय, कंसल्टेंट, यूनिसेफ एवं अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# दो वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी**। समकालीन अभियान के तहत नावकोठी पुलिस ने अलग अलग गांव से दो वारंटी को गिरफ्तार कर कोर्ट भेज दिया है। प्रशिक्षु एसडीपीओ सह थानाध्यक्ष अमरजीत तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी महेशवाड़ा पंचायत के बभनगामा के मो तसलीम का पुत्र मो रसीदतथा नावकोठी के जनक साह का पुत्र सुरेश साह है। दोनो वारंटी मारपीट के मामले में नामजद थे। लंबे समय से वे कोर्ट में अपनी हाजिरी नहीं दे रहे थे। लंबी अवधि से कोर्ट से अनुपस्थित रहने से कोर्ट नेता इनके विरूद्ध गैरजमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इस गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष के अतिरिक्त एसआई पुनम कुमारी

# खिली धूप के बीच बढ़ी कनकनी, बर्फीली हवाओं से जनजीवन अस्त-व्यस्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**फुलवारीशरीफ**। सोमवार को राजधानी पटना में सुबह अच्छी धूप खिलने से लोगों ने राहत की सांस ली और बड़ी संख्या में लोग अपने-अपने काम पर निकल पड़े। बाजारों, सड़कों और खेतों में सामान्य चहल-पहल देखने को मिली। लेकिन यह राहत कुछ ही घंटों की साबित हुई। दोपहर बाद धूप के बीच अचानक बर्फीली पछुआ हवा चलने लगी और कनकनी इतनी बढ़ गई कि लोगों को फिर से कड़ाके की ठंड का एहसास होने लगा। देर शाम और सुबह-सुबह घना कोहरा लोगों को आवागमन पर काफी असर डाल रहा है।
अचानक बढ़ी कड़ाके की ठंड के कारण जनजीवन एक बार फिर प्रभावित हो गया। तेज और रुक-रुक कर चल रही ठंडी हवाओं ने न केवल इंसानों बल्कि पशु-पक्षियों और अन्य जीव-जंतुओं को भी बेहाल कर दिया है। खेत-खलिहानों में काम करने वाले मजदूरों को ठंड के कारण काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है और कई जगहों पर काम की गति भी धीमी पड़ गई है।
ग्रामीण इलाकों में सुबह के समय पशुपालक अपने पशुओं को देर से घरों से बाहर निकाल रहे हैं। वहीं शाम ढलते ही लोग गौशालाओं में अलाव जलाकर पशुओं को ताप देने में जुट जा रहे हैं, ताकि उन्हें शीतलहर से बचाया जा सके। पशुपालकों का कहना है कि लगातार बदलते मौसम के कारण पशुओं के स्वास्थ्य पर सीधा असर पड़ रहा है। शीतलहर का असर पोल्ट्री फार्म पर भी साफ नजर आने लगा है। ठंड के कारण कई जगहों पर मुर्गियां बीमार पड़ रही हैं, जिससे पोल्ट्री व्यवसाय से जुड़े लोगों की चिंता बढ़ गई है। इसके साथ ही मछली पालन पर भी ठंड का प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। तालाबों में पानी के अत्यधिक ठंडे होने से मछलियों की सक्रियता कम हो गई है, जिससे उत्पादन प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।
पटना और उसके आसपास ही नहीं, बल्कि लगभग पूरे बिहार में मौसम की यही स्थिति बनी हुई है। कहीं धूप तो कहीं अचानक तेज ठंडी हवाओं का प्रकोप लोगों को परेशान कर रहा है। मौसम के इस बदले मिजाज ने यह साफ कर दिया है कि फिलहाल ठंड से राहत की उम्मीद कम है और लोगों को सावधानी बरतते हुए अपने दैनिक जीवन को आगे बढ़ाना होगा।

# किसानों की मांग को लेकर खेमयू का अनिश्चितकालीन धरना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय नगर**। जिला समाहरणालय पर किसानों की मांग को लेकर खेमयू ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ किया। धरना में किसानों, पैक्स अध्यक्षों एवं दूध समिति के सदस्य शामिल हुए। धरना को संबोधित करते हुए किसान नेता अशोक प्रसाद सिंह ने कहा कि धान अधिप्राप्ति शुरू होने से पहले सरकार के खाद्य मंत्री लेसी सिंह,मुख्य सचिव, खाद्य सचिव, सहकारिता सचिव, कृषि सचिव और निबंधक सहयोग समितियां के समक्ष लिखित मांग पत्र का आवेदन दिया और प्रतिनिधिमंडल भी कई बार मिले। मगर धान अधिप्राप्ति में कोई सुधार नहीं हुआ। नीचे से ऊपर बैठे प्रशासन के लोग धान अधिप्राप्ति को दुधारू गाय समझकर किसानों को लाभ देने के बजाय सरकारी अधिकारी और मिलरों को मुनाफे की योजना बन गई है।जिले के साथ सरकार की सौतेलापन के खिलाफ हमें अपना संघर्ष को तेज करना होगा।हमारे जनप्रतिनिधि चुनाव में अपने क्षेत्र को स्वर्ग बनाने की झूठा सपना तो दिखाए। इसलिए किसान सबसे ज्यादा उपेक्षित और अपमान की जिंदगी जीने को विवश है। हमें बताना होगा कि किसान सिर्फ अन्नदाता ही नहीं वोटदाता भी है। तभी हमारी जिंदगी में अमूल परिवर्तन होगा। किसान विरोधी अपने पूर्व के तीन कृषि कानूनों को किसान आंदोलन के दवाब में वापस लिया। मगर बीज बिल और बिजली बिल विधेयक के रूप में देश के ऊपर पुनः उसे थोपना चाहती है। जिसके खिलाफ संपूर्ण देश के किसान आज संगठित होकर सड़क पर उतरने को मजबूर है। 11 जनवरी को दिल्ली में संयुक्त किसान मोर्चा इसके खिलाफ एक बड़े आंदोलन का आह्वान करने वाली है। धरना सभा की अध्यक्षता खम्हार पैक्स अध्यक्ष उमेश सिंह ने की। मंच संचालन बेगूसराय कॉपरेटिव बैंक के निदेशक मंडल सदस्य राम नरेश महतो ने किया।बछबाड़ा व्यापार मंडल के अध्यक्ष शशि शेखर राय, निदेशक मंडल सदस्य भूषण महतो, संजीव पासवान, पैक्स अध्यक्ष रामचरित्र महतो, पंकज कुमार वर्मा, शंकर ईश्वर,महेश कुमार महतो, राजीव कुमार देव, सिकंदर चैधरी, प्रमोद कुमार वर्मा, पुनपुन कुमार, भगवान लाल राय, सर्वेश कुमार, कृष्ण नारायण सिंह,आशीष कुमार, रोशन कुमार, प्रशांत कुमार,शंकर प्रसाद महतो, रंजन कुमार सिंह, कुलदेव शर्मा, मनोहर महतो, चंद्रशेखर महतो, अनिल कुमार यादव, इंद्रदेव दास, महेश महतो, अनुराग आनंद, सुबोध कुमार, संजीव कुमार, गौरी शंकर राय एवं अवधेश सिंह, किसान नेता संतोष ईश्वर बरौनी डेयरी के निदेशक मंडल के सदस्य दीपक कुमार ने धरनार्थियों को संबोधित किया। अनिश्चितकालीन धरना में आज बखरी अनुमंडल के साथी धरना पर बैठे है। 6 जनवरी को मंझौल अनुमंडल के साथी धरना पर बैठेंगे। रात्रि में भी दर्जनों साथी धरना पर रहेंगे।

# माउंट लिट्रा स्कूल ने सर्दियों में शुरू की ऑनलाइन क्लास

**बेगूसराय/नबिटा ब्यूरो**। जिले में लगातार बढ़ती ठंड और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सरकारी एवं निजी विद्यालयों को बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे में किड्जी व माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल, उलाव, बेगूसराय ने विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो। इसके लिए ऑनलाइन कक्षाओं की शुरुआत कर दी है।विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि प्रतिकूल मौसम की स्थिति में भी बच्चों की शिक्षा निरंतर चलती रहनी चाहिए। ऑनलाइन माध्यम के जरिए विद्यार्थी घर पर रहकर सुरक्षित रूप से नियमित अध्ययन कर रहे हैं। इस संबंध में विद्यालय के निदेशक डॉ मनीष देवा ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। बढ़ती ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए हमने ऑनलाइन कक्षाओं की व्यवस्था की है। ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो और वे सुरक्षित रहते हुए शिक्षा प्राप्त कर सकें। वहीं विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ शीतल ने कहा कि ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि विद्यार्थी घर पर रहकर सुरक्षित रूप से नियमित अध्ययन कर सकें। शिक्षक पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ डिजिटल माध्यम से बच्चों को पढ़ा रहे हैं। जिससे उनकी शैक्षणिक निरंतरता बनी हुई है। विद्यालय द्वारा ऑनलाइन कक्षाओं के लिए निर्धारित समय-सारिणी एवं नियमों का पालन किया जा रहा है, ताकि शिक्षण व्यवस्था सुचारु और अनुशासित बनी रहे। शिक्षक एवं अभिभावकों ने भी विद्यालय की इस पहल की सराहना की है।

# 'प्रगति' से दस वर्षों में 85 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मिली गति : पीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सक्रिय शासन और समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए आईसीटी आधारित बहु-मोडल मंच प्रगति की 50वीं बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक सहयोगी और परिणामोन्मुख शासन की एक दशक लंबी यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में सामने आई। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रगति ने पिछले दस वर्षों में 85 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और सुधार की रफ्तार बनाए रखने तथा परिणाम सुनिश्चित करने के लिए यह मंच अत्यंत आवश्यक है। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने सड़क, रेलवे, बिजली, जल संसाधन और कोयला क्षेत्रों से जुड़ी पांच प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं की समीक्षा की, जो पांच राज्यों में फैली हुई हैं और जिनकी कुल लागत 40,000 करोड़ रुपये से अधिक है। उन्होंने कहा कि लंबित परियोजनाओं को राष्ट्रीय हित में पुनर्जीवित कर पूरा किया गया है और इससे देरी, लागत वृद्धि और समन्वय की कमी जैसी समस्याओं में उल्लेखनीय कमी आई है। प्रधानमंत्री ने पीएम श्री योजना की



समीक्षा करते हुए कहा कि इसे समग्र और भविष्य के अनुकूल स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय मानक के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसका क्रियान्वयन केवल अवसंरचना तक सीमित न होकर परिणामोन्मुख होना चाहिए। उन्होंने सभी मुख्य सचिवों से योजना की नियमित निगरानी करने और पीएम श्री स्कूलों को राज्य सरकार के अन्य स्कूलों के लिए मानक बनाने की दिशा में प्रयास तेज करने का आग्रह किया। साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को क्षेत्रीय दौरे कर स्कूलों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने का सुझाव दिया। प्रधानमंत्री ने बताया कि 2014 से अब तक प्रगति के तहत 377 परियोजनाओं की समीक्षा की गई, जिनसे जुड़े 3,162 मुद्दों में से 2,958 यानी लगभग 94 प्रतिशत का समाधान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि कई परियोजनाएं जो दशकों से अटकी थीं, उन्हें प्रगति मंच के माध्यम से पूरा किया गया या निर्णायक रूप से आगे बढ़ाया गया। इनमें असम का बोगीबील रेल-सड़क पुल, जम्मू-उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक, नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, भिलाई इस्पात संयंत्र का आधुनिकीकरण तथा गदरवारा और लारा सुपर थर्मल पावर परियोजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने प्रगति को सहयोगी संघवाद का सशक्त उदाहरण बताते हुए कहा कि यह मंच केंद्र और राज्यों को एक टीम के रूप में काम करने के लिए प्रेरित करता है और अलग-अलग काम करने की कार्यप्रणाली को समाप्त करता है। उन्होंने राज्यों से विशेषकर मुख्य सचिव स्तर पर सामाजिक क्षेत्र के लिए प्रगति जैसी व्यवस्थाओं को संस्थागत रूप देने का आह्वान किया। अगले चरण के लिए प्रधानमंत्री ने मंत्र दिया—सरल बनाने के लिए सुधार करें, कार्य-पूर्णता के लिए काम करें और प्रभाव डालने के लिए परिवर्तन करें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में प्रगति एक मजबूत उत्प्रेरक सिद्ध होगी और इसे और सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है।

## अवैध हथियार के साथ कुख्यात अपराधी धराया

**मधुबनी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले की फूलपरास थाना पुलिस ने बाइक लूट के एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने एक कुख्यात अपराधी को अवैध हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान फूलपरास थाना क्षेत्र के धौंसी गांव निवासी स्व. नारायण यादव के पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन जब्त किया है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बिहार के विकास में ...

ही किया था। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि 1975 के आपातकाल के दौरान सुशील मोदी जेल गए थे। उन्होंने हमेशा बिहार की आम जनता की आवाज को बुलंद किया। सुशील मोदी ने हमेशा मुखर होकर अपनी बातों को काफी गंभीरता से रखा और आम लोगों की आवाजों को बुलंद किया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि सुशील मोदी ने विद्यार्थी परिषद से लेकर बीजेपी के उपमुख्यमंत्री तक का लंबा और प्रेरणादायक सफर तय किया। डिप्टी सीएम सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि यह दिन बिहार बीजेपी के लिए व्यक्तिगत क्षति का दिन है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार और सुशील मोदी का आपसी रिश्ता बेहद मधुर था। वित्त विभाग में उन्हें सुशील मोदी का मार्गदर्शन और अनुभव प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने श्रद्धेय सुशील मोदी को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान बीजेपी के तमाम सांसद, मंत्री एवं विधायक मौजूद रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री एवं बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, विधान परिषद सभापति अवधेश नारायण सिंह, संगठन महामंत्री भिखू भाई दलसानिया, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, गिरिराज सिंह, पद्मश्री आर एन सिंह, बिहार के सह प्रभारी दीपक प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, जीवेश कुमार, रविशंकर प्रसाद, राधामोहन सिंह, मंगल पांडे, प्रेम कुमार, राम कृपाल यादव सहित बीजेपी के दर्जनों विधायक, सैकड़ों कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे। इस समारोह में मुकेश हिसारिया, मनीष बनेटिया, निशा भगत,रश्मि कुमारी, मारवाड़ी हेल्थ सोसासाइटी के राधेश्याम बंसल, आशीर्वाद सैवा समिति ट्रस्ट के प्रिंस कुमार राजू जी, साईं की थाली के अशोक शर्मा, रेशमा प्रसाद और देव प्रकाश को सम्मानित किया गया। पद्म भूषण सम्मान एवं पटना में सुशील मोदी के प्रतिमा के अनावरण के लिए कार्यक्रम संयोजक संजय गुप्ता ने केंद्र सरकार एवं बिहार सरकार का धन्यवाद एवं आभार किया। सुशील कुमार मोदी स्मृति शोध संस्थान के प्रमुख संजय गुप्ता और अन्य ने आगंतुकों को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया।

### एसटेट में 2.56 लाख...

परीक्षार्थियों ने एग्जाम दिए थे, जिसमें से 1. 02 लाख स्टूडेंट पास हुए हैं। इनका रिजल्ट 52 प्रतिशत रहा है। बीएसइबी के अध्यक्ष आनंद किशोर के मुताबिक दोनों पेपर मिलाकर 57% स्टूडेंट पास हुए जबकि पिछली बार 70.25% कैंडिडेट पास हुए थे। यानी पिछली बार के मुकाबले करीब 13% रिजल्ट हुए। पिछले साल के रिजल्ट की बात करें तो 2024 में 2 लाख 97 हजार उम्मीदवार ने क्वालिफाइ किया था।

### बिहार में छह लाख...

मुद्दा-समाधान दर प्राप्त हुई है। वर्तमान में केवल 11 मुद्दे लंबित हैं, जिन पर सक्रिय रूप से कार्य किया जा रहा है। सबसे अधिक समस्याएं भूमि अधिग्रहण से जुड़ी थीं, जिनकी संख्या 167 रही। इसके अलावा वन एवं पर्यावरण स्वीकृतियों से जुड़े 32 मुद्दे सामने आए। श्री चौधरी ने बताया कि राज्य की कई एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं पर भी तेजी से काम चल रहा है। सिलिगुड़ी-गोरखपुर, पूर्णिया-खगड़िया, पटना-पूर्णिया, बक्सर-भागलपुर और हल्दिया-रक्सौल एक्सप्रेस-वे की परियोजनाएं भी प्राथमिकता में हैं। कोसी-मेची लिंक पर बराज का निर्माण लगभग पूरा हो गया है।

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं. डीटीई_जेएमपी_14/25-26, दिनांक 02.01.2026, सहायक नगर अभियंता, पूर्व रेलवे, जमालपुर वर्कशॉप, जिला-मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: कार्य का नाम : "एटीई/जमालपुर के अधीन जमालपुर वर्कशॉप में कार्यालय एवं पाइप लाइन कनेक्शन आदि सहित पंप हाउस का निर्माण"। विज्ञापित निविदा मूल्य : रु.78,46,273/-, बयाना राशि: रु. 1,56,900/-, खुलने की तिथि: 30.01.2026, कार्य की समापन अवधि: 12 (बारह) माह। विवरण यहाँ उपलब्ध है: www.ireps.gov.in

MISC-350/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# आपूर्ति पदाधिकारी की अनुपस्थिति पर निंदा प्रस्ताव पारित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह(औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को बीडीसी की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख ने की। बैठक में गोह विधायक अमरेंद्र कुशवाहा विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गयी। शिक्षा, स्वास्थ्य, जीविका बाल विकास परियोजना, विद्युत विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, कृषि, पीएचइडी समेत अन्य विभागों द्वारा संचालित विकास योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। सदस्यों ने कई योजनाओं में प्रगति धीमी होने पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की अनुपस्थिति को लेकर सदस्यों ने कड़ी नाराजगी जतायी। बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर उनकी कार्यशैली पर सवाल उठाये गये और सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की मांग की गयी। सदस्यों का कहना था कि जन वितरण प्रणाली से जुड़ी समस्याओं को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही हैं, ऐसे में अधिकारी का बैठक से अनुपस्थित रहना जनहित की अनदेखी है। वित्तीय मामलों पर चर्चा करते हुए 15वीं वित्त आयोग की राशि से 80 लाख रुपये तथा षष्टम वित्त आयोग की राशि से 68 लाख रुपये की योजनाओं को पारित किया गया। इन योजनाओं के तहत पंचायतों में सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता समेत बुनियादी सुविधाओं के विकास कार्य कराये जाने का प्रस्ताव रखा गया। विधायक ने कहा कि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता रखें और समय पर कार्य पूरा करें। प्रखंड प्रमुख खुशबू कुमारी ने कहा कि बीडीसी बैठक जनसमस्याओं के समाधान का महत्वपूर्ण मंच है। इसमें उठाए गए मुद्दों पर गंभीरता से कार्रवाई की जायेगी। बैठक में बीडीसी सदस्य, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

**e-Procurement Cell**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,**

**e-Procurement Notice, (Short Notice)**

Tender Ref. No.-24/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26-Date: 03.01.2026

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Postmortem House at Hussainabad, Daltonganj, Dist:- Palamu. | 58,22,500.00 | 09 Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 16-01-2026 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 24-01-2026 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि/समय | 27-01-2026 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9430783582 | |
| vi | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9529503499 | |

- इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj

PR 370047 Building(25-26)#D

## बिहार में खुलेंगे पांच जेन-जी डाकघर

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य के युवाओं को डाकघरों से जोड़ने और पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल देने के उद्देश्य से बिहार में जल्द ही पांच जेनजी डाकघर खोले जाएंगे। ये डाकघर पूर्वी भाग, उत्तरी भाग और गया क्षेत्र में स्थापित किए जाएंगे। मार्च महीने तक भागलपुर और मुजफ्फरपुर में दो-दो जेनजी डाकघर, जबकि गया में एक जेनजी डाकघर खोलने की योजना है। जेनजी डाकघरों का मकसद युवाओं को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ना है ताकि वे पढ़ाई के साथ नई तकनीक का इस्तेमाल कर सकें और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। यहां युवाओं के लिए पढ़ने-लिखने, चर्चा करने और सीखने का अनुकूल माहौल तैयार किया जाएगा। डाक निदेशक पवन कुमार ने बताया कि जेनजी डाकघरों के जरिए युवाओं के व्यक्तित्व विकास पर खास ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए डाकघरों को आकर्षक रंगों और आधुनिक डिजाइन में सजाया जाएगा। यहां युवाओं के लिए आरामदायक कुर्सियां, कॉफी मेकर मशीन, अखबार, मैग्जीन और जरूरी किताबें उपलब्ध रहेंगी। इसके अलावा फ्री वाई-फाई की सुविधा भी दी जाएगी, जिससे युवा ऑनलाइन स्टडी मटीरियल का लाभ उठा सकेंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र में दर्दनाक सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक क्रिकेट मैच देखकर घर लौट रहे थे तभी रास्ते में हुए हादसे का शिकार हो गए। इस घटना के बाद मृतकों के परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। पुलिस ने मृतकों की पहचान राजपुर कुंवर टोला निवासी चंद्रिका कुमार साह और दूसरे युवक की पहचान राजू कुमार पटेल के रूप में की है।

## सेंट्रल जेल में सजा काट रहे कैदी की मौत

**भागलपुर (नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय सेंट्रल जेल में हत्या के मामले में सजा काट रहे 60 साल के बंदी सदानंद यादव का रविवार देर रात मायागंज अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। सदानंद यादव भागलपुर के केंद्रीय शहीद जुब्बा साहनी कारा में बंद था। कारा प्रशासन के अनुसार कैदी को एक जनवरी को अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई थी। इसके बाद उसे तत्काल मायागंज अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। करीब तीन दिनों तक चले इलाज के बाद रविवार देर रात अंतिम सांस ली। मृतक बंदी मूल रूप से खगड़िया जिले के गोगरी जमालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शेरगढ़ा गांव के निवासी था।

## राम जानकी शिव मंदिर से अष्टधातु की मूर्तियां ले उड़े चोर

**छपरा/मशरक (नबिटा संवाददाता)।** मशरक थाना परिसर से सटे प्राचीन रामजानकी शिव मंदिर में अज्ञात चोरों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए राम, सीता और लक्ष्मण की अष्टधातु की कीमती मूर्तियां चोरी कर लीं। चोरी की यह घटना सोमवार की देर रात की बताई जा रही है। मंदिर के पुजारी टुन्ना बाबा ने बताया कि सुबह जब वे मंदिर पहुंचे तो देखा कि गर्भगृह का ताला कटा हुआ है और मंदिर के अंदर सामान बिखरा पड़ा है। साथ ही भगवान राम, सीता और लक्ष्मण की अष्टधातु की मूर्तियां गायब थीं। चोर मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे की हार्ड डिस्क और मशीन भी उखाड़कर ले गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। मंदिर परिसर से कुछ दूरी पर दलित टोला के पास ताला काटने वाला कटर और भगवान के वस्त्र लावारिस हालत में मिले हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि मूर्तियां सैकड़ों वर्ष पुरानी और लाखों रुपये मूल्य की हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। इस बीच डीआइजी सह वरीय एसपी डॉ. कुमार आशीष ने स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को शीघ्र उद्भेदन और मूर्ति बरामदगी के निर्देश दिए हैं। साथ ही लापरवाही बरतने के आरोप में रात्रि गश्ती दल में तैनात सहायक अवर निरीक्षक जितेंद्र चौधरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही अन्य दोषी और लापरवाह कर्मियों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

**जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा**
**(सदर अस्पताल परिसर गढ़वा)**
**Mail ID: cs.garhwa@gmail.com**

**Extention in Last date for rate contract of Commercial Vehicle Hire**

For Extention in Last date for rate contract of Commercial Vehicle Hire Tender No. GAR/2025-26/Tender-04 Dated :- 22.12.2025

It is hereby notified that due to administrative reason, the Last date for rate contract of Commercial Vehicle Hire Tender No. GAR/2025-26/Tender-04 Dated :- 22.12.2025 has been extended as detailed below.

I. Last date for rate contract for Commercial Vehicle Hire: 15.01.2026 by 5.00 P.M
II. Date & Time of Opening of Technical Proposal : 16.01.2026 by 3.00 P.M
III. Date & Time of Opening of Financial Proposal : 19.01.2026 by 3.00 P.M

Other Terms & conditions remains the same.

PR 370044 Health Med Edu and Family Welfare(25-26).D

Civil Surgeon-Cum-
Chief Medical Officer Garhwa (Jharkhand)

**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि विभाग)**
कार्यालय :- जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा
पता- संयुक्त कृषि भवन, पिपरा कलां, गढ़वा 822114

**किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना**

किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि राज्य में Digital Crop Survey (डिजिटल फसल सर्वेक्षण) कराया जा रहा है, जिसके लिए सर्वेक्षणकर्ता आपके प्लॉट पर जा कर Online Longitude Latitude के अनुसार आपके प्लॉट का सर्वे/सर्वेक्षण करेंगे। अनुरोध है कि आप सभी लोग सर्वेयर के कार्यों में सहयोग कर इस कार्य को सफल बनायेंगे।

सभी जनप्रतिनिधियों से निवेदन है कि अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराकर किसानों को जागरूक करने एवं इस कार्य को सफल बनाने में कृपा करेंगे।

साथ ही गढ़वा जिला के वैसे ग्रामीण युवा जिनके पास Android Mobile हो एवं जो Surveyor बनना चाहते हों, अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड तकनिकी प्रबंधक/सहायक तकनिकी प्रबंधक से सम्पर्क कर बैंक खाता विवतरणी (Account No, IFSC Code Bank Name & Branch Code) मोबाईल नं0 आधार नं0 एवं शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र आदि देकर Private Surveyor हेतु पंजीकृत हो सकते हैं। Surveyor को सर्वेक्षण हेतु 10 रू0 प्रति प्लॉट प्रोत्साहन राशि देय होगा।

अधिक जानकारी के लिए अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं जनसेवक से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला कृषि पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 370016 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department (25-26)_D

**कार्यालय,नगर पचांयत, छत्तरपुर (पलामू)**
**पता:-अनुमंडल कार्यालय, छतरपुर के पिछे, जिला-पलामू, झारखण्ड-822113]**
**[E-Mail: np.chhattarpur2018@gmail.com]**

**बोरवेल रिग मशीन निबंधन हेतु सूचना**

छतरपुर नगर पंचायत की बोर्ड की बैठक की में लिए गए निर्णय के आलोक में डीप/सामान्य बोर करने हेतु बोरवेल रिग मशीन (बोर करने वाले वाहन मालिक) के वाहन मालिकों/नगरवासियों को सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पेयजल हेतु सामान्य/डीप बोर करने हेतु, नगर पंचायत, छतरपुर में शूल्क जमा कराकर अनुज्ञप्ति/अनापत्ति लेना अनिवार्य है। नगर पंचायत कार्यालय के बिना अनुमति के नगर क्षेत्र में बोरिंग करना/कराना नगर पालिका अधिनियम 2011 की धारा 209 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है। इस हेतु सामान्य डीप/सामान्य बोर कराने वाले व्यक्ति को 1000/- (एक हजार) रूपये मात्र एवं डीप बोर कराने वाले व्यक्ति को 5000/-(पॉच हजार) रूपये का शूल्क निर्धारित है। अतएव नगर पंचायत क्षेत्र में बोरिंग करने/कराने से पूर्व नगर पंचायत कार्यालय से अनुमति लेना अनिवार्य है।

वैसे सामान्य/डीप बोर करने वाले वाहन मालिक जो बिना अनुमति के बोरिंग करते पाये जाते है तो उनपर कार्रवाई करते हुए डीप बोर पर 50,000/-(पच्चास हजार) रूपये मात्र एवं सामान्य बोर पर 5000/- (पॉच हजार) रूपये मात्र राशि का जुर्माना के तौर पर नगर पंचायत कार्यालय, छतरपुर में जमा कराने होंगे।

**निबंधन की तिथि दिनांक-05.01.2026 से 15.01.2026 तक।**

**बोरवेल रिग मशीन (सरकारी/गैर सरकारी) के निबंधन हेतु नियम एवं शर्तें:-**

1. बोरवेल वाहन निबंधन से संबंधित **कागजात जमा करना अनिवार्य होगा।**
2. प्रदुषण से संबंधित **कागजात जमा करना अनिवार्य होगा।**
3. बीमा से संबंधित **कागजात जमा करना अनिवार्य होगा।**
4. वाहन मालिक का आधार कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र जाम करना होगा।
5. वाहन चालक का ड्राईविंग लाईसिंग एवं आधार कार्ड जमा करना होगा।
6. अद्यतन चरित्र प्रमाण-पत्र जमा करना होगा।
7. निबंधन हेतु 46,304/-(छेयालिस हजार तीन सौ चार) रूपये के डिमाण्ड ड्राफ्ट झारखण्ड राज्य ग्रामीण/भारतीय स्टेट बैंक का जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, छतरपुर के पद नाम से देय होगा, जमा करना होगा।
8. एक से अधिक वाहनों के निबंधन नहीं होने पर स्वतः रद्द समझा जायेगा।
9. उपरोक्त सभी कागजात जमा करने संबंधी शपथ-पत्र जमा करना अनिवार्य होगा।

कार्यापालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, छतरपुर

PR 369995 District(25-26).D

**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
**Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH**
**Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in**
**Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)**
**Address-Sudna, Daltonganj / e-mail : gmtzdal@gmail.com**

**e-Tender Notice**

e-Tender in two parts i.e. technical (Part–I) and Financial (Part-II) is invited from reputed, capable , experienced and financially sound contractors for the under mentionedwork:-

| Sl. No. | e-N.I.T. No. | Description of works | e-tender fee (RS.) (non-refundable) including GST 18% | E. M. Deposit (RS.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 668/PR/JUSNL/ 2025-26 | Procurement of day to day use materials for maintenance work of 132/33 KV Grid Sub-Station Daltonganj. | 5,900.00 | 60,500.00 |
| 2. | 669/PR/JUSNL/ 2025-26 | Painting of Tower footing of Tower leg in 132KV D/C Rihand-Garhwa Road Transmission Line under Transmission Sub Division Garhwa Raod. | 2,950.00 | 24,500.00 |
| Availability of Tender Documents on e-Tender website | | | From 08.01.2026 at 02.00 PM to 29.01.2026 at 04.00 PM | |
| Start Date & Time of upload of BID | | | 08.01.2026 at 02.00 PM | |
| End date and time of upload of BID | | | 29.01.2026 at 04.00 PM | |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | | | 30.01.2026 at 04.00 PM | |
| BID Opening date for Price Part | | | Will be communicated later on | |
| Tender Inviting Authority and address for communication | | | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near SinchaiVibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand | |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 8271433009 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/- General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR.NO.370028 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।**
**अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

1.ई0-निविदा संख्या- EE/RDSD/Palamau/ F2 - 03/ 2025-26

| S. No. | Group No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 01 | पलामू जिला के प्रखंड छतरपुर के पंचायत हुलसम के ग्राम तारूदाग अलियास हिन्दी के तारूदाग परहिया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 2 | 02 | पलामू जिला के प्रखंड नौडीहा बाजार के पंचायत करकटा के ग्राम पाल्हे में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 3 | 03 | पलामू जिला के प्रखंड नौडीहा बाजार के पंचायत करकटा के ग्राम गोरहो में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 08.01.2026 (05:00 PM से)
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 08.01.2026 (अपराह्न 5:00 PM से दिनांक 17.01.2026 को 5:00PM तक।
4. ई-निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पलामू।
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 19.01.2026 अपराह्न 4:00 PM बजे।
6. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562-355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल पलामू।

PR 369997 Rural Development(25-26)D

# समय पर कार्य नहीं तो होगी कार्रवाई : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** मंडे फॉलो-अप मीटिंग एवं जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों, योजनाओं एवं लंबित मामलों की गहन समीक्षा की गई तथा विभागवार प्रस्तुत एजेंडा का पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अवलोकन करते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में सर्वप्रथम मंडे फॉलो-अप मीटिंग के अंतर्गत संबंधित विभागवार एजेंडा का अवलोकन किया गया एवं निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। तत्पश्चात जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में लोक शिकायत निवारण अधिनियम अंतर्गत जिला स्तर, सदर अनुमंडल तथा दाउदनगर अनुमंडल स्तर पर प्राप्त लंबित परिवादों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि सीपीग्राम्स पर 36, ई-डैशबोर्ड पर 255 तथा जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम से संबंधित 97 आवेदन लंबित हैं। जिला पदाधिकारी द्वारा इन सभी लंबित मामलों का विभागवार अवलोकन किया गया एवं संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि लंबित आवेदनों का यथाशीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा के दौरान पाया गया कि औरंगाबाद जिला इस मामले में पूरे राज्य में सबसे निचले पायदान पर है। इसपर जिला पदाधिकारी द्वारा अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी से राज्य की सबसे निचली रैंकिंग में रहने के कारणों की जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने राज्य स्तरीय रैंकिंग में अपेक्षित सुधार लाने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त जिला पदाधिकारी द्वारा जिला स्तर पर आयोजित जनता दरबार के लंबित एवं निष्पादित मामलों का प्रतिवेदन भी आगामी बैठक से प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया। लोक सेवा के अधिकार (आरटीपीएस) अंतर्गत विभिन्न सेवाओं जैसे आवासीय, जाति, आय, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र सहित जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र आदि से संबंधित लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने स्तर पर लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। साथ ही पेंशन, पारिवारिक लाभ, राशन कार्ड (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) तथा एलपीसी से संबंधित लंबित आवेदनों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से राशन कार्ड संबंधी मामलों में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए सदर एवं दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारियों को शीघ्र अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। बैठक के दौरान जिला विधि शाखा में लंबित सीडब्ल्यूजेसी एवं एमजेसी वादों की विभागवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को ससमय प्रति-शपथ-पत्र दायर कर विधि शाखा में प्रतिवेदन उपलब्ध कराने तथा अपने-अपने न्यायालयीन वादों की नियमित मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया। ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा के क्रम में जल-जीवन-हरियाली योजना अंतर्गत संचालित कार्यों—सार्वजनिक तालाबों का जीर्णोद्धार, आहर-पईन, चेक-डैम, नए जल स्रोतों का सृजन, कुओं का नवीनीकरण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, पौधशालाओं की स्थापना, सघन वृक्षारोपण एवं जैविक खेती—की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में चापाकलों के समीप सोखता निर्माण के 1010 लक्ष्यों के विरुद्ध 605 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। सार्वजनिक तालाबों के जीर्णोद्धार में 44 लक्ष्यों के विरुद्ध 32 योजनाओं का कार्य पूर्ण किया गया है, जबकि सार्वजनिक आहर एवं पईन के जीर्णोद्धार में शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति हो चुकी है। जिलाधिकारी द्वारा शेष लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। पीएचईडी विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि पंचायत राज विभाग द्वारा हस्तांतरित वार्डों में छूटे हुए कुल 1163 टोलों में से 930 टोलों के लिए एनओसी प्राप्त हो चुकी है, जबकि 233 टोलों के लिए एनओसी निर्गत किया जाना शेष है। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अंचल अधिकारियों को शेष एनओसी शीघ्र निर्गत करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी, वरीय उप समाहर्ता बेवी प्रिया, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) विनीता कुमारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हत्या सहित अन्य मामलों में 22 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटे में कई कार्रवाई की है। पुलिस ने अलग-अलग मामलों में 22 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई है। इस क्रम में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 6 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के शीर्ष में 1, हत्या के प्रयास में 3, शराब में 2 एवं अन्य शीर्ष कांड में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 15.75 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 945 वाहनों की जांच की गई जिसमें 43500 रूपये बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार जिले में मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार की देर शाम कार्रवाई के फलस्वरूप अलग-अलग थाना क्षेत्र से 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 6 लोगों को जेल भेजा गया है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा ताकि जिले में शांति व्यवस्था कायम रहे। तथा अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

## निर्धारित लक्ष्यों की ओर अग्रसर है उत्तर कोयल परियोजना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा जिले के मदनपुर प्रखंड अंतर्गत उत्तर कोयल परियोजना के राइट मेन कैनाल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य परियोजना अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना एवं कार्यों की गुणवत्ता का आकलन करना था। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न स्थलों पर चल रहे कार्यों का अवलोकन किया गया। इस क्रम में खुदाई कार्य, सबग्रेड सामग्री का बिछाव, तथा नहर की पीसीसी लाइनिंग का कार्य प्रगति पर पाया गया। उन्होंने परियोजना के तकनीकी एवं प्रशासनिक दोनों पहलुओं की विस्तार से समीक्षा की तथा निर्माण कार्य की गति और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया। परियोजना स्थल पर उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि नहर को जलरोधी (वॉटर-टाइट) बनाने के लिए नवीन तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सबग्रेड और कंक्रीट लाइनिंग के बीच एलडीपीई शीट का प्रयोग किया जा रहा है। साथ ही जल निकासी की व्यवस्था के लिए जीआई परफोरेटेड पाइप एवं नॉन-वोवन जियो-सिंथेटिक फिल्टर से लिपटे पोरस स्लीपर का उपयोग किया जा रहा है जिससे जल रिसाव की समस्या को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सके। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं कार्य की संतोषजनक प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि परियोजना निर्धारित लक्ष्यों की ओर अग्रसर है। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ स्थलों पर आसपास के खेतों से अधिक जल रिसाव की समस्या देखी गई है, जिसे नहर में जल स्तर कम होने के पश्चात प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकेगा। निरीक्षण के क्रम में जिलाधकारी ने संबंधित कार्य एजेंसियों एवं पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। इससे क्षेत्र में कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी तथा किसानों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। मौके पर पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव एवं संबंधित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एनपीजीसीएल प्रबंधन ने की जाम और प्रदूषण से राहत दिलाने की पहल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारून (औरंगाबाद)।** बारून-नबीनगर की सीमा पर स्थित बीआरबीसीएल और एनपीजीसीएल बिजली परियोजनाओं से निकलने वाले फ्लाई ऐश (राख) के कारण बारून-नबीनगर मुख्य सड़क पर आवागमन में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फ्लाई ऐश लदी गाड़ियों के लगातार परिचालन से सड़क पर राख गिर रही है, जिससे कई स्थानों पर जाम की स्थिति बनी रहती है और आम लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। इस समस्या को देखते हुए एनपीजीसीएल प्रबंधन ने पहल करते हुए बारून-नबीनगर सड़क पर सुरक्षा गार्ड की तैनाती की है, ताकि जाम की स्थिति उत्पन्न न हो और लोगों को राहत मिल सके। सुरक्षा गार्डों को विशेष रुप से उन स्थानों पर तैनात किया गया है, जहां अक्सर जाम की समस्या बनी रहती थी। एनपीजीसीएल में कार्यरत एम. राणा ने बताया कि मेह पुल से लेकर बारून तक कुल छह सुरक्षा गार्ड लगाए गए हैं। ये गार्ड यातायात को सुचारु रखने के साथ-साथ सड़क पर जाम नहीं लगने देंगे और लोगों को जाम की समस्या से निजात दिलाने का कार्य करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि फ्लाई ऐश से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए एनपीजीसीएल द्वारा लगातार पानी का छिड़काव भी कराया जा रहा है। इसके लिए नौ ट्रैक्टर टैंकर और एक ट्रक टैंकर की व्यवस्था की गई है। साथ ही सड़क की नियमित सफाई के लिए जेसीबी मशीन भी लगाई गई है, ताकि सड़क पर गिरे राख को हटाया जा सके और यातायात को सुरक्षित बनाया जा सके। एनपीजीसीएल प्रबंधन की इस पहल से स्थानीय लोगों को जाम और प्रदूषण की समस्या से कुछ हद तक राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## दुर्गापुर की टीम ने मारी बाजी



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के गेट स्कूल मैदान सोमवार को जमालपुर एवं दुर्गापुर के बीच खेला गया। उदघाटन पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह ने किया। 90 मीनट के मैच में पहले हाफ में जमालपुर की टीम का खिलाड़ी सुरज कुमार ने पहला गोल मारा। अपनी टीम को 1-0 बढ़त दिला दी। दुर्गापुर की टीम के सोनु ने गोल कर मैच को 1-1 के बराबरी पर ला दिया। दूसरा हाफ में जमापुर के मो. अली ने अपनी टीम के लिए दूसरा गोल कर बढ़ दिला दी। 72वें मीनट पर दुर्गापुर के विप्लव ने गोल कर टीम को बराबरी पर ला दिया। मैच में रोमांच अपने शिखर पर था। दुर्गापुर के गोपाल ने 80वें मीनट पर गोल कर टीम को 3-2 बढ़त दिला दी। इस प्रकार दुर्गापुर की टीम 3-2 से मैच को जीत लिया। मैन आफ द मैच दुर्गापुर के सोनु कुमार को पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह ने प्रदान किया। पूर्व विधायक श्री सिंह ने कहा कि औरंगाबाद में बेहतर खेल का माहौल तैयार हो रहा है। यहां खेल के क्षेत्र खिलाड़ी बेहतर कर रहे हैं। इस दौरान टूर्नामेंट के सचिव मो फकरूद्दीन, कांग्रेस नेता अजय सिंह, नरेश यादव, मनोज कुमार उर्फ गुरूजी, हरिओमजी, अजय यादव, मो. जमाल, धीरज कुमार, सत्येंद्र सिंह सरपंच आदि मौजूद रहे।

## स्कूल से एमडीएम का चावल चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह।** गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय में रविवार की रात अज्ञात चोरों ने खिड़की तोड़कर मध्याह्न भोजन (एमडीएम) के लिए रखा गया चावल चुरा लिया। चोर विद्यालय के भंडार कक्ष में रखे नौ बोरे चावल लेकर फरार हो गये। घटना की जानकारी सोमवार को सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में रोष देखा जा रहा है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कुमारी रागनी ने बताया कि सोमवार की शाम करीब चार बजे उन्होंने डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद स्थानीय थाने को आवेदन देकर चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। उन्होंने कहा कि एमडीएम के लिए रखा गया चावल बच्चों के पोषण से जुड़ा है, ऐसे में इस तरह की चोरी गंभीर चिंता का विषय है। इधर, मामले को लेकर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है, ताकि चोरों की पहचान की जा सके। घटना के बाद स्थानीय लोगों में पुलिस व्यवस्था को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर चोरी हुई है, उसके आसपास अक्सर नशेड़ियों और जुआरियों का जमावड़ा लगा रहता है।

